आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 39°C | 28°C |

इनसाइड न्यूज

भारत के लिए 85 प्रतिशत कच्चा माल चीन से आता है, भारत

उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

शुक्रवार 06 दिसंबर, 2024 / पेज: 12 / मूल्य: ₹3.00/- लखनऊ वर्ष: 16, अंक: 55 www.janexpresslive.com/epaper



महाराष्ट्र में 'देवेंद्र' सरकार... 12

# गलतफहमी में मत रहिए, बंटेंगे तो कटेंगे: योगी

## 500 वर्ष पहले बाबर के सिपहसालार ने अयोध्या, संभल में जो कृत्य किया था और आज जो बांग्लादेश में हो रहा है, तीनों की प्रकृति-डीएनए एक जैसा: योगी

- मुख्यमंत्री ने रामकथा पार्क में किया 43वें रामायण मेला का शुभारंभ
- बांटने वालों की कई देशों में है प्रॉपर्टी, यहां संकट आया तो वे वहां भाग जाएंगे: सीएम

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहाकि कि 500 वर्ष पहले बाबर के सिपहसालार ने अयोध्या, संभल में जो कृत्य किया था और जो काम आज बांग्लादेश में हो रहा है, तीनों की प्रकृति-डीएनए एक जैसा है। कोई मानता है कि यह बांग्लादेश में हो रहा है तो गलतफहमी में न रहे। यहां भी बांटने वाले तत्व पहले से खड़े हैं। वे सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न और सामाजिक एकता को तोड़कर, आपको बांटकर फिर काटने व कटवाने का इंतजाम भी कर रहे हैं। बांटने वाले बहुत सारे लोग ऐसे हैं, जिन्होंने दुनिया के कई देशों में प्रॉपर्टी खरीद रखी है। यहां संकट आएगा तो वे वहां भाग जाएंगे और मरने वाले मरते रहेंगे, लेकिन हम प्रभु के आदर्शों से प्रेरणा लेकर उसके अनुरूप खुद को तैयार करते हुए पीएम मोदी के एक भारत-श्रेष्ठ भारत के निर्माण में योगदान देंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामायण मेला समिति द्वारा आयोजित 43वें रामायण मेला का गुरुवार को रामकथा पार्क में शुभारंभ किया। इस दौरान सीएम ने पुस्तिका का विमोचन भी किया। सीएम ने रामायण मेला समिति को आश्वस्त किया कि अयोध्या में कुछ नया लेकर आइए, सरकार सदा आपके साथ है। उन्होंने रामायण पर शोध की आवश्यकता पर बल दिया। सीएम ने कहा कि अयोध्या धाम को पुरातन गौरव प्राप्त हो। इसके लिए सरकार नित कार्य कर रही है। इस अवसर पर मणिराम दास छावनी के महंत व आयोजन समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष महंत कमलनयन दास जी महाराज, जगद्गुरु स्वामी रामदिनेशाचार्य जी महाराज, जगद्गुरु स्वामी राघवाचार्य जी महाराज, बड़े भक्तमाल मंदिर के महंत अवधेश कुमार दास जी महाराज, पूर्व सांसद डॉ. रामविलास वेदांती, सुनीता शास्त्री, कैबिनेट मंत्री सूर्य प्रताप शाही, नागा रामलखन दास, संयोजक आशीष मिश्र आदि मौजूद रहे।




### हमने जोड़ने को महत्व दिया होता तो तोड़ने वालों की रणनीति सफल नहीं होती

सीएम योगी ने कहा कि भगवान राम ने पूरे भारत व समाज को जोड़ने का कार्य किया। जोड़ने के कार्य को हमने महत्व दिया होता और सामाजिक विद्वेष-समाज को तोड़ने की दुश्मनों की रणनीति को सफल नहीं होने देते तो देश कभी गुलाम नहीं होता और न ही तीर्थ अपवित्र होते। मुट्ठी भर आक्रांताओं को भारत के वीर योद्धा रौंद डालते, लेकिन आपसी एकता में बाधा पैदा करने वाले सफल रहे। उन्हीं के जींस आज भी जाति के नाम पर राजनीति करने वाले सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न करने का प्रयास कर रहे हैं।

### दुनिया के लिए मार्गदर्शक है अयोध्या

सीएम योगी ने कहा कि अयोध्या ने हजारों वर्षों से विश्व कल्याण की मानवता का मार्ग प्रशस्त किया है। अयोध्या दुनिया के लिए मार्गदर्शक है। यहां कोई युद्ध करने का दुस्साहस नहीं कर सकता। राग-द्वेष से मुक्त अयोध्या दुनिया में चल रहे द्वंद्व के समाधान की भूमि है। प्रभु कृपा से अयोध्या धाम आज आध्यात्मिक व सांस्कृतिक रूप से वैश्विक नगरी के रूप में फिर से नई पहचान के साथ आगे बढ़ रहा है। जनवरी में पीएम नरेंद्र मोदी के करकमलों से 500 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद प्रभु फिर से राम मंदिर में विराजमान हुए हैं। 22 जनवरी को आयोजन अयोध्या में था, लेकिन उत्सव पूरा देश-दुनिया में मनाया जा रहा था।

### लोहिया जी कहते थे-जब तक श्रीराम, श्रीकृष्ण व भगवान शिव के प्रति आस्था रहेगी, भारत का कोई बालबांका नहीं कर पाएगा

सीएम योगी ने कहा कि यह रामायण मेला 1982 में प्रारंभ हुआ। इससे पहले समाजवादी चिंतक डॉ. राम मनोहर लोहिया ने अलग-अलग क्षेत्रों में रामायण मेला, रामायण उत्सव के कार्यक्रम प्रारंभ कराए। उनसे एक पत्रकार ने पूछा कि इतनी विषमता के बावजूद भारत एक कैसे है, तब उन्होंने कहा कि मैं मंदिर नहीं जाता, लेकिन दृढ़ विश्वास है कि जब तक भारत की आस्था तीन आराध्य देव (श्रीराम, श्रीकृष्ण व भगवान शिव) के प्रति बनी रहेगी, तब तक इसका कोई बालबांका नहीं कर पाएगा। इसकी एकता-अखंडता को कोई चुनौती नहीं दे पाएगा। भारत-भारत बना रहेगा। उन्होंने अपने उदाहरण से बताया कि आर्यवत की सीमा सीमित थी, लेकिन हजारों वर्ष पहले हमारे आराध्य श्रीराम ने इसे विस्तार दिया। भगवान श्रीकृष्ण ने पूरब को पश्चिम से जोड़ने का कार्य किया। भगवान शंकर ने द्वादश ज्योतिर्लिंग के माध्यम से सनातन एकता को सुदृढ़ किया। सीएम ने कहा कि अब के समाजवादी डॉ. लोहिया का आदर्शन नहीं मानते।

### जब एक फिट जमीन के लिए हो रहा कत्लेआम तो राम के आदर्श ही करने होंगे स्थापित

सीएम योगी ने कहा कि प्रभु के आदर्शों से प्रेरणा लेंगे तो जन्म और जीवन धन्य हो जाएगा। महाराज दशरथ ने श्रीराम से कहा कि तुम कैकैयी के वचन न मानो और यहां की गद्दी पर स्थापित हो। तब श्रीराम ने कहा कि ऐसा किया तो भावी पीढ़ी के सामने कौन सा आदर्श होगा। आज एक-एक फिट जमीन के लिए कत्लेआम हो रहा हो, भाई-भाई, पिता-पुत्र, मां-पुत्र, भाई-बहन के विवाद दिख रहे हैं तो रामायण के आदर्श कहां गए। जातीय संगठन सामाजिक व्यवस्था को तार-तार कर रहे हैं। आज भगवान राम व निषादराज की मैत्री को आखिर कौन जोड़ेगा। प्रभु श्रीराम ने चित्रकूट के सामाजिक जीवन को जीवंतता दी। सीएम ने श्रीराम के आदर्श की चर्चा करते हुए कहा कि वे किष्किंधा का राज्य जीतते हैं, लेकिन राज्याभिषेक सुग्रीव और लंका जीतते हैं तो राज्याभिषेक विभीषण का करते हैं। हमारी सरकार ने 56 फुट ऊंची प्रतिमा को श्रृंगवेरपुर में स्थापित किया है।

### जिनके मन में श्रीराम व मां जानकी के प्रति श्रद्धा का भाव नहीं, उसे त्याग देना चाहिए

सीएम योगी ने कहा कि श्रीराम के प्रति भारत का भाव क्या है, इसका अनुभव करना हो तो गांव-गांव में संत तुलसीदास द्वारा प्रारंभ किए गए रामलीलाओं का आयोजन देखिए। प्रभु राम के प्रति सनातन धर्मावलंबियों के भाव का अनुभव करना है तो 1990 के दशक को याद कीजिए, जब हर घर में टीवी नहीं थी, लेकिन लोग सूदूर जाकर दूरदर्शन पर रामायण सीरियल देखते थे। यह प्रभु राम के प्रति भारत की सनातन श्रद्धा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि जिसके मन में श्रीराम व मां जानकी के प्रति श्रद्धा व समर्पण का भाव नहीं हैं, उसे कट्टर दुश्मन की तरह त्याग देना चाहिए। 1990 में रामभक्तों ने भी नारा लगाया था, जो राम का नहीं-वो किसी काम का नहीं।

## जीएसटी की छापेमारी: मुजफ्फरनगर में टीम की गाड़ी पर पथराव, अफसरों से अभद्रता

**जन एक्सप्रेस । मुजफ्फरनगर**



उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में केंद्रीय जीएसटी की टीम ने राना स्टील पर छापा मारा। फैक्टरी से दस्तावेज लेकर भाग रहे पूर्व सांसद कादिर राना के बेटे को टीम ने मौके पर ही दबोच लिया। इसी दौरान फैक्टरी में मौजूद लोगों ने छुड़ाने की कोशिश की। इस दौरान टीम के सदस्यों के साथ फैक्टरी में मौजूद कर्मचारियों की नोकझोंक भी हुई। भारी पुलिस मौके पर पहुंची। फिलहाल सर्वे का कार्य जारी है। जीएसटी विभाग मेरठ की टीम के छापे के दौरान राना स्टील में फैक्टरी के कर्मचारियों ने टीम का घेराव कर हमला किया। बदसलूकी और उग्र व्यवहार कर जीएसटी टीम की गाड़ी पर पथराव की सूचना पर सिविल लाइन पुलिस मौके पर पहुंची। जीएसटी टीम की तहरीर के आधार पर पूर्व विधायक शाहनवाज राना और परिवार की दो महिलाओं को हिरासत में लिया गया है। उधर, कादिर राना के बेटे शाह मोहम्मद से भी पूछताछ की जा रही है। पूर्व सांसद का पुत्र राना स्टील के बराबर में लगी अन्य फैक्टरी से होते हुए बाहर जाने का प्रयास कर रहा था। वहां पर पहले से ही छापेमारी कर रही टीम के अधिकारियों ने उन्हें दबोच लिया।




## नया घर बनाना है तो सोलर पैनल लगवाना है

### पर्यावरण संरक्षण और बिजली की बचत के लिए लखनऊ विकास प्राधिकरण ने कारगर कदम उठाया है




- नए बनने वाले 1000 वर्ग फुट या इससे बड़े क्षेत्रफल के मकानों की छतों पर सोलर पैनल लगवाना अनिवार्य होगा
- हजार वर्ग फुट के मकान में न्यूनतम एक किलोवॉट का सोलर प्लांट लगवाना होगा
- प्लांट लगवाने का शपथपत्र दिए बिना एलडीए मकान का नक्शा पास नहीं करेगा
- पहले से बने मकानों के लिए यह व्यवस्था लागू नहीं होगी

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

पर्यावरण संरक्षण और बिजली की बचत के लिए लखनऊ विकास प्राधिकरण ने कारगर कदम उठाया है। नए बनने वाले 1000 वर्ग फुट या इससे बड़े क्षेत्रफल के मकानों की छतों पर सोलर पैनल लगवाना अनिवार्य होगा। हजार वर्ग फुट के मकान में न्यूनतम एक किलोवॉट का सोलर प्लांट लगवाना होगा। इससे ज्यादा क्षमता का भी प्लांट लगवाया जा सकता हैं। प्लांट लगवाने का शपथपत्र दिए बिना लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए ) मकान का नक्शा पास नहीं करेगा। पहले से बने मकानों के लिए यह व्यवस्था लागू नहीं होगी। एलडीए बोर्ड की 183वीं बैठक में यह फैसला लिया गया। फैसले के मुताबिक शपथपत्र देने के बाद भी लोग अगर सोलर पैनल नहीं लगवाते हैं तो कंप्लीशन सर्टिफिकेट नहीं मिलेगा। ऐसे घर अवैध की श्रेणी में आ जाएंगे। बोर्ड बैठक में फैसला होने के बाद एलडीए ने इसे अब बिल्डिंग बाइलाज में भी शामिल कर लिया है। बड़े कमर्शल प्लॉट में सोलर पैनल लगाने का प्रावधान पहले से था। एलडीए के सचिव विवेक श्रीवास्तव ने कहा कि सोलर सिस्टम लगाने से बिजली की बचत के साथ-साथ पर्यावरण को संरक्षित करने में भी मदद मिलेगी।

### अयोध्या को सोलर सिटी बनाने की तैयारी की जा रही है

सरकार का जोर ज्यादा से ज्यादा लोगों को सोलर पैनल का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित करने का है। इस क्रम में प्रदेश के अयोध्या शहर को सोलर सिटी बनाने की तैयारी की जा रही है। अयोध्या को सोलर सिटी के रूप मे विकसित करने की प्रक्रिया के तहत पीएम सूर्य घर योजना के अंतर्गत अयोध्या में अभी तक 500 से ज्यादा घरों में सोलर प्लांट लग चुके हैं। वहीं, योगी सरकार ने अयोध्या के 50 हजार घरों में पीएम सूर्य घर योजना के तहत सोलर प्लांट लगवाने का लक्ष्य तय किया है। अभियान तेज करने के लिए नेडा और सोलर कंपनियां घर-घर जागरूकता अभियान चलाएंगी।

## अब छोटे प्लॉटों पर भी खड़ी होंगी बहुमंजिला इमारतें

### एलडीए ने बदले नियम, कई प्रस्तावों पर लगाई मुहर

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

राजधानी लखनऊ में अब छोटे प्लॉटों पर बहुमंजिला और भव्य इमारतें खड़ी करने में अड़चन नहीं आएगी। इसके लिए लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) ने नियमों में संशोधन किया है। कई प्रस्तावों को भी मंजूरी दी गई है। यह फैसला लखनऊ विकास प्राधिकरण की बोर्ड मीटिंग में लिया गया। बैठक में कई अन्य महत्वपूर्ण प्रस्ताव भी पास किए गए हैं।

### सात मंजिला बनें सकेंगे अपार्टमेंट

इंप्रूवमेंट ट्रस्ट के दायरे में आने वाली महानगर, निराला नगर, माल एवेन्यू, डालीबाग आदि कॉलोनियां में जल्द ही सात माले की इमारतें नजर आएंगी। यानि पहले जहां एकल परिवार के रहने की व्यवस्था थी अब वहां एक साथ सात परिवार रह सकेंगे।

### दुबई कतर की तर्ज पर एक ही स्थान पर मिलेगी शिक्षा

बता दें कि प्रदेश में विकास की रफ्तार तेज हो इसके लिए योगी सरकार निरंतर प्रयासरत है और उसी का नतीजा है कि राजधानी लखनऊ में मोहान रोड योजना जल्द ही प्रदेश का एजुकेशनल हब बनेगी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत 102 एकड़ जमीन पर विशेष शैक्षिक क्षेत्र विकसित किए जाने की योजना को जल्द ही अमलीजामा पहना दिया जाएगा। जहां दुबई व कतर की तर्ज पर प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च माध्यमिक व उच्च शिक्षा की सुविधा उपलब्ध होगी।

### 50 साल पुरानी कॉलोनियां का प्रस्ताव किया मंजूर

अंग्रेजों के जमाने में बसाई गईं कॉलानियों में अब महज 2000 स्क्वायर फीट जमीन पर ग्रुप हाउसिंग बनाई जा सकेगी। पहले बहुमंजिला इमारत के लिए कम से कम 21000 हजार स्क्वायर फीट जमीन जरूरी थी, लेकिन एलडीए ने पुरानी कॉलोनियों के लिए नियमों में बदलाव कर आम जनता को राहत दी है।

## महाकुंभ मेले में नहीं होगी बिजली कटौती, बिछाई जाएगी 182 किमी एचटी, 1405 किमी एलटी लाइन

**जन एक्सप्रेस । प्रयागराज**

प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ 2025 में निर्बाध रूप से बिजली आपूर्ति मिलती रहे, इसके लिए पूर्वांचल डिस्कॉम ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। इसके लिए 182 किलोमीटर एचटी लाइन का निर्माण और 1405 किलोमीटर एलटी लाइन बिछाई जा रही है। इसके साथ ही 67000 एलईडी स्ट्रीट लाइट लगाई जा रही हैं।

### विद्युत आपूर्ति के लिए पूर्वांचल डिस्कॉम ने की ये तैयारी

पूर्वांचल डिस्कॉम ने जारी किए पत्र में कहा कि महाकुंभ के दौरान विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने के लिए सभी स्थानों पर वैकल्पिक स्रोत सुनिश्चित किए गए हैं। इनकी आपूर्ति सात विद्युत उपकेंद्रों और 33/11 केवी के 14 उपकेंद्रों से की जाएगी। इसके लिए (रिंग मेन यूनिट) आरएमयू की स्थापना की गई। इसकी मदद से आपूर्ति बाधित नहीं होगी। यदि किसी कारण से विद्युत आपूर्ति बाधित होती है तो सिर्फ 30 सेकंड में खुद ही सामान्य हो जाएगी। इसके अलावा स्ट्रीट लाइट के लिए 11/0.4 केवी उपकेंद्रों पर डीजी सेट की स्थापना की गई है।



### श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए की जा रही ये व्यवस्था

डिस्कॉम के मुताबिक श्रद्धालुओं की सुरक्षा को देखते हुए मेला क्षेत्र में सभी एचटी और एलटी लाइनों की गार्डिंग और एचटी व एलटी पोल की अर्थिंग कराई गई है। साथ ही कैंप में कंड्यूक्ट पाइप के माध्यम से ही वायरिंग कराई जा रही है, जिससे कि किसी भी तरह की शॉर्ट-सर्किट के कारण आग लगने की घटना पर रोक लगाई जा सके। अधिकतर उपकेंद्रों का निर्माण पूरा कर लिया गया है। जल्द ही बाकी काम भी पूरे कर लिए जाएंगे।

### हाइब्रिड सोलर स्ट्रीट लाइट का हो रहा प्रयोग

महाकुंभ में नवीन प्रयोग के रूप में हाइब्रिड सोलर स्ट्रीट लाइट का प्रयोग किया जा रहा है। ताकि ऊर्जा की खपत में कमी लाई जा सके। इसके अतिरिक्त आधारभूत संरचना संबंधी कार्यों को समय से पूर्ण करने हेतु विद्युत तंत्र उपलब्ध न होने वाले स्थानों पर डीजी सेट से ऊर्जीकृत हाई मास्ट लाइट का प्रयोग किया जा रहा है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो रेलवे कर्मचारी घायल

**जन एक्सप्रेस/उरई।** एट थाना क्षेत्र में ग्राम बिरासनी मोड़ पर तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर सवार दो रेलवे कर्मचारी घायल हो गए। जिला औरैया के ग्राम शेखपुर निवासी वीर सिंह 28 वर्ष पुत्र परशुराम व बिहार प्रदेश निवासी सुनील कुमार सिंह 30 वर्ष पुत्र राम जन्म सिंह उम्र 30 वर्ष उरई में रेलवे यूनियन के वोट डालने गए थे।गुरुवार को दोनों वोट डालकर पिरोना रेलवे स्टेशन पर वापस आ रहे थे।

तभी बिरासनी मोड़ के आगे किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर सवार दोनों लोग घायल हो गए। इस दौरान वहां से निकल रहे राहगीरों ने सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को हाईवे एंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। बताया गया कि दोनों लोग रेलवे विभाग में नौकरी करते हैं और दोनों ट्रैक मेंन की पोस्ट पर तैनात हैं। मामले में थाना प्रभारी विमलेश कुमार का कहना है कि अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है और तहरीर मिलने पर मामला दर्ज किया जाएगा।

# निर्माणाधीन पेयजल परियोजनाओं की जिलाधिकारी ने की समीक्षा

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में गुरुवार को जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जनपद में निर्माणाधीन तीन परियोजनाओं सिलौटा मुस्तकिल ग्राम समूह पेयजल योजना, चांदी बांगर ग्राम समूह पेयजल योजना एवं रैपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना की समीक्षा बैठक कलेक्टरेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने परियोजनाओं से सम्बन्धित निर्माण आदि की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिशासी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार प्राथमिकता के आधार पर जल जीवन मिशन के अंतर्गत तोड़ी गई सड़कों का मरम्मत कार्य प्रत्येक दशा में दिसम्बर तक कराना सुनिश्चित करें। साथ ही जिन जगहों पर रोड की गुणवत्ता ठीक नहीं है, वहां दोबारा सड़के बनवाएं। इसमें रोड़ रेस्टोरेशन से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की शिकायत नहीं आनी चाहिए। सिलौटा मुस्तकिल ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत समस्त ओएचटी के फिनिशिंग का कार्य पूर्ण कराते हुए परियोजना को दिसम्बर 2024 तक पूर्ण कराने के निर्देश दिए। कहा कि जिन ग्रामों में पेयजल आपूर्ति के लिए जो समय निर्धारित किया गया है, उसी निर्धारित समय में नियमित रूप से जलापूर्ति सुनिश्चित की जाएं। मुख्य विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि ग्राम पंचायत स्तर पर गठित वीडब्ल्यूएससी के ग्राम प्रधान व सचिव सहित सात अन्य नामित सदस्यों की विकासखण्ड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन कराएं, जिससे नियमित जलापूर्ति एवं पानी की गुणवत्ता का क्रॉस वेरिफिकेशन कराया जा सके। अधिशासी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) को निर्देश दिए कि जल निगम के अभियन्ता फील्ड में जाकर चैपाल लगाकर आईएसए एवं आईईसी एक्टिविटी के माध्यम से जल जीवन मिशन के कार्यों का प्रचार-प्रसार कराएं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, अधिशासी अभियन्ता जल निगम आशीष कुमार भारती, सेन्सिस टेक लिमिटेड के डिप्टी टीम लीडर, फर्म एलएण्डटी के प्रोजेक्ट मैनेजर रोहित सहाय, जीवीपीआर के डीपीएम एस मौर्या आदि मौजूद रहे।

## जल्द से जल्द सड़कों को कराएं गड्ढा मुक्त: डीएम

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में सड़कों को गड्ढा मुक्त कराने के संबंध में समीक्षा बैठक गुरुवार को कलेक्टरेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने वित्तीय वर्ष वार जनपद के राष्ट्रीय राजमार्ग, मेजर डिस्ट्रिक्ट रोड, अदर डिस्ट्रिक्ट रोड़ के संबंध में जानकारी लेते हुए अवशेष कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जिले में गढ्ढा मुक्ति कार्य की जानकारी भी ली। जिस पर अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड ने बताया कि सड़कों को ब्लॉक वार कार्य योजना बनाकर कार्य किया जाता है। जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री के आदेशानुसार सड़कों को जल्द से जल्द गड्ढा मुक्ति कराकर उन्हें अवगत कराना है। इसी क्रम में जनपद में सड़के गड्ढा मुक्त होनी चाहिए तथा इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न होने पाए। उन्होंने कहा कि यह मुख्यमंत्री का आकांक्षात्मक जनपद है तथा यहां श्रद्धालुओं का आवागमन लगा रहता है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड संतोष कुमार सिंह सहित सहायक अभियंता आदि मौजूद रहे।

## पति की मौत के बाद पत्नी ने तीन दोस्तों पर लगाया हत्या का आरोप

**जन एक्सप्रेस । उरई**

आटा थाना क्षेत्र के ग्राम संदी के तालाब में गिरकर डूबने से हुई युवक की मौत के मामले में पत्नी ने तीन दोस्तों पर उसकी हत्याकर शव को तालाब में फेंककर भाग जाने का आरोप लगाया। आटा थाना क्षेत्र के ग्राम संदी निवासी विजय 36 वर्ष गांव के ही निवासी अपने साथी तेजराम श्रीवास, प्रेम नारायण तिवारी व ग्राम लैकूपुर पुरवा निवासी जगत सिंह राजपूत के साथ तालाब से मछली पकड़ने गया था। इस दौरान वह किसी तरह तालाब में गिरकर डूबने लगा था। इस दौरान वहां मौजूद लोगों ने उसे बचाने का प्रयास किया था। लेकिन जब वह उसे बचाने में सफल नहीं हुए तो उन्होंने मामले की सूचना उसके परिजनों को दी थी।बुधवार की देर शाम पत्नी विनीता ने थाने में शिकायती पत्र दिया। जिसमें आरोप लगाते हुए बताया कि उसके पति का शव जब तालाब से बाहर निकाला गया, तो सिर से खून बह रहा था। पत्नी का आरोप है कि उसके पति की तेजराम श्रीवास, प्रेम नारायण तिवारी व ग्राम लैकूपुर पुरवा निवासी जगत सिंह राजपूत ने हत्याकर शव तालाब में फेंक दिया था और मौके से भाग गए थे।फिलहाल पुलिस ने शिकायती पत्र के आधार पर तीनों के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया और मामले की हर पहलू पर जमीनी स्तर से जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## डीएम-एसपी ने धार्मिक स्थलों का किया भ्रमण

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने धार्मिक स्थलों बड़ी मस्जिद उटारखाना व डरियन टोला मस्जिद का भ्रमण कर कानून व्यवस्था का जायजा लिया। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने शासन के मानक अनुसार जनपद के धार्मिक स्थलों पर लगे लाउडस्पीकर (ध्वनि विस्तारक यंत्रों) की जांच की एवं मानक के विपरीत लाउडस्पीकरों की ध्वनि न रखने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने वॉक कर रहे आम लोगों से वार्ता कर कहा कि सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की समस्या होने पर अवगत कराए। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन के निर्देशों के अनुपालन की जिम्मेदारी प्रशासन के साथ आम जनमानस की भी होती है ताकि जनपद व प्रदेश में सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनी रहे। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी उपेंद्र प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

# युद्धस्तर पर पक्षकारों को तामील कराएं सम्मन: जिला जज

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**




राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में आगामी 14 दिसम्बर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिसे प्रभावी रूप से सफल बनाने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने सभी विभिन्न प्रशासनिक विभागों के अधिकारियों के साथ चतुर्थ चरण की बैठक गुरुवार को की। बैठक में जनपद न्यायाधीश ने कहा कि आगामी 14 दिसम्बर को होने जा रही राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए सभी विभाग ऐसे मामलों को चिन्हित कर लें, जिनको लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित कराया जा सकता है। साथ ही सम्बन्धित पक्षकारों को नोटिस और सम्मन भेंजे जाएं और युद्ध स्तर पर इन्हें तामील कराया जाए।

प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मैनवाल ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में शमनीय आपराधिक वाद, धारा 138 एन.आई. एक्ट, मोटर दुर्घटना दावा, श्रम, बैंक वसूली, विद्युत अधिनियम, जल वाद, सेवा मामले, पारिवारिक वैवाहिक वाद, भूमि अधिग्रहण, राजस्व चकबन्दी वाद, किराएदारी, सुखाधिकार वाद, स्थायी निषेधाज्ञा, सिविल वाद, मोटर वाहन ई-चालान, लघु आपराधिक वाद आदि का निस्तारण किया जाएगा। इसके अलावा उपभोक्ता फोरम तथा आर्बिट्रेशन सम्बन्धित वादों का निस्तारण किया जाएगा। बैठक में लोक अदालत के नोडल अधिकारी अपर जिला जज राममणि पाठक,

बैठक में राममणि पाठक अपर जिला जज नोडल अधिकारी लोक अदालत, जिला ग्रामोद्योग अधिकारी राजेन्द्र कुमार, जिला सूचना अधिकारी सुरेन्द्र कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, उपनिबन्धक राजेश सिंह, पूर्ति निरीक्षक अजय कुमार पटेल आदि मौजूद रहे।

## चाय नाश्ता के ढाले में रखे सिलेंडर में लगी आग

**जन एक्सप्रेस/उरई।** एट टोल प्लाजा के पास चाय नाश्ता के बंद पड़े ढाले में रखे सिलेंडर में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। जिससे ढाला जलकर राख हो गया।

एट टोल प्लाजा के पास हाईवे किनारे बंद पड़े ढाले में अचानक आग लग गई और आग लगते ही वहां हड़कंप मच गया। वहीं हाईवे पर गुजर रहे वाहन रुक गए और एक तरफ जाम लग गया। वहीं टोल प्लाजा के कर्मचारीयों द्वारा आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन आग सिलेंडर में लगी हुई थी, इसलिए कोई भी कर्मचारी पास में नहीं पहुंच पा रहा था। जिस पर उन्होंने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने खबर फायर ब्रिगेड कर्मियों को दी। खबर मिलते ही मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। तब कहीं जाकर पुलिस द्वारा एक साइड जाम को खोला गया। पुलिस का कहना है कि यह ढाला किसका था, जानकारी की जा रही है। क्योंकि ढाला उस समय बंद पड़ा था बन्द की स्थिति में उसमें आग लगी है। फिलहाल कोई बड़ी जनहानि नहीं हुई है।

## महिलाओं को बताया पेयजल का महत्व, संरक्षण के लिए किया प्रेरित




**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जल जीवन मिशन के तहत लोगों को शुद्ध पेयजल के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से गुरुवार को ग्रामीण महिलाओं के बीच गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें स्वच्छता बनाए रखने व पेयजल संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया।

जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन के मार्गदर्शन में गुरुवार को पेयजल सप्ताह अभियान के अंतर्गत विकासखण्ड रामनगर एवं मानिकपुर के ग्राम पंचायत नांदिन कुर्मियान व हनुवा सरहत में आशा, आंगनबाड़ी एवं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में ग्रामीणों को जल जीवन मिशन का उद्देश्य, संचालन एवं रखरखाव, दूषित जल का प्रयोग नहीं करने, घर के आसपास सफाई बनाए रखने, जल जनित बीमारियों से बचाव व उपचार की जानकारी देते हुए पेयजल संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया।

## शांति समिति की बैठक कर भाईचारा बनाए रखने पर दिया जोर

**जन एक्सप्रेस । राजापुर, चित्रकूट**

पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में राजापुर क्षेत्राधिकारी जयकरन सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को शांति समिति के सदस्यों के साथ गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में क्षेत्राधिकारी ने बताया कि श्रीराम जन्मभूमि/बाबरी मस्जिद प्रकरण में प्रत्येक वर्ष छह दिसम्बर को मुस्लिम संगठनों/सम्प्रदाय द्वारा काला दिवस व हिन्दू संगठनों द्वारा शौर्य दिवस मनाया जाता है। इसके साथ ही डॉ भीमराव अम्बेडकर साहब का परिनिर्वाण दिवस मनाया जाता है। इसके तहत क्षेत्राधिकारी ने गोष्ठी में उपस्थित सभी समुदायों के सदस्यों से नगर क्षेत्र में भाईचारे एवं सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखने की अपील की तथा शासन के दिशा-निर्देशों के सम्बन्ध में भी जानकारी दी। इस मौके पर थाना सरधुवा के अपराध निरीक्षक अंजनी कुमार सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे। इसके अलावा मऊ, बरगढ़, मारकुण्डी व पहाड़ी थानों में भी शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सभी से आपसी भाईचारे व सौहार्दपूर्ण माहौल को बनाए रखने की अपील की गई।

## चोरी के आरोपी को चार साल की कैद के साथ 1,000 रुपये अर्थदण्ड की मिली सजा

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

अधिवक्ता के घर हुई चोरी के मामले में सामान के साथ पकड़े गए चोर को दोष सिद्ध होने पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट राजेन्द्र प्रसाद भारती ने चार वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 1,000 रुपये के अर्थदण्ड से भी दण्डित किया है।

अभियोजन अधिकारी बृजमोहन ने बताया कि बीती 10 जुलाई 2021 को कर्वी कोतवाली में अधिवक्ता कृष्ण कुमार तिवारी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस को दी गई तहरीर में शिकायतकर्ता ने बताया था कि बीती नौ जुलाई 2021 को वह अपने साथी अधिवक्ता शिवचन्द्र सिंह के साथ कचहरी चले आए थे और उनकी पत्नी विद्यालय में पढ़ाने गई थी। दोपहर के समय जब उनकी पत्नी घर वापस लौटी और गेट का ताला खोलकर अंदर गई तो सीढ़ी के गेट का ताला टूटा हुआ मिला तथा कमरें के दरवाजे खुले थे और दोनों अलमारियों के लॉक टूटे पड़े थे। साथ ही अलमारी में रखे सोने-चांदी के गहनों के साथ नगद 3,85,000 रुपये भी गायब थे। इसकी सूचना पत्नी ने उन्हें फोन में दी। जिसके बाद वह घर पहुंचे और तत्काल डॉयल 112 के जरिए पुलिस का सूचित किया। साथ ही कर्वी कोतवाली में मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने मामले की विवेचना के दौरान आरोपी राजेश जमादार को गिरफ्तार किया था। जिसके पास से चोरी का माल भी बरामद हुआ था। इसके बाद पुलिस ने न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था।

बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीले सुनने के बाद गुरुवार को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट राजेश प्रसाद भारती ने निर्णय सुनाया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर आरोपी राजेश जमादार को चार वर्ष कारावास की सजा सुनाई गई। साथ ही 1,000 रुपये के अर्थदण्ड से भी दण्डित किया गया।

## कैरियर काउंसलिंग कर विद्यार्थियों को दी महत्वपूर्ण जानकारी

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



चित्रकूट इंटर कॉलिज में गुरुवार को शिक्षक तथा छात्र-छात्राओं के साथ शैक्षणिक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों को कैरियर सम्बन्धी जानकारी दी गई। गोष्ठी में बीबीएस ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन प्रयागराज के संदीप सिंह तथा एसपी पाल द्वारा विद्यार्थियों से परिचर्चा की गई। जिसमें छात्र-छात्राओं को तकनीकी शिक्षा के महत्व व सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली छात्रवृत्ति योजना तथा प्रवेश परीक्षा के महत्व पर जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने विद्यार्थियों को इंजीनियरिंग मैनेजमेंट, बीबीए, बीसीए, विधि विभाग व फार्मेसी के पाठ्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी।

इस मौके पर कॉलिज के प्रधानाचार्य डॉ रामवीर सिंह चैहान, शिक्षक श्रीनिवास त्रिपाठी, फूलचंद चंद्रवंशी, प्रदीप सिंह, जयशंकर ओझा, विजय पांडेय, सतीश कुमार रैकवार, मनोज पांडेय आदि मौजूद रहे।

## इग्नू का उद्देश्य पारदर्शिता के साथ सम्पन्न हों सत्रांत परीक्षा: अनिल

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) द्वारा क्षेत्रीय केन्द्र गोस्वामी तुलसीदास राजकीय महाविद्यालय कर्वी सहित अन्य जनपदों में हुई परीक्षा में सम्मिलित परीक्षार्थियों को वर्चुअल गूगल मीट के माध्यम से देखा गया।

इस दौरान वरिष्ठ निदेशक डॉ अनिल कुमार मिश्र ने सभी परीक्षा अधीक्षकों एवं केन्द्र समन्वयकों को इग्नू के दिशा-निर्देशों के अनुसार सत्रांत परीक्षा को मानकों एवं सुचितापूर्ण आयोजन के लिए निर्देशित किया। डॉ मिश्रा ने दिव्यांगता सम्बन्धी दिशा-निर्देशों का पालन करने पर भी बल प्रदान किया ताकि विकलांग परीक्षार्थियों को नियमानुसार सुविधा प्रदान की जा सके। सहायक रजिस्ट्रार डॉ निशिथ नागर ने परीक्षार्थियों की परीक्षा हाल में शामिल होने से पूर्व जांच, परिचय-पत्र तथा एडमिट कार्ड की अनिवार्यता पर बल प्रदान किया। मीटिंग का संचालन उप-निदेशक डॉ रीना कुमारी द्वारा किया गया। समन्वयक डॉ धमेन्द्र सिंह ने परीक्षा केन्द्र पर सम्पन्न हो रही दिसम्बर सत्रांत परीक्षा को ऑनलाईन माध्यम से दिखाया। इस मौके पर सहायक क्षेत्रीय निदेशक डॉ कीर्ति विक्रम सिंह आदि मौजूद रहे।

# बाइक सवार बदमाशों ने व्यापारी से लूटी एक लाख 45 हजार की नगदी

### कालपी से व्यापार कर नगदी लेकर घर लौट रहा था, मारपीटकर दिया वारदात को अंजाम

**जन एक्सप्रेस । उरई**



सिरसा कलार थाना क्षेत्र में पुलिस से बैखौफ होकर बेलगाम घूम रहे बाइक सवार बदमाशों ने लूट की वारदात को अंजाम दे दिया। व्यापार करने के बाद लाखों रुपए लेकर घर लौट रहे एक भैंस व्यापारी के साथ मारपीट कर उसके कब्जे से लाखों रुपए की नगदी व बाइक लूटकर रफूचक्कर हो गए। पीड़ित व्यापारी ने तहरीर पुलिस को दी है। कस्बा सिरसा कलार निवासी सिरसा शमी खान ने थाने पहुंचकर प्रभारी निरीक्षक को शिकायती पत्र दिया। जिसमें बताया कि वह बुधवार की रात कालपी से अपने घर सिरसा कलार आ रहा था। वह रास्ते में मलथुआ श्रमदान के पास पहुंचा। तभी बाइक पर सवार होकर चार अज्ञात बदमाश आए और रास्ते में बदमाशों ने उसकी मोटरसाइकिल को रोक लिया। साथ ही उसकी मारपीट की और बदमाशों ने व्यापार करके अपने साथ लेकर आ रहे उसके 1 लाख 45 हजार रुपए की नगदी छीन ली। इतना ही नहीं बल्कि मारपीट करने के बाद उसकी मोटर साइकिल भी लूटकर भाग गए। इस मामले में सिरसा कलार थाना प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश बहादुर सिंह ने मामले की जांच शुरू कर दी। साथ ही उन्होंने बताया कि आसपास लगे कैमरों में इस घटना की खोजबीन की जा रही है।

## एक को होगी मंडलीय पेंशन अदालत

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** वरिष्ठ कोषाधिकारी रमेश सिंह ने बताया कि आयुक्त चित्रकूटधाम मण्डल बांदा बालकृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता में एक जनवरी 2025 को पूर्वाह्न 11 बजे से कार्यालय बांदा में मण्डलीय पेंशन अदालत एवं सेवानिवृत्त अध्यापकों, कर्मचारियों के लम्बित देयकों के सम्बन्ध में जनसुनवाई पूर्व आयोजित की जायेगी। पेंशन अदालत से सम्बन्धित वाद पत्र व प्रत्यावेदन निर्धारित प्रारूप पर तीन प्रतियों में तथा जनसुनवाई से सम्बन्धित शिकायती पत्र दो प्रतियों में कोषागार एवं पेंशन अपर निदेशक कार्यालय चित्रकूटधाम मंडल बांदा में पंजीकृत डाक से अथवा व्यक्तिगत रूप से 16 दिसंबर तक प्राप्त कराये जा सकते हैं। साथ ही पेंशन अदालत से सम्बन्धित वाद पत्र तथा जनसुनवाई से सम्बन्धित शिकायती पत्र की एक प्रति कर्मचारी अपने मूल कार्यालय में भी प्राप्त कराए।

## सरकार आपके द्वार के तहत जन चौपाल में सुनी डीएम-एसपी ने समस्याएं

**जन एक्सप्रेस । उरई**



नगर पंचायत कोटरा में सरकार आपके द्वार के तहत गांव की समस्या गांव में समाधान को लेकर गुरुवार को जन चौपाल लगाकर समस्याएं सुनी। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक द्वारा ग्रामीणों से सीधे संवाद कर नगर पंचायत में हुए कार्यों का सत्यापन किया। नगर पंचायत में हैंडपंप, नाली, खड़ंजा, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेंशन, महिला सम्मान, महिला सुरक्षा, महिला सशक्तीकरण आदि व्यवस्थाओं के बारे में नगर वासियों से जानकारी ली। नगर वासियों द्वारा पेयजल की समस्या वार्ड में साफ सफाई व आसरा कॉलोनी में विद्युत कनेक्शन न होने की समस्या रखी। जिलाधिकारी ने कहा कि आपके द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, नारी सशक्तिकरण, साफ सफाई, पानी निकासी, पेयजल आदि बिंदुओं पर शिकायत व सुझाव प्राप्त हुए हैं, उसके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर दिया गया है। आज सभी अधिकारी मौके पर ही जन समस्याओं व शिकायतों का स्थलीय निरीक्षण कर समाधान करेंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं का बिना किसी भेदभाव के सभी पात्रों को लाभान्वित किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि गौ संरक्षण और गोवंशों की देखभाल अच्छे से करें। कोई भी गौवंश निराश्रित न घूमे, इसके लिए कैटल कैचर के माध्यम से पकड़कर संबंधित गौशाला में संरक्षित करें। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार मुक्त, जीरो टॉलरेंस नीति के तहत विकास कार्य गुणवत्तापरक तरीके से कार्य कराए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास के तहत पात्र लाभार्थियों की सूची बनाई जाएगी और ग्राम पंचायत पर चस्पा भी की जाएगी। जिसमे पात्र लाभार्थी अपना नाम देख सकते है, अगर सूची में कोई भी आपत्ति होती है तो लिखित तौर पर आपत्ति दर्ज कराये। जिसका निराकरण करने के उपरान्त ही अंतिम सूची होगी। उन्होंने कहा कि समस्याओं का समाधान करना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। पुलिस अधीक्षक द्वारा नगर वासियों को कहा कि हर व्यक्ति की सुरक्षा और हर समस्या का हर संभव निदान किया जाएगा। इस अवसर पर सीडीओ राजेन्द्र कुमार श्रीवास, एसडीएम नेहा ब्याडवाल, डीडीओ रामेंद्र चौबे, ईओ उमाकांत, अध्यक्ष सिया शरण व्यास आदि संबंधित अधिकारी व वार्ड सभासद मौजूद रहे।



### भारतीय वायुयान विधेयक 2024 मंजूर...

संसद ने गुरुवार को भारतीय वायुयान विधेयक 2024 को मंजूरी दी। यह विधेयक 90 साल पुराने विमान अधिनियम 1934 की जगह लेगा। जिसमें अब तक 21 बार संशोधन किया जा चुका है। इस विधेयक के बाद तेजी बढ़ते विमानन क्षेत्र में कारोबार के नए रास्ते खुलेंगे... पढ़ें पेज 12 पर...

# यूपी में महंगी नहीं होगी बिजली

## ऊर्जा मंत्री बोले, उपभोक्ता परिषद ने कहा था, उड़ीसा मॉडल लागू हुआ तो कई गुना बढ़ जाएंगी कीमतें

जन एक्सप्रेस | लखनऊ



यूपी सरकार ने बिजली की दरें नहीं बढ़ाने का फैसला लिया है। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने गुरुवार को कहा कि प्रदेश में बिजली की दरें न तो महंगी हुई हैं और न ही भविष्य में महंगी होंगी। राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने टाटा पावर के उड़ीसा मॉडल पर सवाल उठाते हुए कहा था कि इस मॉडल से उत्तर प्रदेश में बिजली महंगी हो सकती है। परिषद ने कहा था कि उड़ीसा में एक किलोवाट घरेलू कनेक्शन के लिए 3941 रुपए शुल्क लिया जा रहा है, जबकि उत्तर प्रदेश में यह शुल्क ग्रामीण क्षेत्रों में 1172 रुपए और शहरी क्षेत्रों में 1620 रुपए है। इसके साथ ही, उड़ीसा में स्मार्ट प्रीपेड मीटर के लिए उपभोक्ताओं से हर महीने 60 रुपए अतिरिक्त वसूले जा रहे हैं।

### किसी भी मॉडल को अपनाने से पहले होगी समीक्षा

ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा, प्रदेश में बिजली की दरें न पहले महंगी हुई हैं और न ही आगे होंगी। यह सरकार उपभोक्ताओं के हितों को प्राथमिकता देती है और निजीकरण का कोई भी कदम उनके हितों के खिलाफ नहीं होगा। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार किसी भी मॉडल को अपनाने से पहले उसकी पूरी जांच और समीक्षा करेगी।

### मंत्री बोले, उपभोक्ताओं के हित में होगा फैसला

मंत्री ने जोर देकर कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार उपभोक्ताओं की समस्याओं और हितों को लेकर प्रतिबद्ध है। निजीकरण का कोई भी निर्णय तब तक नहीं लिया जाएगा, जब तक वह राज्य के उपभोक्ताओं के हित में न हो। सरकार के इस आश्वासन के बाद उपभोक्ताओं को राहत मिली है।

### परिषद ने उठाए निजीकरण पर सवाल

राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने यह मांग की है कि निजीकरण से जुड़े किसी भी निर्णय को लागू करने से पहले उपभोक्ताओं के हितों को प्राथमिकता दी जाए। परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि उड़ीसा में टाटा पावर के पीपीपी मॉडल से उपभोक्ताओं पर भारी आर्थिक बोझ पड़ा है। परिषद ने इस मॉडल को लागू करने से पहले इसकी व्यापक समीक्षा और राज्य में इसकी उपयुक्तता का विश्लेषण करने की मांग की है।

### क्या कहता है उड़ीसा मॉडल?

परिषद ने बताया कि उड़ीसा में न केवल कनेक्शन की दरें अधिक हैं, बल्कि सिंगल फेज मीटर टेस्टिंग की फीस भी 500 रुपए तक है, जबकि उत्तर प्रदेश में यह मात्र 50 रुपए है। इसके अलावा, स्मार्ट प्रीपेड मीटर की अनिवार्यता से उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त वित्तीय भार पड़ रहा है।

# न्यायमूर्ति टी.एस. मिश्रा मेमोरियल व्याख्यान श्रंखला का शुभारंभ




जन एक्सप्रेस | लखनऊ

टी.एस. मिश्रा विश्वविद्यालय के लॉ स्कूल में शुरू हुई इस व्याख्यान श्रृंखला का उद्देश्य विभाग के प्रतिभावान छात्रों को न्यायालय के शिष्टाचार, मर्यादा, कानूनी तर्क-वितर्क सिखाना तथा भविष्य में प्रभावी अधिवक्ता और कुशल न्यायाधीश बनाना है। श्रृंखला मे पहला व्याख्यान मूट कोर्ट का परिचय अधिवक्ता कौशल को आगे बढ़ाने में मूटिंग का महत्व विषय पर रखा गया। इस व्याख्यान में विधि विभाग के अधिष्ठाता डॉ. सी.पी. सिंह और डॉ. शिप्रा सहित संकाय के सदस्यों के साथ प्रतिभाशाली छात्रों ने प्रतिभाग किया, व्याख्यान के मुख्य वक्ता श्री शंभूनाथ मिश्र, एडवोकेट ऑन रोल (लखनऊ खंडपीठ) थे। उन्होंने छात्रों के साथ अपने व्यापक पेशेवर अनुभव को साझा किया और विधि की पढ़ाई में मूटकोर्ट के महत्व को समझाया। भविष्य में प्रभावी अधिवक्ता बनने में मूटकोर्ट का महत्व, न्यायालय की शिष्टाचार और मर्यादा, प्रेरक कानून के तर्क-वितर्क तथा तथ्यों और कानून के सामंजस्य को छात्रों को समझाया, श्री मिश्रा ने इस बात पर जोर दिया की मूटकोर्ट कानून के छात्रों के लिए एक आवश्यक अर्हता है जो उन्हें कानूनी प्रक्रिया में व्यवहारिक अंतर्दृष्टि प्रदान करता है और उनके शोध प्रारूपण और मौखिक अधिवक्ता कौशल को बढ़ाता है। टी.एस. मिश्रा विश्वविद्यालय द्वारा न्यायमूर्ति टी.एस. मिश्रा मेमोरियल व्याख्यान श्रृंखला की शुरुआत के अवसर पर अपने धन्यवाद ज्ञापन में विभाग के अधिष्ठाता डॉ. सी.पी. सिंह ने कहा कि जल्द ही एक राष्ट्रीय स्तर का मूटकोर्ट कंपटीशन टी.एस. मिश्रा विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित किया जाएगा, विश्वविद्यालय ऐसे व्याख्यान सत्र जो छात्रों के भविष्य के लिए आवश्यक हैं उनको करता रहेगा। इसका उद्देश्य कानूनी पेशेवरों के लिए कानून की शैक्षणिक और व्यावहारिक समझ को समृद्ध करना है 7 विश्वविद्यालय के चांसलर और वरिष्ठ अधिवक्ता श्री सतीश चंद्र मिश्र एवं प्रो-चांसलर अधिवक्ता श्री कपिल मिश्र ने इस व्याख्यान श्रृंखला की सफल शुरुआत के लिए विभाग को बधाई दी और भविष्य में न्यायमूर्ति टी.एस. मिश्रा मेमोरियल व्याख्यान श्रृंखला के और व्याख्यान होते रहेंगे ऐसी कामना के साथ सभी छात्राओं एवं प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

# बीकेटी में एलयू सीसी की ब्रांच पर एजेन्टों ने ताला डाल किया, हंगामा

- बीकेटी पुलिस जांच पड़ताल में जुटी, सड़क पर चलता रहा हंगामा

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

लखनऊ के बीकेटी क्षेत्र अंतर्गत अस्ती रोड स्थित द लोनी अर्बन मल्टी स्टेट क्रेडिट एंड शिफ्ट को-ऑपरेटिव सोसाइटी (एलयू सीसी) की बीकेटी शाखा पर को ताला लटका मिला। जिससे नाराज ग्राहकों ने बैंक के सामने जमकर हंगामा किया और हंगामा करते हुए बीकेटी थाना पर लिखित शिकायत देकर पीड़ित ने बताया कि शाखा बीकेटी के पूर्व प्रबंधक राजकरण रावत जोकि पिछले 7 वर्ष से सोसाइटी में काम कर रहे थे, कार्यकाल में सारा लेनदेन सही तरीके से चल रहा था, वहीं दिसंबर 2022 में जब राजकरण को पता चला कि समिति में गलत तरीके से काम किया जा रहा हैं? तों उन्होंने जमाकर्ताओं व एजेंटों के साथ धोखाधड़ी की है। वहीं विरोध करने पर समिति से उसको निकाल दिया गया था, राजकरण रावत का कोड संख्या 29982 व उनकी पत्नी रुक्मणी देवी कोड नंबर 24846 का पासवर्ड फर्जी तरीके से बदल लिया गया हैं और सेविंग अकाउंट नंबर 100031718 में महेश प्रसाद वर्तमान ब्रांच मैनेजर ने अपना मोबाइल नंबर अपडेट कर लिया, तब ब्रांच पिछले डेढ़ बरसों से दोनों लगभग 40 से 50000 रुपए और ब्रांच कमीशन 60 से 80 हजार रुपए निकाल रहे हैं, महेश प्रसाद के खिलाफ राजकरण द्वारा पूर्व में थाना बीकेटी में जनसुनवाई पोर्टल पर प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई करने की मांग की जा चुकी हैं और वर्तमान ब्रांच मैनेजर महेश प्रसाद कैशियर मनीराम ऑपरेटर विपिन कुमार यादव व सीनियर अधिकारी संतोष कुमार मैनेजमेंट इंचार्ज विनोद वर्मा नोडल हेड अन्य लोगों ने मिली भगत से मोटी रकम हड़प करकें, रफूचक्कर हो जाना चाहते थे, जब इसकी भनक पीड़ित लोगों को मिली तुरंत पीड़ितों ने लिखित शिकायत बीकेटी थाने पर देकर कार्रवाई करने की मांग की हैं। फिलहाल नाराज लोगों ने ब्रांच मैनेजर को दौड़कर पकड़ लिया था, उसके बाद में छोड़ दिया गया, बीकेटी थाने पहुंचे सत्येंद्र सिंह, उमाशंकर वर्मा, चंदा, हिना कौसर, रिजवान अली, रुपेंद्र यादव व आशा रावत ने बीकेटी पुलिस से कार्यवाहीं की मांग की है।

# पुलिस ने जालसाज़ को किया गिरफ्तार





- फॉरेन करेंसी को सस्ते दामों में देने का लालच देकर करते थे ठगी,दो गिरफ़्तार

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

लखनऊ कमिश्नरेट के सेंट्रल जोन क्षेत्र के अंतर्गत टप्पेबाजी करने वालें को पुलिस ने कड़ी मेहनत तो मशक्कत कर गिरफ्तार कर गिरफ़्तार कर लिया। वहीं आरोपी नोट की गड्डी में ऊपर नीचे कुछ दिरहम लगाते अंदर नोट के साइज के रद्दी कागज लगा देते थें और दुकानदारों को जाल में फंसा कर ठगी करते थे। वहीं पुलिस डीसीपी सेंट्रल रवीना त्यागी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि सेंट्रल जोन मदेयगंज पुलिस टीम ने मूल रूप से बंगाल के रहने वाले असलम उम्र करीब 24 वर्ष तथा उसकी मां फरजाना बेगम उर्फ काजल शेख उम्र करीब 44 वर्ष को गिरफ़्तार कर लिया, यह लोग शहर में स्कूटी से घूम घूम कर शिकार तलाशते रहते थे, यह लोग अधिकतर दुकानदारों को अपना शिकार एवं निशाना बनाते थे। पुलिस के मुताबिक पकड़े गए आरोपी पहले दुकानदारों को विश्वास में लेकर सौ दिरहम का नोट दिखाते और फिर उन्हें दिरहम कम दाम में देने का लालच देकर उनके साथ ठगी करते थे, दोनों पहले पूर्वी दिल्ली 215 स्ट्रीट नंबर दो मदरसा वाली गली रानी गार्डन गीता में रहकर ठगी करते थे वर्तमान में लखनऊ महानगर में निशातगंज के पास किराए के मकान में रह रहे थे, आरोपी के गिरोह के विषय में लखनऊ पुलिस जानकारी पता करने में जुटी हुई है। वहीं पुलिस के मुताबिक 28 नवंबर को अलीगंज निवासी व्यापारी अब्बुल हसन को इन लोगों ने तीन लाख रुपए लेकर अखबार से भरा बैग थमा दिया था जिसमें सिर्फ सात सौ दिरहम थे, आरोपी अब्बुल हसन की दुकान पर स्कूटी से गए थे और कुछ सामान खरीदकर दुकानदार से बातचीत कर उनको विश्वास मे लेकर सौ दिरहम का एक नोट थमा दिया और कहा कि पारिवारिक स्थित ठीक नहीं है मेरे पास कुछ दिरहम है आपको हम कम कीमत में दे सकते हैं, दुकानदार विश्वास होने पर तीन लाख रुपए के दिरहम लेने को तैयार हो गया। पुलिस के मुताबिक आरोपी ऊपर नीचे असली दिरहम लगाकर कागज के नोट लगाकर दें दिये थें और 21 नवंबर को नौबस्ता खुर्द निवासी प्रेमप्रकाश सक्सेना से 30 हजार रुपए ठगे थे। लखनऊ पुलिस द्वारा आरोपी मां व बेटे को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

# नासा वैज्ञानिक सुनीता वर्मा का लखनऊ में भव्य स्वागत

जन एक्सप्रेस | लखनऊ



लखनऊ कनेक्शन वर्ल्डवाइड ने नासा की प्रख्यात वैज्ञानिक और लखनऊ विश्वविद्यालय की गौरवशाली पूर्व छात्रा सुनीता वर्मा और उनके पति अरुण वर्मा के स्वागत के लिए एक शानदार आयोजन किया। सुनीता वर्मा, जो मूलतः लखनऊ की रहने वाली हैं, पिछले 42 वर्षों से अमेरिका में निवास कर रही हैं। वह सीएलडब्लूडब्लू की सक्रिय सदस्य हैं और संगठन के कैलिफोर्निया चैप्टर को सक्रिय बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। यह आयोजन गोमतीनगर स्थित शीरोज़ हैंगआउट में संपन्न हुआ, जहां सीएलडब्लूडब्लू के सदस्यों और लखनऊ की कई प्रतिष्ठित हस्तियों ने उनकी उपलब्धियों का जश्न मनाया। यह शाम संगीत और दिल को छू लेने वाले संवादों से भरी रही। प्रमुख उपस्थितियों में सीएलडब्लूडब्लू के एडमिन्स रश्मि मिश्रा, मधु श्रीवास्तव और कैलाश कुमार श्रीवास्तव, के साथ कर्नल ए.जी.के. सिंह, नीरजा शुक्ला, इंदु सरस्वत, विवेक शुक्ला, अपर्णा सिंह, मनीष भारतीय, नवीन कोहली और अन्य अनेक गणमान्य व्यक्ति शामिल थे। सुनीता वर्मा कैलिफोर्निया में ऐनक नामक एक गैर-लाभकारी संगठन का संचालन करती हैं, जो आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को मुफ्त चश्मे उपलब्ध कराता है। इसके अलावा, वह सक्सेस अकादमी चलाती हैं, जो बच्चों को गणित और विज्ञान की शिक्षा प्रदान करता है। यह भावनात्मक आयोजन लखनऊ और इसके वैश्विक प्रवासी समुदाय के बीच मजबूत संबंधों को दर्शाता है और सीएलडब्लूडब्लू द्वारा पोषित सामुदायिक भावना और आपसी जुड़ाव को और भी प्रगाढ़ करता है।

# पुलिस ने एक वारंटी अभियुक्त को किया गिरफ़्तार

जन एक्सप्रेस | लखनऊ



लखनऊ कमिश्नरेट उत्तरी जोन क्षेत्र अलीगंज पुलिस ने न्यायालय लखनऊ द्वारा गैर जमानती वारंट मु0अ0सं0 82/90 धारा 323/504/506 भादवि थाना अलीगंज लखनऊ से सम्बन्धित एक वारंटी दीपक सक्सेना पुत्र हनुमान प्रसाद सक्सेना निवासी सी0एम0 17 पानी की टंकी के पास सेक्टर बी थाना अलीगंज लखनऊ उम्र 58 वर्ष को थाना गेट पर अलीगंज पुलिस ने हिरासत में लिया। वहीं अलीगंज थाना प्रभारी ने बताया कि वारंटी उपरोक्त के विरूद्ध थाना पर अग्रिम एवं विधिक कार्यवाहीं की गई।

# विकसित भारत के लिए समन्वय व तारतम्य बनाकर करना होगा काम

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

- क्षमता व ज्ञान के उपयोग के साथ सरल व्यवहार की जरूरत
- विकास योजनाओं को जन-जन तक पहुंचने में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका -वेंकटेश्वर लू

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के क्रम में राज्य,क्षेत्रीय, जिला ग्राम्य विकास संस्थानो द्वारा हो रहे प्रशिक्षण कार्यक्रमो, जागरुकता अभियानो, तथा मूल्यांकन, शोध, अध्ययन सम्बन्धी गतिविधियों व्यापक प्रचार प्रसार हेतु एक दिवसीय मीडिया कार्यशाला का आयोजन राज्य ग्राम्य विकास संस्थान बख्शी का तालाब लखनऊ में किया गया।महानिदेशक दीनदयाल उपाध्याय राज्य ग्राम विकास संस्थान बक्शी का तालाब लखनऊ, स्टेट नोडल आफीसर मिशन कर्मयोगी एल वेंकटेश्वर लू ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण के लिए हम सबको आपसी समन्वय व तारतम्य बनाकर निस्वार्थ भाव से काम करना होगा। हम सबको अपने दायित्व के निर्वहन में अपनी क्षमता व ज्ञान का उपयोग करने के साथ ही अपने व्यवहार को मधुर व सरल बनाए रखने की जरूरत है। विकास योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। एल वेंकटेश्वर लू आज दीनदयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान में राज्य स्तरीय एक दिवसीय मीडिया कार्यशाला की अध्यक्षता कर रहे थे। विकसित भारत के निर्माण के लिए सभी क्षेत्रों का समग्र व चहुंमुखी विकास की आवश्यकता है, इसमें मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। कर्तव्यों के निर्वहन में टेक्नोलॉजी के साथ आध्यात्म के सिद्धांतों को अपनाना होगा।गीता में भारत के अध्यात्म की उत्कृष्टता समाहित है। गीता वेदों व उपनिषदों का सार है। गीता भारत के अध्यात्म की पूंजी है।अमृत की भावना का प्रगटीकरण त्याग की भावना से होता है। गीता के तमाम श्लोकों का उद्धरण करते हुए उन्होंने दायित्वों व कर्तव्यों के निर्वहन में गीता से सीख लेने की सलाह दी। कहा कि टेक्नोलॉजी का सदुपयोग होना चाहिए, दुरुपयोग कतई नहीं होना चाहिए। अपर निदेशक राज्य ग्राम्य विकास संस्थान बीडी चौधरी ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए संस्थान की गतिविधियों के परिप्रेक्ष्य में मीडिया की अपेक्षित भूमिका पर प्रकाश डाला और कहा कि विकास कार्यक्रमों में मीडिया संस्थान सकारात्मक, प्रासंगिक व उपयोगी भूमिका निभा रहे हैं।

# कामिल और फाजिल की डिग्रियां मदरसों के दायरे से बाहर की जाएंगी

## योगी सरकार मदरसा अधिनियम में संशोधन करने जा रही है



जन एक्सप्रेस | लखनऊ

- शासन स्तर पर प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है, जल्द ही प्रस्ताव पर मुहर लग जाएगी
- इसके लिए उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद अधिनियम-2004 में संशोधन किया जाएगा

योगी सरकार मदरसा अधिनियम में संशोधन करने जा रही है। इसके बाद मदरसा अधिनियम के दायरे कामिल और फाजिल की डिग्रियां बाहर की जाएंगी। यूपी के मदरसों में अब कामिल (स्नातक) और फाजिल (स्नातकोत्तर) की पढ़ाई नहीं हो पाएगी। शासन स्तर पर प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। जल्द ही प्रस्ताव पर मुहर लग जाएगी। इसके लिए उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद अधिनियम-2004 में संशोधन किया जाएगा।

### सुप्रीम कोर्ट ने मदरसा शिक्षा परिषद अधिनियम की संविधानिक वैधता को बरकरार रखा था

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मदरसा अधिनियम को असंवैधानिक करार दिया था। इसके बाद मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा। सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले को पलट दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि यूपी मदरसा अधिनियम के सभी प्रावधान संविधा के मूल ढांचे का उल्लंघन नहीं करते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने मदरसा शिक्षा परिषद अधिनियम की संविधानिक वैधता को बरकरार रखा था।

### उच्च शिक्षा यूजीसी अधिनियम के तहत संचालित होती है

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 12वीं कक्षा से आगे कामिल (स्नातक) और फाजिल (स्नातकोत्तर) का प्रमाणपत्र देने वाले मदरसों को मान्यता नहीं दी जा सकती, क्योंकि उच्च शिक्षा यूजीसी अधिनियम के तहत संचालित होती है। इसका मतलब है कि इन डिग्रियों की मान्यता अब केवल विश्वविद्यालयों द्वारा दी जाएगी, न कि मदरसों द्वारा। वहीं, उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद अधिनियम-2004 में परिषद की शक्तियां बताई गई हैं। इसमें मदरसा बोर्ड मुंशी, मौलवी, आलिम, कामिल और फाजिल पाठ्यक्रमों की परीक्षाओं का संचालन करेगा। इस एक्ट के आधार पर ही उत्तर प्रदेश अशासकीय अरबी और फारसी मदरसा मान्यता, प्रशासन और सेवा विनियमावली-2016 तैयार की गई थी।

# उद्यान मंत्री ने की योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार और कृषि निर्यात राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि योगी सरकार उद्यान विभाग के माध्यम से किसानों की आय में बढ़ोतरी करने का कार्य कर रही है। किसानों को खेती एवं औद्यानिक फसलों में आधुनिक तकनीकों के प्रयोग के लिए प्रेरित किया जा रहा है, जिससे उन्हें कम लागत और कम मेहनत में उन्हें उनकी फसल का अधिक से अधिक लाभ मिल सके। प्रदेश के किसानों की फसलों की प्रदेश के साथ देश-विदेश में भी भेजने का कार्य किया जा रहा है। किसानों को विभिन्न प्रशिक्षण एवं गोष्ठियों के माध्यम से फसलों को बेहतर तैयार करने एवं उच्च मूल्य की औद्यानिक फसलों की उपयोगिता एवं लाभों की जानकारी दी जाय।उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह गुरूवार को लखनऊ स्थित अपने मंत्री आवास पर वीडियो क्रान्फेंसिंग के माध्यम से विभागीय समीक्षा बैठक कर रहे थे। उद्यान विभाग की संचालित औद्यानिक योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र किसानों तक पहुंचाने का कार्य किया जाय।

# अब राजनीति में गूंजेगा लाउडस्पीकर का शोर

- सीएम सख्त बोले, लाउडस्पीकर का शोर न बने कानफोड़ू
- सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का पालन कराना सुनिश्चित कराएं पुलिस अफसर

जन एक्सप्रेस। संतोष कुमार दीक्षित



**राज्य मुख्यालय।** लाउडस्पीकर के कानफोड़ू स्वर को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सख्त हैं। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों का पालन कराने के आदेश दिए हैं। धार्मिक स्थानों पर तड़के बजने वाले लाउडस्पीकर का शोर वृद्धजन, रोगियों और स्कूल-कॉलेज के बच्चों के लिए बड़ी समस्या बन रहे हैं।

### एक्स पर किया पोस्ट

यूपी सीएमओ ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर लिखा -धर्मस्थलों पर अथवा गीत-संगीत के कार्यक्रमों में तय मानक से अधिक आवाज तथा निर्धारित समय के बाद लाउडस्पीकर/डीजे न बजाए जाएं। यदि नियमों का उल्लंघन होता मिले तो तुरंत कार्रवाई की जाए।

### शोर से परेशानी की शिकायत मिली तो होगी बड़ी कार्रवाई

सीएम योगी आदित्यनाथ ने सख्त लहजे में पुलिस अधिकारियों से कहा है कि यदि लाउडस्पीकर के शोरगुल को शिकायत मिली तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिसके बाद पुलिस हरकत में आई और गुरुवार सुबह सड़कों पर पुलिसबल का जमावड़ा दिखा। पुलिस अफसरों ने क्षेत्रों का भ्रमण किया। बता दें कि निरीक्षण को निकले लखनऊ के सीनियर पुलिस अफसरों ने हजरतगंज, महानगर, पश्चिम क्षेत्र में लाउडस्पीकर की स्थिति को जाना। वहीं पुलिस कमिश्नर अमरेंद्र कुमार सेंगर और सभी डीसीपी ने सभी धार्मिक स्थलों पर लाउडस्पीकर को चेक किया।

### तेज स्पीड में बाइक चलाने वालों की खैर नहीं

अक्सर सड़कों पर हाई स्पीड बाइकर्स देखे जाते हैं। ऐसे लोगों की वजह हादसे होने का अंदेशा अधिक रहता है। इन लोगों पर लगाम लगाने के लिए पुलिस ने अभियान चलाया। पुलिस अधिकारियों ने मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों से संवाद किया।

### गर्मा सकती है राजनीति



लाउडस्पीकर के शोर को सीमित किए जाने का मामला फिर से तूल पकड़ सकता है। विपक्षी दल इसे अल्पसंख्यकों पर किए जाने वाली कार्रवाई के रूप में हवा देकर मुस्लिम वोट बैंक को साधने की राजनीति जुट गए हैं। विपक्षी दल मुस्लिमों को यह समझाने की पुरजोर कोशिश करेंगे कि योगी सरकार मुस्लिम विरोधी है, जबकि लोगों की मानें योगी सरकार में सरकारी योजनाओं का सर्वाधिक लाभ इसी समुदाय विशेष के लोगों को मिल रहा है।

### पहले भी हो चुकी है कार्रवाई

बता दें कि प्रदेश में धार्मिक स्थल पर बजने वाले लाउडस्पीकर और तेज आवाज में बजते डीजे को लेकर पहले भी शासन स्तर पर कई तरह की कार्रवाई की जा चुकी है। अब फिर से लाउडस्पीकर के शोर पर लगाम लगाने की तैयारी है।

# शराब व्यवसायी के साथ लूट की घटना का हुआ पर्दाफाश

■ लूट के माल तथा अवैध असलहे सहित चार गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



बीती 1 दिसम्बर की रात शराब व्यवसायी साथ हुई लूट के मामले में पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह के निर्देशन में स्थानीय पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

ज्ञात हो कि थाना कोतवाली नगर जनपद रायबरेली अंतर्गत अमर नगर निवासी राजकुमार जायसवाल पुत्र रामभरोसे के साथ कुछ बदमाशों द्वारा कनपटी पर असलहा लगाकर लूट की घटना को अंजाम दिया गया था। घटना के अगले दिन पीड़ित राजकुमार जायसवाल ने थाना गुरुबक्शगंज पर लिखित तहरीर देकर घटना की जानकारी दी। घटना की तहरीर मिलते ही स्थानीय पुलिस एवं एसओजी /सर्विलांस की संयुक्त टीम ने सक्रियता से घटना की जांच शुरू कर दी और 24 घंटे के भीतर ही घटना को अंजाम देने वाले चार अभियुक्तों राकेश पुत्र गंगा निवासी ग्राम सुल्तानपुर जाला थाना लालगंज जनपद रायबरेली, विकास पुत्र रामदेव निवासी ग्राम बैसखा मजरे सोंडासी थाना डलमऊ जनपद रायबरेली, गौरव उर्फ गोलू पुत्र राजकिशोर निवासी ठकुराइन खेड़ा पो0 शगुनी थाना खीरों जनपद रायबरेली, शिवा पुत्र बचौले निवासी ग्राम जैनापुर थाना खीरों जनपद रायबरेली को लूट के रूपये व अवैध शस्त्र-कारतूस के साथ गुरुबक्शगंज थाना क्षेत्र के डोमापुर मोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया।

घटना का अनावरण करते हुए पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह ने बताया कि अभियुक्तों से पूछताछ करने पर उनके द्वारा बताया गया कि राकेश कुमार जो शराब व्यवसायी राजकुमार जायसवाल के मधुकरपुर देशी शराब के ठेके पर 7-8 साल से सेल्समैन का काम करता था। जिस पर बैंक का काफी लोन बकाया था। रूपयों की लालच में आकर इस घटना को योजनाबद्ध तरीके से घटना को अंजाम दिया गया। राकेश कुमार को पता था कि 4-5 दिन बाद पाँचो ठेकों से क्रमशः देशी शराब ठेका नरपतगंज, रेल कोच फैक्ट्री, शेखवापुर, मधुकरपुर व बीयर की दुकान मधुकरपुर से शराब व बीयर की बिक्री का पैसा इकठ्ठा कर ले जाते हैं। बैंक का लोन चुकाने के लिये राकेश ने अपने साथियो के साथ योजना बनायी।

इसी योजना के तहत बीती 01 दिसम्बर 2024 को शाम के समय अपनी मोटरसाईकिल स्पलेण्डर से पीछा करके अंधेरा हो जाने पर ग्राम सोइठा थाना गुरूबक्शगंज रायबरेली-लालगंज हाईवे पर शराब व्यवसायी राजकुमार जायसवाल की मोटरसाईकिल के आगे अपनी मोटरसाईकिल ओवरटेक करके रोक लिया और मैनेजर की कनपटी पर तमंचा लगाकर बैग पर झपट्टा मारकर बैग छीन कर वह लोग भाग गये थेलूट के इन्हीं पैसों से नई पल्सर मोटरसाईकिल भी खरीदी। गिरफ्तार किए गए सभी अभियुक्तों को अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गयाउक्त घटना का सफल अनावरण /खुलासा करने वाली पुलिस टीम को उत्साहवर्धन हेतु पुलिस अधीक्षक ने बीस हजार रुपये से पुरस्कृत किया।

# समस्याओं से ध्यान भटकाने के लिए दंगे कराती है सरकार: ओपी यादव




**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

समाजवादी पार्टी विधान सभा सदर की ओर से एक जनसभा भरतगंज में विधान सभा अध्यक्ष योगेश्वर पटेल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। सभा का संचालन शिवबरन यादव ने किया। सभा को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजवादी नेता ओपी यादव ने कहा कि आज किसान खाद-पानी बीज के लिए परेशान है। मँहगाई, बेरोजगारी चरम पर है उप चुनाव में सरकार द्वारा लोकतंत्र की लूट की गयी इन समस्याओं से ध्यान भटकाने के लिए सरकार ने सम्भल में प्रायोजित दंगा कराया, जिसमें पांच निर्दोषों की जान चली गयी एवं दर्जनों लोग घायल हो गये।

बैठक के प्रभारी मो0 हसीन ने कहा कि संगठन बूथ स्तर तक मजबूत करना है एवं मतदाता सूची में छूटे नाम जोड़ने में कार्यकर्ता सहयोग करें पर्यवेक्षक नीलेश यादव ने कहा कि राजस्व विभाग द्वारा अंश निर्धारण में बहुत लापरवाही की जा रही हैसभी लोग जागरूकता परिचय देकर अपनी-अपनी खतौनी की जांच करते हैं वरिष्ठ समाजवादी नेता महादेव प्रसाद ने कहा कि कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ होते हैं। सभी को पूरी निष्ठा व लगन से कार्य करने की आवश्यकता है। सभा को घनश्याम यादव, अनुराग, मंजेश वर्मा अनुज सिंह, रजनीश कुमार, जगदीश प्रसाद, रामनरेश, राज बहादुर, गंगा प्रसाद, प्रदुमन, दीपक सिंह, इम्तियाज रमेश सिंह, कुलदीप अमन, शिव सागर, राधेश्याम आदि लोगों ने सम्बोधित किया।

# शिक्षक समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध हो: धीरेन्द्र प्रताप सिंह

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**




बृहस्पतिवार को शिक्षक समस्याओं को लेकर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ एवं जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ अमेठी का प्रतिनिधि मण्डल धीरेन्द्र प्रताप सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी से मिला।प्रतिनिधि मंडल ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के समक्ष शिक्षक समस्याएं रखीं।

जिसमें अर्जित अवकाश की पोर्टल पर फीडिंग, भविष्य निर्वाह निधि की लेखा पर्ची निर्गत कराने, चयन वेतनमान स्वीकृत आदेश निर्गत करने, लापता सेवा पुस्तिका को खोजवाने, एक दिवसीय अवरूद्ध वेतन बहाल करने, कार्यालय से विद्यालयों को विभिन्न मुद्दों में पीएफ एमएस में जारी लिमिट का विवरण उपलब्ध कराने तथा 12460 बीटीसी भर्ती में शिक्षकों का अवशिष्ट वेतन देयक आदेश निर्गत करने सहित कई शिक्षक समस्याओं पर वार्ता की गई।जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने सभी समस्याओं का निस्तारण शीघ्र कराने का आश्वासन दिया।

शिक्षक संघ प्रतिनिधि मण्डल में सुरेन्द्र बहादुर सिंह संरक्षक श्रीराम सोनी महामंत्री सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# अच्छी पैदावार के लिये किसान डीएपी के विकल्प के रूप में नैनो डीएपी, एनपीके का करें इस्तेमाल: जिला कृषि अधिकारी

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

जिला कृषि अधिकारी डॉ राजेश कुमार ने बताया कि बेहतर पैदावार के लिये किसान अब डीएपी विकल्प के रूप में नैनो डीएपी,एनपीके एवं सिंगल सुपर फास्फेट का इस्तेमाल कर सकते हैं। सरसों एवं दलहनी फसलों की बुवाई के लिये किसान एसएसपी यानी सिंगल सुपर फास्फेट का प्रयोग अधिक से अधिक करें।जिससे भूमि को अन्य पोषक तत्वों के साथ सल्फर भी मिल सके।और गेहूँ की बुवाई में डीएपी की तुलना में एनपीके का प्रयोग अधिक करे। जिससे फसल को नाइट्रोजन, फास्फोरस और पोटास की उपलब्धता हो सके। जनपद में वर्तमान में 13953 मी. टन यूरिया, 1862मी.टन डीएपी, 119 टन पोटास,1248 टन एनपीके एवं 2161मी.टन सिंगल सुपर फास्फेट उपलब्ध है। किसान अपनी खतौनी के आधार पर उर्वरक प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही जनपद में इफको की एक फुल रैक डीएपी प्राप्त होने जा रही है। उर्वरक से सम्बन्धित किसी भी समस्या के लिये किसान 7275991287 एवं 9473713234 नम्बरों पर सुबह 10.00 बजे से 5.00 बजे तक जिला कृषि अधिकारी कार्यालय में स्थापित कन्ट्रोल रूम में सम्पर्क कर सकते हैं।

# डीएम ने ईवीएम वेयर हाउस का किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित ई0वी0एम0 वेयर हाउस का राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ आंतरिक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी गई निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वहां साफ-सफाई सुरक्षा तथा सीसीटीवी कैमरे आदि व्यवस्थाओं को चेक किया तथा ई.वी.एम, वी.वी. पैट व कंट्रोल यूनिट के रख-रखाव को देखा गया तथा सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सीसीटीवी कैमरों व साफ-सफाई की व्यवस्था के साथ-साथ सुरक्षा व्यवस्था भी चाक-चौबंद रखी जाए इसमें किसी प्रकार की शिथिलता/लापरवाही किसी के द्वारा न बरती जाये इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय अपर जिला अधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ जिला पंचायत राज अधिकारी सौम्यशील सिंह कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष विजय शंकर अग्निहोत्री सहित संबंधित अधिकारी व राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि गण उपस्थित रहे।

## सरकारी अस्पतालों में तैनात सुरक्षा गार्ड्स को सेवा समाप्ति का नोटिस

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

यूपी के अयोध्या में सरकारी अस्पतालों में तैनात 160 सुरक्षा गार्ड्स को सेवा समाप्ति का नोटिस दिया गया है। मैन पावर सप्लाई करने वाली आईटी वर्ड सुल्तानपुर ने सुरक्षा गार्ड्स को सेवा समाप्ति का नोटिस दिया है। नौकरी जाने की बात आई तो सुरक्षा गार्ड्स ने जिला अस्पताल में प्रदर्शन किया। सुरक्षा गार्ड्स ने कहा कि जब निकालना ही था तो भर्ती क्यों किया था? नौकरी जाने की बात आई तो सुरक्षा गार्ड्स ने जिला अस्पताल में प्रदर्शन किया। सुरक्षा गार्ड्स ने कहा कि जब निकालना ही था तो भर्ती क्यों किया था? उन्होंने कंपनी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए हंगामा किया। कंपनी की तरफ से दिए गए नोटिस में हवाला दिया गया है कि सीएमओ ऑफिस से पत्र जारी हुआ है। सरकारी अस्पतालों में सुरक्षा गार्ड्स की तैनाती उत्तर प्रदेश पूर्व सैनिक कल्याण निगम के माध्यम से करने के निर्देश दिए गए हैं।

# अयोध्या में वशिष्ठ कुंज आवासीय योजना हुई लॉन्च

## 10 लाख से 64 लाख तक के उपलब्ध होंगे मकान



**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

अयोध्या के विकास में मील का पत्थर साबित होने वाली वशिष्ठ कुंज आवासीय योजना लॉन्च की गई। इस योजना को विकास प्राधिकरण विकसित करेगा। प्राधिकरण के अध्यक्ष व कमिश्नर गौरव दयाल ने वशिष्ठ कुंज आवासीय योजना की लॉन्चिंग की। लखनऊ हाईवे पर फिरोजपुर उपहार गांव के पास स्थित है वशिष्ठ कुंज आवासीय योजना में कम से कम 10 लाख 49 हजार रुपए व अधिकतम 64 लाख 64 हजार के मकान उपलब्ध होंगे। इसमें पार्क अस्पताल व पुलिस स्टेशन की सुविधा उपलब्ध होगी। ईडब्ल्यूएस, एलआईजी, एमआईजी व एचआईजी के भूखंड होंगे। लॉटरी के माध्यम से आवंटन होगा। आवेदनकर्ता 1000 रूपए के आवेदन शुल्क के साथ प्राधिकरण की वेबसाइट vashishtkunj.ayodhyada.in पर आवेदन कर सकते हैं। लॉन्चिंग के समय आईजी प्रवीण कुमार, प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अश्वनी पांडे व सचिव सत्येंद्र सिंह के साथ अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## स्कूटी चार्ज करते समय करंट लगने से मौत

**जन एक्सप्रेस/अमेठी।** जनपद के जायस कोतवाली क्षेत्र में गुरुवार को करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई।हादसा उस वक्त हुआ जब युवक अपनी इलेक्ट्रिक स्कूटी को घर में प्लग बोर्ड से लगाकर चार्ज कर रहा था।

सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। जायस थाना क्षेत्र के मकदूमपुर के मोहना गांव का रहने वाला छोटेलाल बृहस्पतिवार को पूर्वाह्न करीब ग्यारह बजे अपने घर में खड़ी इलेक्ट्रिक स्कूटी को चार्जिंग पर लगा रहा था। इसी दौरान उसे जोरदार करंट का तेज झटका लगा।जिससे कि छोटेलाल ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए।और पुलिस को बुलाया गया।

जायस कोतवाली प्रभारी रवि सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है।और मामले की जांच की जा रही है।गांव के पूर्व प्रधान जय प्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि यह घटना बेहद दुखद है।स्कूटी चार्ज करते वक्त करंट लगने से छोटेलाल की मौत हो गई।

# राहुल गांधी व प्रियंका गांधी को संभल जाने से रोकने पर कांग्रेस जनों ने कैंडल जलाकर विरोध प्रकट किया

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



संभल में हुई घटना के विरोध में रायबरेली के कांग्रेस जनों ने शाहिद चौक डिग्री कॉलेज चौराहा पर अपने नेता के सम्मान में कैंडल जलाकर विरोध प्रकट किया और बताया नेता प्रतिपक्ष लोकसभा सांसद राहुल गांधी एवं सांसद श्रीमती प्रियंका गांधी को संभल जाने से रोकने के विरोध में जिला व शहर कांग्रेस कमेटी ने शहीद चौक पर कैंडल जलाकर भाजपा सरकार को सद्बुद्धि प्रदान करने व पीड़ित व्यक्तियों को न्याय मिलने के लिए प्रार्थना की जिला वह शहर कांग्रेस कमेटी सभी कांग्रेस जनों ने शाहिद चौक डिग्री कॉलेज चौराहा पहुंचकर भाजपा सरकार के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया राहुल गांधी एवं प्रियंका गांधी को गाजीपुर बॉर्डर पर लोकतांत्रिक तरीके से रोका जाना दुर्भाग्यपूर्ण है राहुल गांधी जी न सिर्फ सांसद हैं बल्कि नेता प्रतिपक्ष लोकसभा भी हैं भाजपा सरकार द्वारा उन्हें जबरन रोकना यह साबित करता है कि सरकार संभल की घटना का सच देश और दुनिया से छिपाना चाहती है कांग्रेस पार्टी पीड़ित परिवारों को न्याय मिलने तक अपना संघर्ष जारी रखेगी भाजपा सरकार देश में अल्पसंख्यकों के लिए भाई का माहौल बनाकर सत्ता में बनी रहना चाहती है सरकार के पक्षपात वाले रवैया की वजह से देश के मुसलमान का न्याय व्यवस्था से भरोसा उठता जा रहा है जो देश हित में सही नहीं है।

इस कैंडल प्रार्थना सभा में प्रमुख रूप से जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पंकज तिवारी वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय शंकर अग्निहोत्री निर्मल शुक्ला शशिकांत पांडे राजकुमार दीक्षित अजीत सिंह श्रीमती शैलजा सिंह आयुष द्विवेदी सूर्यकुमार बाजपेई अखिलेश मिश्रा आशीष द्विवेदी सुनील प्रताप सिंह मनोज मिश्रा मोहम्मद उस्मान अजीजुल हसन संजय श्रीवास्तव अमित मिश्रा सौरभ शुक्ला मोहम्मद सलीम रमाकांत त्रिपाठी मदन सिंह परिहार शादाब खान यज्ञ देव शर्मा सुमित कुमार प्रमोद पांडे ए सर्वोत्तम मिश्रा सहित तमाम कांग्रेस जन्म उपस्थित रहे।

## दुकानदार न दें पक्का बिल... तो करें शिकायत

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

अयोध्या में अधिकारियों ने कहा कि दुकानदार पक्का बिल न दें तो स्टेट जीएसटी में शिकायत करें। प्रतिष्ठानों पर नोटिस चस्पा करने के निर्देश दिए।

यूपी के अयोध्या में स्टेट जीएसटी के अधिकारियों ने खरीदारी करते समय ग्राहकों से पक्का बिल लेने के लिए अपील की है। इसके फायदे गिनाते हुए उन्होंने प्रतिष्ठानों के बाहर नोटिस चस्पा करने के निर्देश भी दिए हैं। साथ ही पक्का बिल न जारी करने वाले दुकानदार की शिकायत करने के लिए फोन नंबर भी जारी किया है।

वास्तविक बिक्री न दिखाकर कर चोरी करने के चक्कर में अधिकांश व्यापारी ग्राहकों को पक्का बिल नहीं देते हैं। ग्राहक भी इसके प्रति गंभीर नहीं होते हैं। ऐसे में दुकानदार स्टेट जीएसटी को भी चूना लगाते हैं। बीते दिनों हुई एसआईबी की कार्रवाईयों में भी ऐसे मामले सामने आए हैं।

इसे संज्ञान लेकर राज्य कर आयुक्त डॉ. नितिन बंसल ने सभी जोनल अपर आयुक्त को दिशा-निर्देश दिए हैं। 28 नवंबर को जारी इस पत्र में उन्होंने कहा कि ग्राहकों को खरीदारी करते समय पक्का बिल जरूर लेना चाहिए।

इससे किसी भी सामान की गारंटी/वारंटी भी आवश्यकतानुसार क्लेम की जा सकती है। माल वापसी या गुणवत्ता में शिकायत होने पर बिल के आधार पर ही वापसी संभव है। उन्होंने करदाताओं को भी बिल जारी करने के लिए जागरूक करने के निर्देश दिए हैं।

अपर आयुक्त ग्रेड-1 अरविंद कुमार ने बताया कि व्यवसायिक प्रतिष्ठानों, दुकान, ऑफिस, आउटलेट, रेस्टोरेंट, शॉपिंग मॉल्स आदि पर %अपने खरीद का पक्का बिल लें, यह आपका अधिकार है। बिल लेने से कीमत पर कोई असर नहीं पड़ता है।

# जनपद में डीएपी 3780 मी0 टन एवं एनपीके 1835 मी0 टन वितरण हेतु निजी व सहकारी बिक्री केन्द्रों एवं गोदामों पर उपलब्ध

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**




जिला कृषि अधिकारी ने जनपद के कृषक बंधुओं से कहा है कि चालू रबी सीजन में 04 दिसम्बर 2024 तक जनपद में डीएपी 3780 मी0 टन एवं एनपीके 1835 मी0 टन वितरण हेतु निजी व सहकारी बिक्री केन्द्रों एवं गोदामों पर उपलब्ध है चालू रबी सीजन में 1 अक्टूबर 2024 से 04 दिसम्बर 2024 तक डीएपी 20744 मी0 टन एवं एनपीके 9416 मी0 टन कुल 30160 मी0 टन फास्फेटिक उर्वरकों की बिक्री हुई है। विगत वर्ष 1 अक्टूबर 2023 से लेकर 04 दिसम्बर 2023 तक डीएपी 23365 मी0 टन एवं एनपीके 6949 मी0 टन कुल 30314 मी0 टन फास्फेटिक उर्वरकों की बिक्री हुई थीइस प्रकार विगत रबी सीजन की अपेक्षा चालू रबी सीजन में एनपीके 2467मी0टन की अधिक बिक्री हुई है जबकि डीएपी की 2621 मी0 टन कम बिक्री हुई है जिसका एक कारण फास्फेटिक के रूप में एनपीके की बिक्री विगत वर्ष से अधिक होना भी हैचालू रबी सीजन में जनपद में लगभग 80 फीसदी क्षेत्रफल में फसलों की बुआई हो चुकी है इस समय रवी फसलों की बुवाई अपने अंतिम चरण में है जिस हेतु फास्फेटिक उर्वरक जिसमें डीएपी, एनपीके एवं सिंगल सुपर फास्फेट का प्रयोग किसान बंधुओं द्वारा किया जा रहा है की समुचित मात्रा उपलब्ध है किसान भाई डीएपी के स्थान पर अन्य फास्फेटिक उर्वरक जैसे एनपीके, टीएसपी (ट्रिपल सुपर फास्फेट) एवं सिंगल सुपर फास्फेट का प्रयोग गेहूँ व अन्य फसलों की बुवाई के समय कर सकते हैं विगत वर्षों की भांति उर्वरकों की आपूर्ति हो रही है जनपद के रैक पॉइंट पर कल दिनांक 06 दिसम्बर को आरसीएफ कंपनी की आधी रैक डी ए पी एवं टी एस पी लगने की सम्भावना है, जिसमे प्राप्त होने वाली मात्राओं का प्रेषण निजी व सहकारी दोनों क्षेत्रों में कराया जायेगा कतिपय समाचार पत्रों में फास्फेटिक उर्वरकों मुख्य रूप से डीएपी की कमी होने के सम्बन्ध में प्रकाशित खबरें आधारहीन हैं तथासमुचित रूप से सही नहीं है एवंवास्तविक स्थिति से अलग हैं इसलिए किसान भाइयों से अनुरोध है कि किसी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें तथा उर्वरकों का अग्रिम भंडारण ना करें। साथ ही जोत के अनुरूप बोई जाने वाली फसलों के दृष्टिगत संस्तुत मात्रा में ही उर्वरकों का क्रय करें उर्वरक की आपूर्ति किसान बंधुओं के उपयोग हेतु लगातार कराई जा रही है।

# रायबरेली राज्य कर विभाग उत्तर प्रदेश ने चलाया जागरूकता अभियान



**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

जागरूकता अभियान कचहरी रोड से गुरु तेग बहादुर मार्केट तक चलाया गया, जिसमें प्रत्येक दुकानों पर इस आशय का स्टीकर लगाया गया कि उपभोक्ता खरीद का पक्का बिल ले और व्यापारी उपभोक्ता को बिल प्रदान करें, साथ ही साथ समाधान योजना के अंतर्गत आने वाले व्यापारियों को बताया गया कि उपभोक्ता को बिल आफ सप्लाई प्रदान करें।

जागरूकता अभियान में प्रदेश युवा अध्यक्ष अतुल कुमार गुप्ता जिला अध्यक्ष त्रिलोचन सिंह छाबड़ा सहायक आयुक्त वाणिज्य कर अमित श्रीवास्तव, राजीव राय, एसटीओ अरविंद सिंह ने एक-एक दुकान पर जाकर व्यापारियों को अभियान में सहयोग प्रदान करने की अपील की जागरूकता अभियान में वरिष्ठ जिला महामंत्री संदीप शुक्ला, जिला कोषाध्यक्ष चंद्र प्रकाश गुप्ता नगर अध्यक्ष केके गुप्ता कोषाध्यक्ष मोहम्मद शकील विक्की सिंह आलोक सिंह उपस्थित रहे।



**एसपी लाउडस्पीकर की आवाज को लेकर सख्त...**

धार्मिक स्थलों पर लाउडस्पीकर की आवाज को नियंत्रित करने और निर्धारित मानकों का पालन सुनिश्चित करने के लिए पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा के नेतृत्व में विशेष अभियान चलाया गया। यह कार्रवाई माननीय उच्चतम न्यायालय और उत्तर प्रदेश शासन के... पढ़ें पेज 07 पर...

# यात्रियों से भरी टूरिस्ट बस अनियंत्रित होकर पलटी, एक दर्जन से अधिक यात्री हुए घायल

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**







पनकी मंदिर के पास एक तेज रफ्तार टूरिस्ट बस अनियंत्रित होकर पलट गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पान की पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद यात्रियों को बस से बाहर निकाला और पास के अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया। बस में 30 यात्री सवार थे। जांच के दौरान पाया गया कि बस में ऊपर से लेकर नीचे और अंदर सवारी के साथ अवैध रूप से सामान भरा हुआ था। इस वजह से यात्रियों को ज्यादा चोट आई है। पनकी थाना प्रभारी मानवेंद्र सिंह ने बताया कि देर रात 2:00 बजे पीआरबी को सूचना मिली कि कुणाल टूरिस्ट सर्विस की बस जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर यूपी 35 टी 3771 है। यह बस रामा पैलेस पनकी मंदिर के पास पनकी से कोयला नगर होते हुए रामादेवी लौट रही थी। भारतीय तिराहा के आगे रेलवे पुल के पास अनियंत्रित होने के बाद पलट गई। बस में यात्री फंसे हुए हैं और चीख पुकार मची हुई है। मामले की जानकारी मिलते ही पनकी थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला। इस दौरान 30 सवारी में से 16 गंभीर यात्रियों को पास के अलग-अलग अस्पताल में एंबुलेंस की मदद से एडमिट कराया गया। इसके साथ ही उनके परिजनों को फोन पर हादसे की सूचना दी गई।

### पनकी के इन अस्पतालों में भर्ती है घायल यात्री

राजा राम हॉस्पिटल पनकी में चार घायल यात्रियों को भर्ती कराया गया है। जिनमें से कुसुम यादव पत्नी अवध नरेश यादव उम्र 40 वर्ष गोविंद नगर, ममता यादव पत्नी चंद्रवीर सिंह यादव उम्र 45 वर्ष गोविंद नगर कानपुर, सीमा यादव पत्नी प्रदीप यादव हल्सी रोड थाना कलक्टर गंज, नेहा उम्र 40 वर्ष पत्नी शिव गोविंद यशोदा नगर महावीर अस्पताल में 7 मरीज एडमिट किए गए हैं। किशोर शर्मा पुत्र अशोक कुमार शर्मा बिधनू कानपुर, नीरज यादव पत्नी शिव शंकर यादव यशोदा नगर, रमेश सिंह यादव पुत्र रामचंद्र अकबरपुर कानपुर देहात, सुमित यादव पुत्र जगरूप सिंह यादव सेन पश्चिम पारा, सुनीता यादव पत्नी सुमित यादव सेन पश्चिम पारा, प्रियंका यादव पत्नी आशीष यादव घंटाघर कानपुर, वही 6 पेशेंट सीएससी कल्याणपुर में भर्ती किए गए हैं। शिव गोविंद यादव पुत्र शीवधार उम्र 45 वर्ष नौबस्ता, लखन पुत्र मदन उम्र 50 वर्ष घाटमपुर, सुनील उम्र 40 वर्ष पुत्र सोहनलाल साढ़ कानपुर, विजयलक्ष्मी उम्र 50 वर्ष पत्नी रामजीवन नौबस्ता, अंशु शर्मा उम्र 17 वर्ष पुत्र किशन शर्मा नौबस्ता, एम झा उम्र 40 वर्ष पुत्र श्रीकांत झा नौबस्ता कानपुर यह सभी घायल है।

## इलाके में नेग मांगने को लेकर किन्नरों के दो गुटों में मारपीट, पथराव-फायरिंग

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**

कानपुर में नेग मांगने को लेकर बुधवार देर रात चकेरी इलाके में किन्नरों के दो गुट आपस में भिड़ गए। तीन कारों में सवार एक दर्जन लोगों ने एक पक्ष के किन्नरों पर लाठी डंडों से हमला कर दिया। पथराव और पांच राउंड फायरिंग भी की। बवाल के दौरान एक पक्ष से चार लोग घायल हो गए। पूरी घटना आसपास घरों में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। पीड़ित किन्नर ने चकेरी थाने में आरोपियों के खिलाफ मारपीट और लूट की तहरीर दी है। सनिगवां कांशीराम कालोनी निवासी किन्नर रोली गुड़िया ने बताया कि नौबस्ता की किन्नर नीलम नायक उनके क्षेत्र में आकर लोगों से नेग ले जाती हैं। इसे लेकर पहले में भी कई बार झगड़ा हो चुका है। तब सनिगवां चौकी में पुलिस ने समझौता करा दिया था। हालांकि इसके बाद से वह उससे खुन्नस रखने लगी। बुधवार देर रात वह कार से साथी किन्नर महक दीक्षित, माही आदि के साथ घर जा रही थी। उसी दौरान अन्ना चौराहा से कुछ आगे वह जैसे ही विश्वकर्मा मंदिर के पास पहुंचीं, पहले से दो-तीन कारों में सवार होकर घात लगाए बैठी नीलम नायक 20 अन्य लोगों ने उन्हें घेरकर पीटा।

## गौ माता में 33 करोड़ देवता है विद्यमान: शुभम वाजपेई



**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**

**शिवराजपुर।** बीते दिन गुरुवार को शिवराजपुर क्षेत्र के महिपालपुर गांव स्थित गौशाला में ब्लॉक प्रमुख शुभम वाजपेई अपने साथियों के साथ पहुंचे। गौशाला पहुंचते ही पहले उन्होंने गौशाला में मौजूद गायों का हाल-चाल जाना। पशु चिकित्सक डॉ शरद वर्मा अपने अन्य साथियों के साथ पहुंचे वहां पर गौ माता की पूजा अर्चना करने के बाद उन्हें गुड़ व केला आदि फल अपने हाथों से खिलाया। उनको प्रतिदिन दिए जा रहे चारे दाने की व्यवस्था का भी मूल्यांकन किया साथ ही जीवन रक्षक दवाओं एवं कृमिनाशक दवाओं आदि के बारे में पूछताछ की। साथ ही कृत्रिम गर्भाधान प्रक्रिया के बारे में डॉक्टर द्वारा विस्तृत जानकारी प्राप्त की। गोपालक रामकिशोर से बात से जब ब्लॉक प्रमुख शुभम वाजपेई ने बात की तो गोपालक ने बताया कि उसे गायों की सेवा के एवज में जो भत्ता मिलना चाहिए उतना नहीं मिल रहा है। जिस पर ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि उसकी समस्या का जल्द ही निराकरण कराया जाएगा। उन्होंने गोपालक से कहां कि गौ माता में 33 करोड़ देवता विद्यमान होते हैं इसीलिए उनकी सेवा में किसी भी प्रकार की कमी नहीं रहनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान उनके साथ साहुल मिश्रा, राजा तिवारी, शिवम कटियार प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## रेप आरोपी की प्रताड़ना से तंग आकर महिला ने की आत्महत्या

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**



शहर में रेप का केस वापस न लेने पर रेप आरोपी ने महिला को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। आरोपी ने पीड़िता को कई बार धमकी भी दी। आरोपियों की प्रताड़ना और धमकियों से तंग आकर आखिर कार महिला ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। आरोपी ने महिला की भतीजी के साथ रेप की घटना को अंजाम दिया था। आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेजा गया था। आरोपियों की कुछ साथी बाहर ही रह गए थे जो लगातार पीड़िता को धमकी दे रहे थे। सूत्रों के मुताबिक नवाबगंज थाना क्षेत्र के रहने वाले एक युवक ने बताया कि वह एक फैक्ट्री में काम करता है उसकी पत्नी ने प्रताड़ना से तंग आकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। महिला के बेटे ने बताया कि मां की भतीजी के साथ गांव के ही कुछ लोगों ने दशहरा मेले से पहले रेप की घटना को अंजाम दिया था। इस घटना को लेकर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। जिसमें दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार करने के बाद जेल भेज दिया था। मगर आरोपियों के कुछ साथी बाहर ही रह गए। पीड़ित ने यह भी बताया कि आरोपियों के साथियों से कैसे वापस लेने का दबाव बनाने के लिए पूरे परिवार को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया था। आरोपियों के साथी आते जाते रास्ते में गाली गलौज और फोन पर भी धमकियां दिया करते थे। आरोपियों द्वारा लगातार दी जा रही धमकियों की वजह से घर के सभी सदस्य डरे हुए रहते थे। इसी वजह से मेरी मां डिप्रेशन में रहा करती थी। इसी डिप्रेशन के चलते उन्होंने पंखे के सहारे बीते दिन बुधवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। नवाबगंज इंस्पेक्टर ने बताया कि परिवार वालों से तारीफ मिली है। परिवार वालों के द्वारा दिए गए तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## गोल चौराहे से आईआईटी कल्याणपुर तक बदलेगा जीटी रोड का चेहरा

- 12 करोड़ की लागत से होगा जीटी रोड का निर्माण

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**



मेट्रो निर्माण के दौरान गोल चौराहे से लेकर आईआईटी गेट तक जीटी रोड सड़क अपना असली स्वरूप खो चुकी है। इसके अलावा अधिक यातायात चलने की वजह से भी जगह-जगह पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए। पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों की माने तो जल्द ही जीटी रोड का निर्माण कराया जाएगा। जीटी रोड के निर्माण के लिए मिनिस्ट्री आफ रोड ट्रांसपोर्ट एंड हाईवे ऑफ़ इंडिया की ओर से एन एच को जीटी रोड का स्वरूप लौट के लिए स्वीकृति मिल चुकी है। इतना ही नहीं सड़क निर्माण के लिए 12 करोड रुपए पास भी हो चुके हैं। टेंडर प्रक्रिया पूरी होते ही मार्ग की सतह का निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। पीडब्ल्यूडी एनएच के अधिशासी अभियंता अरुण कुमार जयंत ने बताया कि जीटी रोड पर मेट्रो निर्माण के बाद कॉरपोरेशन से फौरी तौर पर सड़क की मरम्मत का काम कर दिया गया। जिसमें सड़क की ढाल का सही तरीके से निर्माण नहीं किया गया था। सतही जल निकासी के लिए 9 इंच पाइप के स्थान पर चार इंच का पाइप डाल गया था। जिस कारण आईआईटी से गोल चौराहे तक कई स्थानों पर जल निकासी की समस्या अक्सर बनी रहती है। डिवाइडर पर लगे पेड़ों में कॉर्पोरेशन की ओर से पानी का छिड़काव करने से पानी जीटी रोड पर भर जाता है। जल निकासी नहीं होने के कारण जीटी रोड की विटुमिंन सरफेस जल्द ही उखड़ जाती है। बीते एक माह में दो बार सड़क पर पेचवर्क कराया गया लेकिन चंद दिनों में हालात जैसे के तैसी ही हो गई। जिसे देखते हुए आईआईटी से गोल चौराहे तक जीटी रोड की सतह दुरुस्त करने का एस्टीमेट भेजा गया था। अरुण कुमार जयंत ने बताया कि रोड व सीओडी पुल की सत्य सुधार के लिए मार्थ को लगभग 12 करोड़ का एस्टीमेट स्वीकृत किया गया है। टेंडर प्रक्रिया पूरी होते ही जीटी की मरम्मत शुरू हो जाएगी।

## शहर कांग्रेस कमेटी ने संभल मामले को लेकर निकाला कैंडल मार्च



**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**

शहर कांग्रेस कमेटी कानपुर नगर द्वारा उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर विगत दिनों सम्भल में हुए मानुसिक कृत्य के खिलाफ बीते दिन जिला स्तरीय प्रदेश व्यापी कार्यक्रम श्रृंखला के अंतर्गत कांग्रेस मुख्यालय,तिलक हाल से मृतकों के प्रति शोक संवेदना प्रकट करते हुए मेस्टन रोड स्थित सुभाष प्रतिमा स्थल तक कैंडल मार्च निकाला गया। जहां प्रार्थना सभा भी आयोजित की गई। इस अवसर पर शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए संभल की अमानुषिक घटना को दुर्भाग्यपूर्ण एवं निंदनीय बताते हुए घटना मे मृत व्यक्तियों के लिए संवेदना व्यक्ति की तथा हिंसा में प्रभावित होने वाले लोगों के प्रति संवेदना प्रकट करने हेतु लोकसभा में विपक्ष के नेता जननायक राहुल गांधी व कांग्रेस महासचिव श्रीमती प्रियंका गांधी को घटना स्तर पर न जाने देना सरकार की कुटिल एवं तानाशाही नीति का परिचायक है तथा सरकार द्वारा अपनाया गया यह रवैया लोकतंत्र पर प्रत्यक्ष रूप से हमला है। जिसकी भर्त्सना के साथ हम सभी कांग्रेस जन सरकार को सद्बुद्धि देने की ईश्वर से प्रार्थना करते हैं।

कैंडल मार्च व प्रार्थना सभा में प्रमुख रूप से शंकर दत्त मिश्रा, पवन गुप्ता, दिलीप शुक्ला, लल्लन अवस्थी, रामगोपाल उत्तम, रवि शंकर तिवारी, शांतनु दीक्षित, नीरज द्विवेदी, संजय बाथम, रामजी दुबे, हरीश गुप्ता चंद्रमणि मिश्रा शकील मंसूरी, रम्मू मिश्रा, मुन्ना खान, शकील अहमद, शशांक श्रीवास्तव, शुभम जायसवाल, फुजैल अंसारी, आनंद अवस्थी, राजकिशोर वर्मा, आर बी पाल, गुफरान अहमद चांद, अफजाल अहमद चांद, संजय शिखर, राजेंद्र गौड़ मंझले, संदीप निषाद, अबरार, राकेश द्विवेदी, मुकेश वाल्मीकि, अरुण वाल्मीकि, रवि बाजपेई, राहुल वर्मा, मनु वर्मा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## बिजली बकायादारों के राहत एक मुश्त समाधान योजना 15 दिसंबर से लागू

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**

**शिवराजपुर।** बिजली बकायेदारों के लिए उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से राहत की अच्छी खबर है। विद्युत विभाग 15 दिसंबर से 31 जनवरी के बीच में ओटीएस (एक मुश्त समाधान योजना) लागू करने जा रही है। इसमें उपभोक्ता किस्तों के माध्यम से अपनी बकाया राशि जमा करने का अवसर मिलेगा। बिजली के बकाया उपभोक्ता 47 दिनों तक यह योजना लाभ उठा सकेंगे। इसके लिए बिजली विभाग के अधिकारी बकायेदारों के घरों पर पहुंचकर उन्हें जानकारी देंगे। एसडीओ (विद्युत) अतुलेन्द्र कुमार ने बताया कि उपभोक्ताओं के लिए एकमुश्त समाधान योजना तीन चरणों में लागू होगी। प्रथम चरण 15 दिसंबर से 31 दिसंबर, दूसरा चरण 01 जनवरी से 15 जनवरी और अंतिम चरण 16 जनवरी से 31 तक रहेगा। पंजीकरण के समय 30 सितंबर तक के बिलों के मूल बकाये का 30 प्रतिशत राशि जमा करना अनिवार्य होगा। उन्होंने अभी बताया कि इस योजना से बड़े बकायादारों को राहत मिल सकेंगी।

## युवक को हनी ट्रैप में फंसा कर दिया 33 लाख का फटका

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**

नौबस्ता थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक युवक को उसके दोस्त ने अपनी महिला मित्र के साथ मिलकर 33 लाख रुपए का फटका दिया, साथ ही साथ उसका घर भी हड़प कर लिया। युवक की माने नौबस्ता थाने में प्रार्थना पत्र देकर मुकदमा पंजीकृत कराया है। पुलिस के मुताबिक मामले में जांच पड़ताल की जा रही है तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। सूत्रों के मुताबिक संजय गांधी नगर की रहने वाली कमलेश कुमारी ने पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र के माध्यम से बताया कि उसके बेटे कपिल शर्मा की दोस्ती रनिया के रहने वाले शेखर मौर्य से 10 वर्ष पहले हुई थी। वीरता के मुताबिक वर्ष 2015 में शेखर पूजा नाम की युवती को कपिल के संपर्क में लेकर आया था। दोनों के बीच दोस्ती बढ़ गई और पैसे वसूलने के चक्कर में पूजा ने कपिल के साथ शारीरिक संबंध भी बना लिए। संबंध बनाने के दौरान मेरे बेटे का अश्लील वीडियो और फोटो भी बना लिया। इसी के आधार पर वह मेरे बेटे कपिल को ब्लैक मेल करते रहते थे। इस पूरे षडयंत्र में शहर के पिता नरेश सिंह और रावतपुर गांव का रहने वाला सुनील कुमार कुशवाहा भी शामिल था। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि उसकी जमीन भी अपने नाम पर कर ली। सरकारी दस्तावेजों के जरिए मकान भी षड्यंत्र के तहत अपने नाम कर लिया। मामले में वीरता ने हनुमंत विहार थाने के थाना प्रभारी उदय प्रताप सिंह को प्रार्थना पत्र देकर सारे मामले की जानकारी दी साथ ही साथ आरोपियों के खिलाफ मुकदमा भी पंजीकृत कराया है। हनुमंत विहार थाने के थाना प्रभारी उदय प्रताप सिंह ने बताया कि मामले के संबंध में प्रार्थना पत्र मिला है। मामले की पूरी जांच पड़ताल करने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## नवीन सभागार में पल्स पोलियो अभियान की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक संपन्न

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**



जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार में पल्स पोलियो अभियान की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित समस्त संबंधित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र , उप स्वास्थ्य केंद्र प्रभारियों को निर्देशित किया कि आगामी पल्स पोलियो अभियान के दौरान किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समस्त प्रभारी अधिकारियों द्वारा माइक्रो प्लान तैयार कर जीरो से 5 वर्ष की आयु के बच्चों को शत-प्रतिशत पोलियो की खुराक पिलाई जाए। उन्होंने शहरी क्षेत्र पर विशेष ध्यान देते हुए शहरी क्षेत्र के प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी वैक्सीनेटर की शत-प्रतिशत ट्रेनिंग सुनिश्चित की जाए व आगामी पल्स पोलियो अभियान में सभी जीरो से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाएं जाए, एक भी बच्चा इस अभियान में न छूटे। वहीं, मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि उनके द्वारा शहरी क्षेत्र की अलग से समीक्षा बैठक की जाए । उन्होंने सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी के द्वारा आगामी पल्स पोलियो अभियान का माइक्रो प्लान तैयार किया जाए। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान प्रत्येक दिन शाम को प्रतिदिन किए गए कार्यों की समीक्षा उनके द्वारा स्वयं की जाए तथा प्राप्त कमियों को दूर किया जाए। अभियान के दौरान यह सुनिश्चित किया जाए कि वर्तमान में धान की कटाई की जा रही है इस हेतु घर-घर जाने वाली टीम सुबह जल्दी निकले । जनपद में कुल 0 से 5 वर्ष की आयु के 5,51,317 बच्चे हैं ,जनपद में कुल 2077 बूथ बनाए गए है साथ ही 52 मोबाइल टीमें लगाई गई है तथा 100 ट्रांजिट टीमें तथा घर-घर जाकर पोलियो की खुराक पिलाने के लिए 1818 टीम बनाए गई है जिनकी निगरानी के लिए 578 सुपरवाइजरों द्वारा निरंतर निगरानी की जाएगी । 9 दिसंबर से 13 दिसंबर के मध्य घर घर जाने वाली टीम से यदि कोई बच्चा पोलियो की खुराक पीने से छूट जाता है, तो 16 दिसंबर को बी टीम के द्वारा छूटे हुए बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाएगी। यह अभियान 8 दिसंबर को जनपद में बनाए गए 2077 बूथों से प्रारम्भ होकर , 9 दिसंबर से 13 दिसंबर तक 52 मोबाइल टीमों तथा 1813 टीमों द्वारा घर- घर जाकर जीरो से 05 वर्ष की आयु के बच्चो को पोलियो की खुराक पिलाएगी ।बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला प्रशिक्षण अधिकारी व संबंधित विभागों के आधिकारिक कर्मचारी, विश्व स्वास्थ्य संगठन से डॉ. हेमंत, यूनिसेफ से फ़ुज़ैल अहमद, यूएनडीपी से धनंजय सिंह आदि उपस्थित रहे।

## 37 किसानों ने फर्जी तरीके से कीजिए की जमीन को चढ़ावाया अपने नाम

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**




कल्याणपुर क्षेत्र के बारा सिरोही गांव की 37 आराजियों की जमीनों का मालिक केडीए था। लेकिन फर्जी तरीके से यह जमीन है किसानों ने अपने नाम चढ़ा ली। कल 7 बीघा तेरा विश्व क्षेत्रफल की इन जमीनों की कीमत लगभग 57.93 करोड़ बताई जा रही है। जो धीरे-धीरे खतौनियों से काश्तकारों के नाम पर चढ़ाई जाती रही हैं। केडीए के भूमि बैंक विभाग के जांच करने पर इस बात का खुलासा हुआ है। अब कास्ट करो के नाम खारिज करके केडीए का नाम चढ़ाए जाने का प्रस्ताव किया जा रहा है। केडीए बीसी मदन सिंह गबराल के निर्देश पर विशेष कार्य अधिकारी डॉ रवि प्रताप सिंह ने इस मामले की जांच कराई है। पूर्व में यह जमीन है केडीए के नाम ही थी। मगर मौजूदा खतौनी में 37 का शिकारों के नाम पर चढ़ाई जा चुकी है। इस संबंध में ओएसडी ने बताया कि ग्राम बारासिरोही जवाहरपुरम आवासीय योजना के पास की इन ए राज्यों को गलत तरीके से चढ़ने के लिए फर्जी अभिलेख लगाए गए। इनमें कुछ जमीन मिलजुमला की भी हैं। उन्होंने बताया कि फर्जी तरीके से दर्ज 37 निजी काश्तकारों के नाम को खारिजकर केडीए का नाम चढ़ाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस संदर्भ में भूमि बैंक की विशेष टीम का गठन किया गया है जिससे आख्या रिपोर्ट मांगी गई है।

## भाजपा सरकार ने अधिकारियों के साथ मिलकर वोटो की डकैती डालकर लूट की: अखिलेश यादव

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**

गुरुवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष म अखिलेश यादव बीते दिन पूर्व सांसद राजा रामपाल के पुत्र के विवाह समारोह एवं एमएलसी दिलीप सिंह कल्लू यादव के भतीजे के विवाह समारोह में बर बधु को आशीर्वाद देने कानपुर पहुंचे। वहां महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने अपने साथियों के साथ शादी समारोह स्थल पहुंचकर राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का स्वागत किया इसके अलावा अखिलेश यादव कानपुर देहात के पूर्व जिला अध्यक्ष वीर सेन यादव के आवास पर भी गए और उनके हाल-चाल पूछे। इस उपचुनाव में भाजपा सरकार ने अधिकारियों के साथ मिलकर वोटों को लूट कर वोटो पर डकैती डाली है।

## टीबी का इलाज पूरी तरह सम्भव, नियमित दवा सेवन और देखभाल जरुरी: एडी हेल्थ

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**

- कुल 51 टीबी के उपचाराधीन मरीजों को गोद लेकर दी गयी पोषण पोटली

टीबी के उपचाराधीन मरीजों को गोद लेकर पोषण में सहयोग, मानसिक संबल देने और योजनाओं का लाभ दिलवाने से संबंधित निक्षय मित्र योजना में लगातार अभिनव प्रयास सामने आ रहे हैं। इसी कड़ी में मां कांशीराम संयुक्त जिला चिकित्सालय एवं ट्रॉमा सेंटर ने पूरे जिले में मिसाल पेश की है। चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, कानपुर मंडल की अपर निदेशक (एडी) डॉ संजू अग्रवाल की अध्यक्षता में गुरुवार को चिकित्सालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में कुल 35 चिकित्सकों, स्टाफ और स्वास्थ्य अधिकारियों ने कुल 51 टीबी उपचाराधीन मरीजों को एक साथ गोद लिया है। अपर निदेशक ने कहा कि गोद लेने वाले मरीज को इलाज चलने तक प्रति माह पोषण संबंधी सहयोग देने के साथ साथ लगातार फॉलो अप करना है ताकि उसकी दवा नियमित तौर पर चलती रहे । साथ ही कहा कि टीबी का इलाज पूरी तरह से संभव है। लेकिन इसके लिए नियमित दवा सेवन और देखभाल भी बेहद जरूरी है। सभी शहरी व ग्रामीण स्वास्थ्य केन्द्रों और चिकित्सालयों में टीबी जांच की सुविधा उपलब्ध है। इसके लक्षण नजर आते ही तत्काल जांच करानी चाहिए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आलोक रंजन ने बताया कि देश को वर्ष 2025 तक क्षय मुक्त बनाने को लेकर प्रधानमंत्री के विजन को पूरा करने के लिए जनपद में हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं । डॉट्स के माध्यम से दी जाने वाली औषधियों को बिना दवा बंद किये सम्पूर्ण उपचार अवधि में खाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

आज मुझ पर नरसंहार का आरोप लगाया जा रहा है। वास्तव में, यूनुस ने बहुत ही सोच-समझकर नरसंहार किया है। इस नरसंहार के पीछे मास्टरमाइंड - छात्र समन्वयक और यूनुस - हैं। ढाका में मौजूदा सत्तारूढ़ सरकार अल्पसंख्यकों की रक्षा करने में विफल रही है। -शेख हसीना






**कृषि क्षेत्र की चुनौतियों से निपटने में मदद...**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को कृषि क्षेत्र के वैज्ञानिकों से ऐसी तकनीक विकसित करने और प्रसारित करने का आह्वान किया, जो कि प्राकृतिक आपदाओं, जलवायु परिवर्तन के भयानक प्रभावों और संसाधनों के अत्याधिक दोहन की समस्याओं से निपटने में मदद करे। पढ़ें पेज 12 पर...

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# बांग्लादेश में हिन्दुओं के खिलाफ एकजुट आतंकी व कट्टरपंथी संगठन

**इन कट्टरपंथी संगठनों में जमात-ए-इस्लामी, जमात-उल-मुजाहिदीन, मुस्लिम ब्रदरहुड और हिफाजत-ए-इस्लाम शामिल हैं। मीडिया की खबरों के अनुसार ढाका के इस्कान मंदिर पर हमले का आदेश हिफाजत-ए-इस्लाम ने दिया था। वहीं, जमात-ए-इस्लामी ने बांग्लादेश के हिन्दू मंदिरों को तोड़ने की खुली घोषणा कर रखी है। जमात-ए-इस्लामी के बारे में माना जाता है कि यह पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के इशारे पर काम करता है और इसका नेटवर्क भारत में भी है। जबकि जमात-उल-मुजाहिदीन पूरे बांग्लादेश में फैला है।**

*बांग्लादेश में हिन्दुओं के खिलाफ आतंकवादी और कट्टरवादी संगठन एकजुट हो गये हैं। हिन्दुओं पर धर्मान्तरण का दबाब बनाया जा रहा है। चटगाँव में तो एक हिन्दु परिवार को अंतिम संस्कार करने से भी रोका गया। इन कट्टरपंथी संगठनों के सिर पर पाकिस्तान का हाथ है। जबकि चीन ने कट्टरपंथ इस्लामिक प्रतिनिधियों को अपने यहाँ दावत पर बुलाया है। बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के तख्तापलट के साथ हिन्दुओं पर हमले आरंभ हो गये थे जो अब चार महीने बाद भी रुकने का नाम नहीं ले रहे। हिन्दुओं के धर्मस्थलों पर लगातार हो रहे हमलों में बांग्लादेश में सक्रिय आतंकवादी संगठन, इस्लामिक धर्मगुरु और मुस्लिम कट्टरपंथी एकजुट हैं। इन्हें कथित साम्यवादी शक्तियों का भी समर्थन है। बांग्लादेश में हिन्दुओं के विरुद्ध यह गठबंधन ठीक उसी प्रकार है जैसे अगस्त 1946 मुस्लिम लीग के डायरेक्ट एक्शन के समय देखा गया था। हिन्दुओं पर हमलों का वह दौर भी लंबा चला था और बंगाल व पंजाब में हिंसा भारत विभाजन तक जारी रही थी। वैसी ही हिंसा अब दिख रही है। गाँव-बस्ती की बात नहीं बांग्लादेश की जेलों में बंद हिंदू भी सुरक्षित नहीं रहे। जेल के भीतर भी हिंदुओं को निशाना बनाने की खबरें आ रहीं हैं। हसीना सरकार के कार्यकाल में बांग्लादेश की विभिन्न जेलों में लगभग 700 आतंकवादी बंद थे, जो रिहा कर दिये गये। लगता है हिन्दुओं पर हमलों की यह तैयारी बहुत पहले से कर ली गई थी। इसकी किसी को भनक तक न लगी। बंगलादेश में सत्ता परिवर्तन का अभियान छात्र आंदोलन के नाम पर आरंभ हुआ था जिसमें हिन्दू छात्र भी सम्मिलित थे। लेकिन जैसे ही शेख हसीना ने बांग्लादेश देश छोड़ कर भारत में शरण ली, उसी दिन से हिंदुओं पर हमले शुरू हो गये। सबसे पहले भीड़ ने उन हिन्दू छात्रों को निशाना बनाया था जो आंदोलन में शामिल थे। उसके बाद नगरों और गांवों में हिन्दुओं पर हमले शुरू हुये। इन चार महीनों में हमलों की कितनी घटनाएँ हुईं इसका सही आंकड़ा नहीं है, चूंकि अधिकांश स्थानों पर स्थानीय पुलिस हमलावरों से मिली होती है। मीडिया में ढाका से कुछ वीडियो तो ऐसे भी आये जिनमें पुलिस की ड्रेस पहने व्यक्ति भी लूटपाट करते और महिलाओं को घसीटते दिखाई दे रहे हैं। वहीं, चटगाँव के एक वीडियो में भीड़ ने हिन्दुओं को मृतक का अंतिम संस्कार करने से रोका और हिन्दू परिवार को अपने परिजन का अग्निदाह के बजाय उन्हें धरती में दफ्न करना पड़ा। बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे ऐसे अमानवीय और क्रूरतम हमलों की कहानी बयान करने वाले कई वीडियो सामने आये हैं। इनमें से कुछ तो भारत के राष्ट्रीय चैनलों ने दिखाये भी गए हैं। इससे भारत में विरोध के स्वर उभरे तो अब बांग्लादेश सरकार ने ऐसी वीडियो पर रोक लगा दी है। पिछले तीन-चार दिनों से ऐसे वीडियो भारत नहीं आ पा रहे लेकिन हिन्दुओं पर हमलों घटनाएँ निरंतर घट रही हैं। बांग्लादेश में जिस प्रकार हिन्दुओं और उनके धार्मिक स्थलों को निशाना बनाया जा रहा है, यह सामान्य नहीं है। यह सबकुछ आतंकी और कट्टरपंथी संगठनों की योजना से हो रहा है। हमलों से स्पष्ट है कि बांग्लादेश में मोहम्मद यूनुस की सरकार नाममात्र की है। परदे के पीछे इसका संचालन कट्टरपंथी संगठन कर रहे हैं। इसकी झलक उसी दिन मिल गई थी जब सरकार संभालते ही मोहम्मद युनुस ने कुछ आतंकी संगठनों से प्रतिबंध हटाया था। इन सभी आतंकी संगठनों के सिर पर पाकिस्तान और चीन, दोनों का हाथ है इसीलिए युनूस सरकार आंखें मूंदकर बैठी है।*

## एक्सप्रेस आलेख

**जब विवाह पंचमी हो तब तो सीताराम ही इस त्योहार के नायक नायिका है पूरे मिथिला क्षेत्र में श्री राम को पहुना अर्थात दामाद माना जाता है। यह गीत इस बात को चरितार्थ करता है। सिया जी बहिनिया हमार हो राम लगीहें पहुनवा । राम जी से मिथिला वीडियो को इतना प्रेम हो गया था कि वह चाहते ही नहीं थे कि राम जी विवाह के उपरांत सीता जी को विदा कर कर ले जाए वह चाहते थे की राम जी हमारे जनकपुर में ही वास करें इसीलिए तो मिथिला वासी गीत के माध्यम से कहतें हैं: ऐ पहुना ऐही मिथिला में रहूं ना... सीताराम विवाह का उत्साह जनकपुर में अपने यौवनावस्था पर रहता है, सीता जी का नइहर (मायका) होने के कारण सीताराम विवाह में जनकपुर का अहम स्थान है।**

# तीनों लोकों में केवल सीताराम विवाह ही सुनने, पढ़ने, गाने और चिंतन के लायक



प्रतीक तिवारी

**आज भी सीताराम के विवाह की परंपरा मिथिला में कायम है, हर साल (अवधपुर) अयोध्या से साधु -संतों रामभक्तों समेत श्रीराम जी की बारात मिथिला (जनकपुर) जातीं हैं और वहां विधि-विधान और विशुद्ध मैथिल लोकपरंपरा और वैदिक परंपरा के साथ सीताराम जी का विवाह संपन्न किया जाता है।**

गोस्वामी तुलसीदास जी ने श्रीराम चरितमानस में कहा हैं सिय राम मय सब जग जानी, करहु प्रणाम जोरी जुग पानी! अर्थात पूरे संसार में श्री राम का निवास है, सबमें भगवान हैं और हमें उनको हाथ जोड़कर प्रणाम कर लेना चाहिए। और जब उन्हीं सर्वज्ञ भगवान के विवाह की बात हो तो उस अद्वितीय विवाह की तुलना ही नहीं हैं या यू कहें की सनातन संस्कृति में हर वर-वधू में राम सीता को ही देखा जाता हैं। श्रीरामजानकीजी के विवाह के समान अलौकिक, अद्वितीय और आनंददायक विवाह तीनों लोकों में आजतक नहीं हुआ है। राम विवाह में मर्यादा, संस्कार, संकल्प, प्रतिस्पर्धा, श्रृंगार, लोकाचार, परंपरा, श्रद्धा और समर्पण आदि का समावेश हैं। कहा जाता है कि एक बार माता सीता ने शिव जी का धनुष उठा लिया था, जिसे परशुराम के अलावा और कोई नहीं उठा सकता था। ऐसे में राजा जनक ने यह निर्णय लिया कि जो भी शिव जी का धनुष उठा पाएगा सीता का विवाह उसी से होगा। फिर सीता के स्वयंवर के लिए घोषणाएं कर दी गईं। भगवान राम अपने छोटे भाई लक्ष्मण और गुरु विश्वामित्र के साथ गए और देवी सीता के स्वयंवर में प्रतिभाग किया। वहां पर कई और राजकुमार भी आए हुए थे, पर कोई भी शिव जी के धनुष को नहीं उठा सका। जिसके बाद गुरु विश्वामित्र की आज्ञा से भगवान राम ने ऐसा कर दिखाया। जैसे ही उन्होंने शिव का धनुष उठाया उसके दो टुकड़े हो गए और वहां मौजूद हर कोई हैरान रह गया। इसके बाद विधि के अनुसार मां सीता का विवाह मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम के साथ से हुआ था। उस दिन (अगहन) मार्गशीष मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि थी, इसलिए हर साल विवाह पंचमी को भगवान राम और माता सीता के विवाह की वर्षगांठ के रूप में मनाया जाता है। इस पावन अवसर पर विधि विधान से अयोध्या नरेश प्रभु श्री राम और जनक दुलारी माता सीता की पूजा की जाती है। विवाह पंचमी के दिन माता सीता और भगवान राम के विवाह प्रसंग को सुनने का भी विधान है। इस दिन राम-सीता के विवाह प्रसंग को सुनने या पढ़ने से वैवाहिक जीवन में खुशियां आती हैं। श्रीराम और सीताजी के विवाह में सभी देव, देवी, यक्ष एवं गंधर्व पधारे थे। पुराणों में इस विवाह का बहुत वर्णन मिलता है। कोई भी इस विवाह को देखने का मौका छोड़ना नहीं चाहता था। कहा जाता है कि उनका विवाह देखने को स्वयं ब्रह्मा, विष्णु एवं रूद्र ब्राह्मणों के वेश में आए थे। दूसरी ओर सभी देवी और देवता भी विभिन्न वेश में उपस्थित थे, चारों भाइयों में श्रीराम जी संग श्रीमती सीता जी का विवाह सबसे पहले हुआ,तत्पश्चात भरत,लक्ष्मण और शत्रुघ्न जी का हुआ था। मान्यता है कि वर वेश में श्रीराम जी की सुन्दरता इतनी अधिक हो गई थी की ,परम वैरागी राज ऋषि जनकजी उन्हें एकटक देखतें ही रह गए थें। श्रीराम के जैसे सीताराम जी के विवाह की भी अद्भुत महिमा हैं गोस्वामी तुलसीदास जी राम चरित मानस में वर्णन किया है होम समय तनु धरि अनलु अति सुख आहुति लेहिं। बिप्र बेष धरि बेद सब कहि बिबाह बिधि देहिं। अर्थात इस विवाह की इतनी महिमा थी की हवन के समय अग्निदेव शरीर धारण करके बड़े ही सुख से आहुति ग्रहण करतें हैं और सारे वेद ब्राह्मण वेष धरकर विवाह की विधियां बताएं देतें हैं। अन्य चौपाई में वर्णित है-

***कुअँरु कुअँरि कल भावँरि देहीं***
***नयन लाभु सब सादर लेहीं॥***
***जाइ न बरनि मनोहर जोरी।***
***जो उपमा कछु कहौं सो थोरी॥***

वर और कन्या सुंदर भाँवरें दे रहे हैं। सब लोग आदरपूर्वक (उन्हें देखकर) नेत्रों का परम लाभ ले रहे हैं। मनोहर जोड़ी का वर्णन नहीं हो सकता, जो कुछ उपमा कहूँ वही थोड़ी होगी।

आज भी सीताराम के विवाह की परंपरा मिथिला में कायम हैं, हर साल (अवधपुर) अयोध्या से साधु -संतों रामभक्तों समेत श्रीराम जी की बारात मिथिला (जनकपुर) जातीं हैं और वहां विधि-विधान और विशुद्ध मैथिल लोकपरंपरा और वैदिक परंपरा के साथ सीताराम जी का विवाह संपन्न किया जाता हैं, आज भी अयोध्या से गए हुए बरातियों का विधिवत आदर सम्मान किया जाता हैं, और मैथिल परंपरा अनुसार हंसी-ठिठोली के साथ रामजी और समस्त वरपक्ष को गा गाकर गालियाँ सुनाई जातीं है।

आज भी मिथिला में सीता जी को बेटी और बहन का दर्जा प्राप्त है। बड़ी श्रद्धा के साथ मिथिला में सीता जी को हर उत्सवों में हर परंपराओं में , और हर संस्कारों शामिल किया गया है। और जब विवाह पंचमी हो तब तो सीताराम ही इस त्योहार के नायक नायिका है पूरे मिथिला क्षेत्र में श्री राम को पहुना अर्थात दामाद माना जाता है। यह गीत इस बात को चरितार्थ करता है। सिया जी बहिनिया हमार हो राम लगीहें पहुनवा । राम जी से मिथिला वीडियो को इतना प्रेम हो गया था कि वह चाहते ही नहीं थे कि राम जी विवाह के उपरांत सीता जी को विदा कर कर ले जाए वह चाहते थे की राम जी हमारे जनकपुर में ही वास करें इसीलिए तो मिथिला वासी गीत के माध्यम से कहतें हैं: ऐ पहुना ऐही मिथिला में रहूं ना... सीताराम विवाह का उत्साह जनकपुर में अपने यौवनावस्था पर रहता है, सीता जी का नइहर (मायका) होने के कारण सीताराम विवाह में जनकपुर का अहम स्थान है ,यहां सीताराम जी को दूल्हा दुल्हन के स्वरूप में ही पूजा जाता है।



**इन सब अदभुत,अकल्पनीय और आनंदित करने वाले प्रसंगों को सुनकर और सीताराम विवाह से जुड़ी लोक संस्कृति और परंपराओं को देखकर हम कहतें हैं की श्रीसीताराम विवाह की महिमा अनुपम और अनंत हैं की युगों युगों तक इस विवाह की महिमा का गुणगान और चिंतन किया जाएगा।**

## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | तृतीया 15:01 तक |
| नक्षत्र: | हस्त 09:19 तक |
| पक्ष: | शुक्ल |
| वार: | शुक्रवार |
| योग: | शुक्ला, 22:04 |
| सूर्योदय: | 06:02 |
| सूर्यास्त: | 18:28 |
| चंद्रमा: | कन्या राशि में |
| राहुकाल: | 10:42-12:15 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वत: | 1946 |
| मास: | भाद्रपद |
| शुभ मुहूर्त: | 11:50-12:40 |

## जन एक्सप्रेस

### है मचा बवाल !

*लेकर के सुरक्षा को ।*
*है मचा बवाल ।।*
*मौसम है चुनावी ।*
*मचा है बवाल ।।*
*रस्साकस्सी चल रही ।*
*कौन जिम्मेदार ?*
*हर तरफ से हो रहे ।*
*शब्दों के प्रहार ।।*
*ना दो मुझे सुरक्षा ।*
*बात निकल कर आई ।।*
*हरकतों से ऐसी ।*
*होती जगहंसाई ।।*
*रहें सब महफ़ूज़ ।*
*हो काम इस प्रकार ।।*
*रहें सब सुरक्षित ।*
*जो सबका अधिकार ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस कविता

*कितना पराया सा दिखता है वो।*
*मुझे सांसों में छुपा रखता है वो।*
*रोजाना रूबरू हो न नहो लेकिन*
*अपने जेहन में बसा रखता है वो।*
*कितनी मासूम उनकी अदाएं शायद ।*
*जाते हुए अपने को छोड़ जाता है वो।।*
*बेरुखी का आलम देखिए उनका।*
*ख्यालों से अपने भिगो जाता है वो।।*
*इश्क तो रूहानी रिश्ता है जनाब ।*
*झुकता हूं मैं सजदे वो कर जाता है।।*
*महकती रहे लहकती सांसों की डोर,*
*इश्क को लहू में मिला जाता है वो।।*
*उसकी नेकी का सिला देखिये संजीव।*
*मुझ फ़कीर से याराना रखता है वो।।*

संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

**अच्छे संस्कार और अच्छा व्यवहार आपकी वह कमाई है, जो जिंदगी भर आपके काम आती है।**

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# ड्राई फ्रूट्स खाना सेहत के लिए होता है फायदेमंद



**ड्राई** फ्रूट्स यानि सूखे मेवे खाना सेहत के लिए काफी फायदेमंद होते हैं। इन्हें खाने से शरीर को ढेरों फायदे मिलते हैं। हेल्थ एक्सपर्ट्स द्वारा रोजाना ड्राई फ्रूट्स खाने की सलाह दी जाती है। इनमें फाइबर और मैग्नीशियम की अच्छी मात्रा होती है, जो कई स्वास्थ्य समस्याओं से बचाने में मददगार साबित होते हैं । इन्हें खाने से वजन घटने के साथ-साथ मेंटल हेल्थ भी अच्छी रहती है। हालांकि, इन्हें भी सीमित मात्रा में ही खाया जाना चाहिए। ड्राई फ्रूट्स में एंटीऑक्सीडेंट्स और कैल्शियम होते हैं, जो हड्डियों के लिए फायदेमंद होते हैं।

**स्ट्रेस में खाएं काजू:** अगर आपको स्ट्रेस रहता है या आप एंग्जाइटी से पीड़ित हैं तो ऐसे में काजू का सेवन करना चाहिए। डिप्रेशन में कौन सा ड्राई फ्रूट खाना चाहिए तो इसका सीधा जवाब है काजू। इसमें विटामिन बी2 होता है, जो सिरेटोनिन हार्मोन का उत्पादन करने में मददगार होता है। इस हार्मोन के रिलीज होने से आपको खुशी का एहसास होता है, जिससे स्ट्रेस कम होता है।

**नींद की समस्या में खाएं पिस्ता:** अगर आपको नींद नहीं आती है या नींद से जुड़ी किसी तरह की समस्या है तो ऐसे में पिस्ता खाएं। इसमें मेलाटोनिन नामक तत्व पाया जाता है, जो नींद नहीं आनी की समस्या को दूर करने में मदद करता है।

**थायरॉइड में कौन सा ड्राई फ्रूट खाना चाहिए:** थायरॉइड में कौन सा ड्राई फ्रूट खाना चाहिए तो ऐसे में ब्राजील नट्स खाना फायदेमंद होता है। जिन लोगों को थायरॉइड है और उनका वजन कम नहीं होता है तो ऐसे में ब्राजील नट्स खाएं।

**सेक्शुअल हेल्थ के लिए कौन सा ड्राई फ्रूट खाना चाहिए?:** अगर आप अपनी सेक्शुअल हेल्थ को बेहतर रखना चाहते हैं तो ऐसे में पाइन नट्स का सेवन कर सकते हैं। इसमें अर्गमाइम पाया जाता है, जो सेक्स लाइफ को सुधारने में मददगार होते हैं।

## एक्सप्रेस विशेष

# यूनुस सरकार-डीप स्टेट की जुगलबंदी और बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार



पंकज जगन्नाथ जायसवाल

**क्या मानवीय संगठन, बौद्धिक वर्ग और राजनीतिक नेता अल्पसंख्यकों के लिए इस सबसे खराब स्थिति के प्रति अंधे हैं? भारत में इसके विपरीत हो रहा है, जहां बहुसंख्यक हिंदू अल्पसंख्यकों को जीवन के सभी पहलुओं में फलने-फूलने की इजाजत दे रहे हैं।**

**दुनिया को यह जानने की जरूरत है कि भारत में अल्पसंख्यक सुरक्षित हैं और प्रगति कर रहे हैं क्योंकि हिंदू बहुसंख्यक हैं। पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश दिखाते हैं कि जब हिंदू बहुसंख्यक नहीं होते हैं तो क्या होता है। पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश में अल्पसंख्यक, जहां मुस्लिम बहुसंख्यक हैं, कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं।**

**अगर** आप हिंदू हैं और बांग्लादेश में रहते हैं तो यह धरती पर नर्क की जीवित परिभाषा है। बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ किए गए जघन्य अपराध दुनिया भर के सभी हिंदुओं के लिए एक चेतावनी हैं। तथाकथित मानवतावादी समूह या विभिन्न क्षेत्रों की मशहूर हस्तियाँ, विशेष रूप से कई बॉलीवुड सितारे, गाजा, सीरिया, लेबनान में जो कुछ हो रहा है उसका विरोध करने के लिए समय निकालते हैं लेकिन पाकिस्तान, अफ़गानिस्तान और अब बांग्लादेश में हिंदू अत्याचार के खिलाफ कभी विरोध करते नहीं दिखाई देते हैं। हिंदुओं के खिलाफ पाकिस्तान का अत्याचार खत्म नहीं हो रहा। हालाँकि हमने 1921 का मोपला नरसंहार या 1990 का कश्मीर हिंदू नरसंहार नहीं देखा है लेकिन हम अफ़गानिस्तान और बांग्लादेश में रोज़ाना हिंदू अपराधों को देख रहे हैं। नोबेल शांति पुरस्कार प्राप्त बांग्लादेश के अंतरिम प्रधानमंत्री मोहम्मद यूनुस की नाक के नीचे हो रहे अत्याचार बाकी दुनिया के लिए चेतावनी है कि कैसे एक आतंक समर्थक और मानवता विरोधी व्यक्ति को नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मोहम्मद यूनुस शांतिदूत नहीं बल्कि मानवता का कत्लेआम करने वाले हैं। क्या उनका नोबेल पुरस्कार रद्द कर दिया जाना चाहिए? कैसे अमेरिका का डीप स्टेट मोहम्मद यूनुस का इस्तेमाल बांग्लादेश और हिंदुओं को अपने स्वार्थ के लिए कमजोर करने के लिए कर रहा है। हम उम्मीद करते हैं कि डोनाल्ड ट्रम्प इन डीप स्टेट तत्वों के खिलाफ आक्रामक कार्रवाई करेंगे। पाकिस्तान, बांग्लादेश का अब तक का सबसे बड़ा दुश्मन है लेकिन पाकिस्तान के साथ यूनुस का संबंध आतंकवादियों के प्रति उनकी सहानुभूति और भारत विरोधी रुख को दर्शाता है। हिंदू संतों, पेशेवरों और व्यापारियों ने बांग्लादेश के सामाजिक और आर्थिक उत्थान को बढ़ावा देने के लिए कड़ी मेहनत की, कठिन समय के दौरान बड़ी संख्या में मुसलमानों की सहायता की। हालाँकि, इन्हीं व्यक्तियों को क्रूरता से प्रताड़ित किया गया और उनकी हत्या कर दी गई। हिंदुओं को वास्तव में इस पैटर्न और वैचारिक पहलुओं को समझना चाहिए; सरल शब्दों में कहें तो, शत्रुबोध महत्वपूर्ण है। हिंदुओं के खिलाफ अपराधों को लेकर कई राजनीतिक दलों, विशेष रूप से कई इंडी गठबंधन दलों की चुप्पी हिंदुओं को स्पष्ट संदेश देती है- आप इन पार्टियों के लिए चुनावी उपकरण से ज्यादा कुछ नहीं और यदि आप इन ताकतों के खिलाफ एकजुट नहीं होते हैं तो आप फिर गुलाम हो जाएंगे। क्या ये पार्टियां हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों का मौन समर्थन कर रही हैं? क्या हिंदुओं ने कभी बॉलीवुड हस्तियों को हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों की आलोचना करते सुना? केवल कुछ ही ने। दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र करोड़ों हिंदुओं का घर है। हालाँकि, बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ मुस्लिम कट्टरपंथियों की बर्बरता भरी हिंसा के बारे में चिंता या घृणा की आवाज़ें बहुत कम हैं। भारत में कुछ मीडिया आउटलेट इस तरह के अत्याचार पर चर्चा या हाइलाइट कर रहे हैं। याद रखें, हमने कभी किसी के साथ गलत नहीं किया और भविष्य में ऐसा कभी नहीं करेंगे हालाँकि, हमारा अस्तित्व पूरी तरह से एकता को मजबूत करने, किसी भी अत्याचार के खिलाफ एकजुट होने, बचपन से आत्मरक्षा तकनीकों सहित सनातन संस्कृति को आत्मसात करने और धर्मांतरण से लड़ने पर निर्भर है। यह समय है कि संपूर्ण संत समुदाय, लाखों अनुयायियों के साथ मिलकर दुनिया को दिखाए कि हम हिंदुओं के साथ किसी भी तरह का अन्याय या मानवता के खिलाफ कुछ भी बर्दाश्त नहीं करेंगे। दुनिया को व्यापक भलाई के लिए हिंदुओं की शक्ति देखने दें। सनातन धर्म किसी धर्म विरोधी नहीं है बल्कि इसमें मानवता के लिए काम करके विश्व शांति को बढ़ावा देने की क्षमता है। सनातन धर्म का नुकसान मानवता और वैश्विक शांति के लिए नुकसान है। इसलिए, दुनिया में हर कोई जो शांति चाहता है, उसे यूनुस सरकार और उसके लोगों द्वारा हिंदुओं के खिलाफ किए गए अपराधों की कड़ी निंदा और कारवाई करनी चाहिए। यूनुस को यह समझने दें कि वह डीप स्टेट के समर्थन से मानव जाति के खिलाफ काम नहीं कर सकता। ब्रिटिश कंजर्वेटिव सांसद बॉब ब्लैकमैन ने बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ अपराधों के साथ इस्कॉन के पुजारी चिन्मय कृष्ण दास को जेल में डालने की निंदा करते हुए कहा कि धार्मिक अल्पसंख्यकों को सताया नहीं जाना चाहिए। ब्लैकमैन ने ब्रिटेन की संसद में इस मामले को उठाया, जिसमें अल्पसंख्यक हिंदू आबादी की दुर्दशा को उजागर किया गया, जिसके बारे में उनका दावा है कि उनके घरों व मंदिरों पर आगजनी और हमले सहित जानलेवा हिंसा की जाती है।

# एसपी लाउडस्पीकर की आवाज को लेकर सख्त: धार्मिक स्थलों का निरीक्षण किया, मानक के हिसाब से होगी आवाज

जन एक्सप्रेस | लखीमपुर खीरी



धार्मिक स्थलों पर लाउडस्पीकर की आवाज को नियंत्रित करने और निर्धारित मानकों का पालन सुनिश्चित करने के लिए पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा के नेतृत्व में विशेष अभियान चलाया गया। यह कार्रवाई माननीय उच्चतम न्यायालय और उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशों के तहत की गई।एसपी गणेश प्रसाद साहा ने लखीमपुर शहर के सुआगढ़ा, घोसियाना, गोटैयाबाग, महेवागंज समेत विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया और धार्मिक स्थलों पर लगे लाउडस्पीकरों का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि लाउडस्पीकर से निकलने वाली ध्वनि धर्म स्थल के परिसर तक ही सीमित होनी चाहिए। साथ ही, लाउडस्पीकरों की संख्या को भी मानक के अनुरूप सीमित करने के आदेश दिए। एसपी के निर्देशानुसार जिले के सभी क्षेत्राधिकारियों और थाना प्रभारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में धार्मिक स्थलों पर लगे ध्वनि विस्तारक यंत्रों की जांच की। जिन स्थानों पर लाउडस्पीकर अधिक संख्या में पाए गए, वहां उनकी संख्या कम कराई गई। साथ ही, ध्वनि की मात्रा को नियंत्रित कर मानक स्तर तक सीमित किया गया।एसपी ने स्पष्ट किया कि लाउडस्पीकर का उपयोग केवल परिसर तक सीमित ध्वनि के साथ ही किया जाएगा। इसके उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी धर्मस्थल संचालकों और प्रबंधन समितियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि ध्वनि प्रसारण से आसपास के निवासियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस कार्रवाई को लेकर स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन की सराहना की।धार्मिक स्थलों पर लाउडस्पीकर की आवाज चेक करने को लेकर एसपी ने अभियान चलाया।उन्होंने कहा कि यह कदम शांति और सामुदायिक सौहार्द बनाए रखने में मदद करेगा। पुलिस अधीक्षक ने कहा, ÷धार्मिक स्थलों पर ध्वनि नियंत्रण का यह अभियान सभी समुदायों के सहयोग से सफल होगा। इसका उद्देश्य केवल नियमों का पालन कराना नहीं, बल्कि जनसामान्य की सुविधा और शांति सुनिश्चित करना है।

# पुलिस ने मंदिर में चोरी का किया खुलासा

## दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार, चांदी का मुकुट बरामद

जन एक्सप्रेस | निघासन खीरी



निघासन कोतवाली क्षेत्र के खैरहनी गांव में एक मंदिर से चोरी हुई चांदी के मुकुट की घटना का पुलिस ने खुलासा कर लिया है। पुलिस ने इस मामले में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से चोरी किया गया चांदी का मुकुट तथा घटना में इस्तेमाल की गई बाइक भी बरामद की है। यह घटना 29 नवम्बर को हुई थी, जब दो बाइक सवारों ने खैरहनी गांव स्थित एक मंदिर में दिनदहाड़े चोरी की वारदात को अंजाम दिया। मंदिर में रखे एक किलो वजन का चांदी का मुकुट चोरी कर दोनों आरोपी फरार हो गए थे। मंदिर के पुजारी की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। पुलिस की विशेष टीम ने बृहस्पतिवार को मंदिर में हुई चोरी के मामले का खुलासा करते हुए दो फरार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान राहुल कुमार (पुत्र उत्तम कुमार) और विमल कुमार (पुत्र गया प्रसाद) के रूप में हुई है, जो थाना मझगई, जनपद खीरी के निवासी हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों के कब्जे से चोरी किया गया चांदी का मुकुट और घटना में इस्तेमाल की गई बाइक भी बरामद की है। निघासन कोतवाल महेश चंद्र ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। चोरों के पास से बरामद चांदी का मुकुट और बाइक के आधार पर मामले की जांच आगे बढ़ाई जाएगी। इस मामले में गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक राजेन्द्र कुमार तिवारी, हे0का0 मनीष मिश्र, का0 अमित सिंह, का0 राहुल कुमार और का0 रवि कुमार शामिल थे।

# राज्य महिला आयोग की सदस्य ने महिला-थाने का किया निरीक्षण

■ महिला संबंधी मामलों में दिखाए प्राथमिकता

जन एक्सप्रेस | लखीमपुर खीरी

राज्य महिला आयोग की सदस्य सुजीता कुमारी ने जनपद के महिला थाने का निरीक्षण किया। उन्होंने थाने के कंप्यूटर कक्ष, कार्यालय और पूरे थाने का मुआयना किया और रखरखाव के बारे में दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान, वे महिला थाना एसओ शिल्पी शुक्ला से थाने की कार्यप्रणाली और समस्याओं के बारे में जानकारी ले रही थीं।

सुजीता कुमारी ने थाने में महिला उत्पीड़न और अन्य संबंधित मामलों में प्राथमिकता से काम करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि पीड़ित महिलाओं की शिकायतों को तत्काल सुना जाए और उनका निस्तारण शीघ्रता से किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने महिला संबंधी मामलों में हीला-हवाली न करने और सरकार की प्राथमिकता के अनुसार मामलों को तेजी से निपटाने की बात कही। निरीक्षण के दौरान, उन्होंने महिला शिकायतकर्ताओं से भी बात की और उनकी शिकायतों का समाधान करने के निर्देश दिए।आयोग की सदस्य बनने के बाद यह उनका पहला महिला थाने का निरीक्षण था।

# पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना फरधान का वार्षिक निरीक्षण किया गया

जन एक्सप्रेस | लखीमपुर खीरी



गुरुवार को पुलिस अधीक्षक खीरी गणेश प्रसाद साहा द्वारा थाना फरधान का वार्षिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान सम्पूर्ण थाना परिसर का भ्रमण कर थाना कार्यालय, मालखाना, हवालात, मेस, बैरक, कम्प्यूटर कक्ष आदि का निरीक्षण कर रजिस्टर्स/अभिलेखों के व्यवस्थित रख-रखाव तथा उन्हें अद्यावधिक रखने हेतु निर्देशित किया गया। महिला संबंधी अपराधों में त्वरित कार्यवाही कर उनका विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया तथा जनसुनवाई से सम्बन्धित शिकायती प्रार्थना पत्र के निस्तारण की समीक्षा की गई। लंबित विवेचनओं का गुण दोष के आधार पर समयबद्ध विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिए गए। इसी के साथ महिला हेल्प डेस्क की समीक्षा करते हुए महिला पुलिस कर्मियों को फरियादियों से अच्छे व्यवहार करने व उनकी समस्याओं को सुनकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही किसी भी प्रकार की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल मौके पर पहुंचकर अपेक्षित कार्यवाही अमल में लाने हेतु निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त अपराध की रोकथाम व अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही के दृष्टिगत नियमित रूप से प्रभावी गश्त करने के निर्देश दिए गए।साथ ही पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना फरधान की निर्माणाधीन बिल्डिंग का निरीक्षण किया गया व सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक द्वारा आरक्षियों की बीट बुक को चैक कर सम्बन्धित पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गए। पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिसकर्मियों को प्रभावी रात्रि गश्त करने के सम्बन्ध में निर्देशित करते हुए बताया गया कि ठंड व कोहरा बढ़ने के साथ ही घुमंतू गिरोह के अपराधियों के सक्रिय होने का खतरा भी बढ़ गया है, इसे लेकर प्रभारी निरीक्षक व पुलिसकर्मी को रात्रि गश्त को और प्रभावी बनाने के साथ ही संदिग्धों पर नजर रखे। पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि घुमक्कड़ अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए प्रमुख शहर-बाजार तथा सुनसान वाले स्थानों पर नियमित गश्त सुनिश्चित की जाए। सर्किल अधिकारी गश्त की चेकिंग कर कार्रवाई की संस्तुति करें। शहरों के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी पूरी सक्रियता बरती जाए।

# ग्राम विकास अधिकारी पर को हमला प्रधान पुत्र समेत 3 पर एफआईआर दर्ज

जन एक्सप्रेस | लखीमपुर खीरी



खमरिया के ग्राम विकास अधिकारी पर प्रधानपुत्र ने पंचायत भवन में उस वक्त हमला कर दिया। जो वो पंचायत भवन में बैठकर शासकीय कार्य निबटा रहे थे। खमरिया के ग्राम विकास अधिकारी की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। खमरिया के ग्राम विकास अधिकारी ललकार सिंह यादव ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि खमरिया की प्रधान के प्रधान के पुत्र शरद पंचायत भवन में आ गए। ललकार सिंह यादव शासकीय कार्यों को निस्तारित कर रहे थे। उसी वक़्त शरद ने ग्राम विकास अधिकारी पर हमला बोल दिया। शरद में ग्राम विकास अधिकारी को मारा पीटा और कपड़े फाड़ दिए। आरोप है शरद ने सुनील और उसके लड़के व कुछ अन्य स्थानीय लोगों को भी बुला लिया।जिन्होंने ग्राम विकास अधिकारी को अपमानित करते हुए गालियां दीं और जान से मारने की धमकी दी। ग्राम विकास अधिकारी ललकार सिंह यादव की तहरीर पर खमरिया पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। थाना प्रभारी विवेक कुमार उपाध्याय ने बताया कि मामले की जांच कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# जमीअत उलमा ए हिन्द की मोहम्मदी इकाई की तरफ से लगाया गया फ्री मेडिकल कैंप




जन एक्सप्रेस | लखीमपुर खीरी

मोहम्मदी खीरी जमीअत उलमा ए हिन्द की मोहम्मदी इकाई की तरफ से मौलाना उबैद अख्तर के नेतृत्व में ग्राम गरवापुर में मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया।मेडिकल कैंप में इलाज के लिए आए मरीजों को डॉ अकील, रुकैया ने मरीजों को निःशुल्क दवा और सलाह भी दी। फ्री मेडिकल कैंप में लगभग 70 मरीजों को निःशुल्क दवा दी गई। इस अवसर पर ग्राम प्रधान साबिर,मंसूरी मो जाहिद, अब्दुल वाहिद सहित और भी लोग मौजूद रहे।

# नोएडा में किसानों की गिरफ्तारी के विरोध में कोतवाली देहात परिसर में किसानों का प्रदर्शन

■ पुलिस छावनी में तब्दील हुआ कोतवाली देहात परिसर उच्च अधिकारियों की आमद तेज

जन एक्सप्रेस | बहराइच

नोएडा में किसानों द्वारा किए जा रहे प्रदर्शन को पुलिस ने रोकते हुए कई किसानों को गिरफ्तार कर लिया है। इसके विरोध में भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट की ओर से कोतवाली देहात परिसर में धरना शुरू कर दिया गया है। नोएडा में किसान अपनी मांगों को लेकर 2 दिन से धरना दे रहे हैं। किसानों को दिल्ली जाने से रोकने के लिए पुलिस हर उपाय कर रही है कई किसान नेताओं को गिरफ्तार कर लिया है। इसके विरोध में जिले में बुधवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट की ओर से कोतवाली देहात परिसर में धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया गया है। सभी किसान नेता महेंद्र सिंह अमर रहे और राकेश टिकट जिंदाबाद के नारे लगाते हुए गिरफ्तार किसानों के रिहाई करने की मांग कर रहे हैं। साथ ही सरकार से किसानों के आंदोलन को न रोकने की बात कह रहे हैं। किसानों के कोतवाली देहात परिसर में धरना प्रदर्शन को लेकर अफरा तफरी मच गई है। पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था है। पूरे परिसर को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है। भाकियू टिकैत के युवा जिलाध्यक्ष राम छवि यादव की अगुवाई में सभी ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम को दिया। इस दौरान काफी संख्या में महिला और पुरुष किसान धरने पर बैठे हुए हैं।

# केडीसी में दो नकलची पकड़े गए, प्राचार्य के नेतृत्व में गठित उड़ाका दल ने की छापेमारी

जन एक्सप्रेस | बहराइच

■ परीक्षा के दौरान कक्ष संख्या तीन और पांच में दो परीक्षार्थियों को नकल करते हुए पकड़ा गया

किसान पीजी कॉलेज में विश्वविद्यालय की परीक्षा के दूसरे दिन प्राचार्य तथा केंद्र व्यवस्थापक प्रोफेसर डॉ विनय सक्सेना के नेतृत्व में गठित उड़ाका दल ने छापेमारी की। इस छापेमारी के दौरान तीसरी पाली की परीक्षा में दो परीक्षार्थी नकल करते पकड़े गए। इस बारे में जानकारी देते हुए केंद्र व्यवस्थापक प्रोफेसर सक्सेना ने बताया कि बुधवार को तृतीय पाली की परीक्षा के दौरान कक्ष संख्या तीन और पांच में दो परीक्षार्थियों को नकल करते हुए पकड़ा गया उनके विरुद्ध परीक्षा में अनुचित साधन का उपयोग करने का आरोप लगाते हुए उत्तर पुस्तिकाओं को सील कर विश्वविद्यालय भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि परीक्षा की सुचिता को बनाए रखने के लिए आंतरिक उड़ाका दल गठित किया गया है जिसमें पूर्व चीफ प्रॉक्टर आशुतोष शुक्ला हिंदी के विभाग के प्रभारी नीरज पांडे, चीफ प्रॉक्टर किशुनबीर समेत कुछ अन्य शिक्षकों को शामिल किया गया है। कक्ष संख्या 3 में पकड़ा गया छात्र बीकॉम पंचम सेमेस्टर का था जबकि कक्ष संख्या 5 में पकड़ा गया छात्र बीएससी पंचम सेमेस्टर भौतिक विज्ञान का था। उन्होंने कहा कि सभी परीक्षार्थी परीक्षा नियमों का पालन करते हुए परीक्षा में शामिल हो जो भी परीक्षा की परीक्षा नियमों का उल्लंघन करेगा अथवा परीक्षा में अनुच्छेद साधन का प्रयोग करेगा उसके विरुद्ध विधि कार्रवाई की जाएगी और उन्हें कक्ष परिप्रेक्षकों से भी अपेक्षा की है कि वह परीक्षा के दौरान सक्रियता बनाए रखें। किसी भी प्रकार की शिथिलता न होने दे जिससे परीक्षा नियमानुसार शुचिता के साथ चलती रहे।

# रानी लक्ष्मी बाई इण्टर कॉलेज के पुरातन छात्र रहे मंजेश तिवारी ने पीएचडी में प्रवेश लेकर कॉलेज का मान बढ़ाया

जन एक्सप्रेस | गोला गोकर्णनाथ खीरी



पकरिया जलालपुर निवासी मंजेश तिवारी पुत्र राम नरेश तिवारी का पीएचडी (समाजशास्त्र) में प्रवेश महात्मा गाँधी काशी विद्यापीठ विश्वविद्यालय, वाराणसी में होने पर घर व रानी लक्ष्मी बाई कॉलेज में खुशी का माहौल। मंजेश की हाईस्कूल व इण्टर की शिक्षा शहाबुद्दीनपुर अजान स्थित रानी लक्ष्मीबाई इण्टर कॉलेज से हुई। इन्होंने इण्टरमीडिएट की परीक्षा शैक्षिक सत्र 2014-2015 में विशेष योग्यता(81त्न)के साथ इसी कॉलेज से उत्तीर्ण की। इसके बाद स्नातक व परास्नातक की शिक्षा बीएचयू से हुई।रानी लक्ष्मीबाई इण्टर कॉलेज के प्रधानाचार्य सर्वेश कुमार वर्मा ने मंजेश तिवारी को उज्जवल भविष्य की शुभकांमनाएं देते हुए बताया मंजेश तिवारी कॉलेज के समय पढ़ने में काफी अच्छा व जिज्ञासु छात्र था जो कॉलेज की विभिन्न गतिविधियों में बढ़ चढ़कर भाग लेते थे।

वहीं प्रबंधक संजय वर्मा ने बताया कि मंजेश के पीएचडी में चयन पर हमें गर्व की अनुभूति है। उन्होंने बताया विगत कई वर्षों में कॉलेज के काफी छात्र/ छात्राएं आज देश की प्रशासनिक, बैंकिंग, शिक्षा,चिकित्सा व सैन्य सेवाओ में सेवा दे रहे हैं । मंजेश के पीएचडी में चयन होने पर कॉलेज के प्रबंधक, प्रधानाचार्य, उप प्रधानाचार्य उदयवीर समेत सभी शिक्षकों ने बधाई शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामना की।

# प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं पुर्नगठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना का क्रियान्वयन शुरू

जन एक्सप्रेस | बहराइच

जिले में पुर्नगठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना लागू किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। जिसके परिपालन में जनपद में रबी 2024-25 मौसम में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं पुर्नगठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। एवं कृषकों की व्यापक आपदाओं से फसलों की क्षति की स्थितियों एवं स्थानिक आपदाओं से फसलों की क्षति की स्थितियों में कृषकों को क्षति की क्षतिपूर्ति से फसल बीमा कम्पनी द्वारा लाभान्वित किया जाता है। पुर्नगठित मौसम आधारित फसल बीमा योजनान्तर्गत रबी मौसम में हरी मटर की फसल अधिसूचित है। रबी मौसम 2024-25 में अधिसूचित हरी मटर फसल हेतु प्रामियम की दर 5 प्रतिशत, प्रीमियम की धनराशि प्रति बीघा 283.50 रूपये, प्रीमियम की धनराशि प्रति एकड़ 1417.50 रूपये एवं प्रीमियम की धनराशि प्रति हेक्टेयर 3500.00 रूपये निर्धारित है। योजनान्तर्गत रबी 2024-25 मौसम में हरी मटर उगाने वाले सभी कृषक (बटाईदार व किराये पर खेती करने वाले कृषकों सहित) रबी 2024 मौसम में दिनांक 31 दिसम्बर, 2024 तक योजना में सम्मिलित होकर फसल बीमा का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। जनपद में अधिसूचित फसलों को उगाने वाले समस्त कृषक गैर ऋणी कृषक के रूप में स्वैच्छिक आधार पर अपने बैंक शाखा/बीमा कम्पनी एजेण्ट/जन सेवा केन्द्र/सीधे फसल बीमा पोर्टल पर आनलाइन बीमा करा सकेंगे।

# स्कार्पियो वाहन से बकरी चुराने वाले गिरोह का खुलासा, स्कार्पियो, चोरी की 02 मोटर साइकिल, 04 बकरी बरामद, चार आरोपी गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस | बहराइच

पुलिस ने स्कार्पियो वाहन से बकरी चुराने वाले एक गिरोह का खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफतार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक स्कार्पियो, दो चोरी की बाइक तथा चार बकरी बरामद की है। पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक करुणाकर पांडेय के नेतृत्व में चार पहिया वाहन से घूम फिरकर रेकी कर जानवर चोरी कर रहे गिरोह पर कार्यवाही हेतु गठित पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 520/2024 धारा 303(2),317(2),341(2) ब्नहस में 04 नफर अभियुक्त को 03 दिसंबर 2024 को 23.55 बजे पयागपुर क्षेत्र के नउवागांव तिराहा से मय बरामदशुदा बकरी के साथ गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही कर कोर्ट भेजा गया। गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा मोटरसाइकिल थाना रिसिया क्षेत्र से चोरी करने व स्कार्पियो से घूम घूम कर बकरी चोरी करने की बात स्वीकार की गयी। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान शुभान पुत्र शेर अली निवासी जमदरा, थाना कोतवाली देहात जनपद गोण्डा सलमान पुत्र सलीम निवासी नेवतियान थाना को0नगर जनपद गोण्डा,आरिफ पुत्र सलीम निवासी थाना को0नगर जनपद गोण्डा,अब्दुल अजीज उर्फ शेरू पुत्र मो0 रफीक निवासी महम्मदा ब्रिज थाना दरगाह शरीफ जनपद बहराइच के रूप में की गई है।

# 3351 शिकायतों का त्वरित निराकरण कर बहराइच पुलिस यूपी में नंबर वन

जन एक्सप्रेस | बहराइच

पुलिस अधीक्षक बहराइच वृन्दा शुक्ला द्वारा दिये गये आदेशों व निर्देशों के अनुपालन में एंव आईजीआरएस के नोडल अधिकारी अपर पुलिस अधीक्षक नगर, रामानन्द कुशवाहा के कुशल मार्गदर्शन में आईजीआरएस पोर्टल पर दर्ज आम जनता से जुड़ी शिकायतों से सम्बन्धित कुल प्राप्त 3351 शिकायतों को शासन की मंशा के अनुरूप निर्धारित समय सीमा में सभी शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया गया, जिसके परिणामस्वरूप शासन द्वारा जारी माह नवम्बर, 2024 के मासिक मूल्यांकन में जनपद बहराइच पुलिस को कुल 115 अंक में से शत प्रतिशत 115 अंक प्राप्त कर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया साथ ही साथ जनपद के 22 थाने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए लगातार दूसरी बार ÷प्रथम स्थान÷ हासिल किये, जिसपर पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला द्वारा जनपदीय आईजीआरएस शाखा में नियुक्त प्रभारी उप निरीक्षक दिग्विजय नाथ व समस्त पुलिस कर्मियों के साथ साथ प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले समस्त थानों की सराहना की गयी।

# ग्राम पंचायत लौकाही में आयोजित हुआ सेवा से संतृप्तिकरण शिविर

■ कई गर्भवती महिलाओं की करायी गई गोदभराई, कई बच्चों का हुआ अन्नप्राशन, आकर्षण का केंद्र रहे विभिन्न विभागों के स्टाल

जन एक्सप्रेस | बहराइच



विभिन्न विभागों द्वारा संचालित की जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं से जिले के प्रत्येक पात्र ग्रामवासी को संतृप्त किये जाने तथा जनसमस्याओं के निस्तारण के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी की अभिनव पहल पर संचालित किये जा रहे सेवा से संतृप्तिकरण अभियान के द्वितीय चरण अन्तर्गत ब्लाक हुजूरपुर की ग्राम पंचायत लौकाही में आयोजित सेवा से संतृप्तिकरण शिविर का विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी ने जिलाधिकारी मोनिका रानी, ब्लाक प्रमुख अजीत प्रताप सिंह, विधायक प्रतिनिधि निशंक त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव व अन्य अधिकारियों, गणमान्य व संभ्रान्तजन के साथ दीप प्रज्जवलित कर तथा फीता काटकर शुभारम्भ किया। इस अवसर पर शिक्षण संस्थाओं की बालिकाओं द्वारा सरस्वती वंदना, स्वागत गीत व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। शिविर के उद्घाटन के पश्चात् विधायक श्री त्रिपाठी ने जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टालों का निरीक्षण कर आवश्यक जानकारी प्राप्त की। आईसीडीएस विभाग के स्टाल के निरीक्षण के दौरान 05 गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की गयी तथा 05 बच्चों का अन्नप्रासन्न भी कराया गया। इसके अलावा विधायक श्री त्रिपाठी ने आयुष्मान कार्ड, वृद्धावस्था पेंशन प्रमाण पत्र, मनरेगा जाब कार्ड, 03 स्वयं सहायता समुहों को सामुदायिक निवेश निधि स्वीकृति पत्र, पोषण किट, टीबी के 05 मरीज को पोषण किट, कुष्ठ रोगी को जूता, कन्या जन्मोत्सव के अन्तर्गत 10 बच्चियों को बेबी जानसन किट का वितरण, कन्या सुमंगला के अन्तर्गत 03 बच्चियों को स्वीकृति पत्र, निराश्रित एवं विधवा पेंशन लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र सहित अन्य योजनाओं के लाभार्थियों को भी स्वीकृति पत्र इत्यादि का वितरण किया गया। परिवार नियोजन जागरूकता कार्यक्रम हेतु 03 सारथी वाहन को विधायक श्री त्रिपाठी ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया जो जिले में परिवार नियोजन सम्बंधी योजनाओं का प्रचार-प्रसार करेगें।

संतृप्तिकरण शिविर को सम्बोधित करते हुए विधायक श्री त्रिपाठी ने कहा कि शिविर के आयोजन से ग्रामवासियों को एक ही छत के नीचे विभिन्न प्रकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है। श्री त्रिपाठी ने कहा कि शिविर में आने वाले ग्रामवासियों को केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के लाभ के साथ-साथ उनकी विभिन्न प्रकार की समस्याओं का भी समाधान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश के मा. प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी व प्रदेश के मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी समाज के अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान लाना चाहता हैं, और यह शिविर उस दिशा में किया गया एक सार्थक प्रयास है। उन्होंने लोगों का आहवान किया कि शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठायें। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि स्टालों पर आने वाले ग्रामवासियों को योजना की जानकारी देते समय पात्रता, आवेदन करने के तरीकों, आवेदन करते समय वांछित अभिलेखों इत्यादि के बारे में भी बताएं ताकि शिविर से जाते समय सम्बन्धित व्यक्ति कम से कम जागरूक अवश्य हो जाए। डीएम ने शिविर में आने वाले ग्रामवासियों का स्वागत करते हुए कहा कि बड़ी संख्या में समाज के सभी वर्गों की उपस्थिति इस बात का प्रमाण है कि आयोजन अपने उद्देश्यों में सफल है। डीएम ने कहा कि उन्हें आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि सेवा से संतृप्तिकरण अभियान अपने उद्देश्यों को प्राप्त करने में सफल रहेगा। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक कवि संतोष सिंह ने किया। इस अवसर पर सीएमओ डॉ संजय कुमार, एसडीएम पयागपुर दिनेश कुमार, खण्ड विकास अधिकारी अनुभा श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में लाभार्थी, कृषक व ग्रामवासी मौजूद रहे।


## उत्तर रेलवे

### खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **13.01.2025** को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे यदि कोई मैनुवल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 13602024 दिनांक 03.12.2024 |
| 2 | निविदा संख्या | 1. 34-Sr.DEN-IV-LKO/2024-25, 2. 35-Sr.DEN-IV-LKO/2024-25 |
| 3 | कार्य का नाम | 1. वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर (चतुर्थ)/उत्तर रेलवे/लखनऊ के अधिकार क्षेत्र में सहायक मण्डल इंजीनियर–(द्वितीय)–सुल्तानपुर के तहत लेवेल क्रॉसिंग और जल आपूर्ति प्रणाली की मरम्मत का प्रावधान। 2. वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर (चतुर्थ)/उत्तर रेलवे/लखनऊ के अधिकार क्षेत्र में सहायक मण्डल इंजीनियर–(प्रथम)–सुल्तानपुर के तहत लेवेल क्रॉसिंग और जल आपूर्ति प्रणाली की मरम्मत का प्रावधान। |
| 4 | अनुमानित लागत | 1. Rs. 2,24,99,907.84; 2. Rs. 2,24,99,770.57 |
| 5 | धरोहर राशि | 1. Rs. 2,62,500.00; 2. Rs. 2,62,500.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | क्रम सं. 1 से 2 तक के लिए: स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 12 माह। |
| 7 | निविदा डालने का प्रारंभ | क्रम सं. 1 से 2 तक के लिए: 30.12.2024 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | क्रम सं. 1 से 2 तक के लिए: 13.01.2025 at 15:00 hrs. |
| 9 | वेबसाईट | www.ireps.gov.in |

नोटः– 1. निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। **3736/2024**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# भाभी के साथ घर में रंगरेलियां मनाना देवर को पड़ा भारी

जन एक्सप्रेस । देवरिया

जनपद के महुआडीह थाना क्षेत्रांतर्गत एक गांव में भाभी के साथ घर में रंगरेलियां मनाना देवर को पड़ा भारी। सूचना पर घर पहुंचे पत्नी के मायके वालों ने उनकी जमकर की पिटाई। मौके पर पहुंची पुलिस ने देवर और भाभी को हिरासत में लिया।

महुआडीह थानाक्षेत्र के एक गांव में एक शादीशुदा देवर का अपनी भाभी के साथ पूर्व से ही प्रेम प्रसंग चल रहा था। पत्नी को इस बात की जानकारी हो गई। इसलिए पति का विरोध करने लगी, लेकिन पति अपनी हरकतों से बाज नहीं आया। इसकी वजह से पति-पत्नी में विवाद होने लगा। इसी बीच देवर भाभी को लेकर कहीं फरार हो गया उसके बाद उसकी पत्नी मायके चली गई।

सूत्रों के अनुसार, मायके वालों ने कुछ दिन पहले ही महुआडीह पुलिस को तहरीर देकर मामले के समाधान की फरियाद की थी, गुरुवार शाम को देवर अपनी भाभी के साथ कई माह बाद घर लौट आया।

इसकी सूचना पत्नी को मिल गई। पत्नी मायके वालों के साथ शुक्रवार की सुबह घर आ गई। दोनों को रंगरेलियां मनाते पकड़ लिया। ससुराल वालों ने दोनों की पिटाई कर पुलिस को मामले की जानकारी दी। सूचना पर पहुंची पुलिस देवर और भाभी को लेकर थाने ले गई। इस बात को लेकर गांव में चर्चाएं गुलजार है।



### भाई दूसरे को भगा ले गया तो देवर का भाभी से शुरू हो गया प्रेम प्रसंग

देवर और भाभी का प्रेम प्रसंग भी किसी फिल्म की कहानी से कम नहीं है। जानकारी के मुताबिक, युवक एक युवती को भगा कर लाया और उससे प्रेम विवाह कर लिया। इसी बीच उसका किसी और महिला से संबंध हो गया, और वह अपनी पत्नी को छोड़कर प्रेमिका को लेकर फरार हो गया। उसके बाद उसके छोटे भाई का उसकी पत्नी से प्रेम हो गया।

### पत्नी को छोड़ भाभी को लेकर रफूचक्कर हो गया था देवर

देवर-भाभी का प्रेम इस कदर परवान चढ़ा कि देवर अपनी पत्नी को छोड़ अपनी भाभी को लेकर रफूचक्कर हो गया। उधर, परेशान पत्नी अपने मायके चली गई। मायके वाले इस प्रयास में थे कि युवक अपनी भाभी को छोड़ दे या पत्नी से ही लिखित तौर पर रिश्ते तोड़ ले। लेकिन, वह पत्नी को घुमाता रहा। अब घर आया तो ससुराल वालों ने दोनों की पिटाई कर दी।

### तहरीर मिली तो कार्रवाई की जाएगी: सीओ सिटी

घटना के संबंध में पूछे जाने पर पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर ने बताया कि मायके वालों ने काफी दिनों से फरार चल रहे एक युवक व एक महिला को पकड़ कर पुलिस को सूचना दी । सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। अगर तहरीर मिलती है तो कार्रवाई की जाएगी।

# सीएम सिटी में महिला से जालसाजी: देवर को साउथ अफ्रीका भेजने के नाम पर दो लाख रूपए ठगे, पुलिस की जांच जारी

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर

गोरखपुर के रामगढ़ ताल क्षेत्र में जालसाजी का एक मामला सामने आया है। जिसमें एक महिला से उसके देवर को साउथ अफ्रीका में नौकरी दिलाने के नाम पर दो लाख रुपये ठगे गए। इस मामले में रामगढ़ ताल थाने में केस दर्ज किया गया है। पीड़ित परिवार की शिकायत पर गीडा थाना क्षेत्र के नौसड़ पेट्रोल पंप के पास रहने वाली ज्ञान्ती देवी और मुंबई निवासी राकेश सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।




### ऐसे की गई जालसाजी

रामगढ़ताल के न्यू शिवपुरी कॉलोनी के हरेंद्र और धीरेंद्र ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी भाभी से नौसड़ में रहने वाली ज्ञान्ती देवी ने संपर्क किया और दावा किया कि वह उनके देवर को साउथ अफीका में अच्छी नौकरी दिलवा सकती है। ज्ञान्ती ने दावा किया कि उसके परिचित विदेश भेजने का काम करते हैं और कई लोगों को पहले भी भेज चुके हैं। ज्ञान्ती देवी ने मुंबई के राकेश सिंह का मोबाइल नंबर दिया, जिसे पीड़ित महिला ने संपर्क किया। राकेश ने साउथ अफ्रीका भेजने के लिए वीजा और टिकट की प्रक्रिया के नाम पर दो लाख रुपये मांगे। इसके बाद, पीड़ित महिला ने नवी मुंबई बेलापुर स्थित खाते में रुपये ट्रांसफर कर दिए।

### फोन बंद, पैसे गायब

रुपये मिलने के बाद आरोपी राकेश सिंह ने जल्द ही विदेश भेजने का वादा किया। लेकिन कुछ समय बाद राकेश का मोबाइल नंबर स्विच ऑफ हो गया।

### जांच कर दोषियों के विरुद्ध की जाएगी सख्त कार्रवाई

इस मामले में रामगढ़ताल थाने में केस दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों ने कहा है कि सभी तथ्यों की बारीकी से जांच की जाएगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## मनचलों के डर से किशोरी ने स्कूल जाना छोड़ा

एक तरफ बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का नारा है तो दूसरी तरफ मनचलों पर अब भी पुलिस लगाम नहीं लगा पाई है। मनचलों के आतंक से एक मंडल स्तर तक की धाविका (कक्षा 9 की छात्रा) ने स्कूल जाना ही छोड़ दिया है। पुलिस से शिकायत के बाद भी मनचले उसका पीछा नहीं छोड़ रहे हैं। छात्रा का कहना है कि उसकी शिकायत पर केस तो दर्ज किया गया लेकिन पुलिस अब तक आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। मामला खड्डा थाना क्षेत्र के एक गांव का है। छात्रा गांव के इंटर कॉलेज में पढ़ती है। स्कूल आने-जाने के दौरान कुछ मनचले रास्ते छेड़खानी करने के साथ अश्लील भाषा बोलते हैं। क्षेत्र की महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि उसकी पुत्री कक्षा 9 में पढ़ती है। वह मंडल स्तर धावक प्रतियोगिता में भाग ले चुकी है। वह जब स्कूल पढ़ने जाती है तो गांव के ही चार लड़के भद्दी-भद्दी बातें बोलते हैं।

# चिकित्सकविहीन अस्पताल हुआ सील



जन एक्सप्रेस । कुशीनगर

जनपद के कसया नगर में अवैध रूप से संचालित न्यू फातिमा अस्पताल को स्वास्थ्य विभाग ने सील कर दिया, लेकिन कार्रवाई अधूरी रहने के कारण विभाग की भूमिका पर सवाल खड़े हो रहे हैं। यह अस्पताल चार छात्रों द्वारा बिना किसी रजिस्ट्रेशन और बिना प्रशिक्षित डॉक्टर के संचालित किया जा रहा था। जांच के दौरान अस्पताल में छह मरीज भर्ती पाए गए, जिनमें से कुछ की हालत गंभीर थी। मरीजों को कसया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। वहीं, ऑपरेशन थिएटर और मेडिकल स्टोर को मानकों के विपरीत और अवैध पाया गया। बावजूद इसके, संचालकों के खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि स्वास्थ्य विभाग की यह कार्रवाई केवल औपचारिकता लग रही है। बिना मुकदमा दर्ज किए, संचालकों को खुली छूट मिलती दिख रही है। नियमानुसार, ऐसे मामलों में न केवल अस्पताल सील किया जाना चाहिए, बल्कि जिम्मेदारों पर कड़ी कार्रवाई भी होनी चाहिए।

जानकारों का कहना है कि ऐसे अस्पतालों का संचालन मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ है। ऐसे में केवल अस्पताल बंद करना पर्याप्त नहीं है। विभाग की इस लापरवाही से अवैध अस्पतालों को बढ़ावा मिलता है। यह मामला न केवल अवैध चिकित्सा सेवाओं का है, बल्कि प्रशासन की उदासीनता और लचर कार्रवाई की ओर भी इशारा करता है। सवाल यह है कि **मरीजों की जान से खिलवाड़ करने वाले इन संचालकों पर विभाग क्यों नहीं करता है कानूनी कार्रवाई?**

# भ्रष्टाचार उन्मूलन के क्रम में शासन अपने आदेश के प्रति गंभीर नहीं: रामप्रताप पाण्डेय

जन एक्सप्रेस । रुद्रपुर, देवरिया



एंटी करप्शन कोर इंडिया के तहसील इकाई रूद्रपुर के पदाधिकारियों व सदस्यों द्वारा तहसील कार्यालय प्रत्युष विहार स्कूल के प्रांगण में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया । इस दौरान उपस्थित सदस्यों ने केक काटकर एंटी करप्शन कोर इंडिया के नौवें स्थापना को बड़े ही धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर एन्टी करप्शन कोर के उप प्रभारी रामप्रताप पाण्डेय देश में बढ़ते भ्रष्टाचार को लेकर चिंता जाहिर की। कहा कि आज के समय में हर ऑफिस कार्यालय में भ्रष्टाचार व्याप्त है। सरकार के द्वारा दिए गए धनराशि से विकास कार्यों में अधिकारी से लेकर ठेकेदार तक भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। सरकार के द्वारा चलाये जा रहे योजनाओं में कमीशन खोरी के चलते अच्छे कार्य नहीं हो रहे हैं। हर कार्यालय में प्राइवेट कर्मचारियों को रखकर कमीशन खोरी का खेल खेला जा रहा है।

अधिकारियों के गैर जिम्मेदराना रवैये से सरकार की योजनाएं केवल फाइलों तक ही सिमटकर रह जा रही हैं। भ्रष्टाचार उन्मूलन के क्रम में शासन अपने आदेश के प्रति गंभीर नहीं है । संगोष्ठी को कृष्णमूर्ति त्रिपाठी, राणाप्रताप सिंह, संजय कुमार यादव ने भी सम्बोधित किया । इस दौरान सज्जाद अली, रामप्रवेश भारती, विजय बहादुर सिंह, प्रतीक सिंह, सचिन सिंह, राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, गौतम शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

# गोरखपुर में महिला से गैंगरेप

## मजदूरी कराने के बहाने बाइक से ले गए, फिर तीन आरोपियों ने मिलकर की दरिंदगी

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर

गोरखपुर में एक महिला से गैंगरेप का मामला सामने आया है। महिला मजदूरी करती है। आरोप है कि ढलाई करने वाले आपरेट और उसके दो सहयोगी उसे मजदूरी देने के बहाने बुलाए। फिर तीनों ने जबरिया उसके साथ रेप किया। घटना एम्स इलाके में 26 नवंबर की है। महिला का आरोप है कि उसने पहले भी पुलिस को तहरीर दी थी। लेकिन, उस वक्त केस नहीं दर्ज हो सका था। मामला जब अफसरों के संज्ञान में आया तो इसके बाद बुधवार को इस मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### मजदूरी के बहाने ले गए थे तीनों

एम्स इलाके की रहने वाली महिला मजदूर ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि वह मजदूरी का काम करती है। बीते 26 नवंबर को ढलाई आपरेटर और उसके दो सहयोगी उसे मजदूरी करने के लिए 500 रुपये एडवांस देने लगे। इसपर महिला ने कहा कि जब मजदूरी करूंगी तभी रुपये भी लूंगी।इसके बाद तीनों आरोपी जबरिया उसे बाइक पर बैठा लिए और दिन में दो बजे के करीब वनस्पति के समीप जंगल में ले गए। वहां तीनों ने बारी-बारी से उसके साथ दुष्कर्म किया और फिर वहां से फरार हो गए। महिला का आरोप है कि घटना के बाद ही उसने पुलिस से इसकी शिकायत की थी, परंतु पुलिस ने तत्काल केस नहीं दर्ज किया। हालांकि, बुधवार को पुलिस ने महिला की तहरीर पर दिलावर, संभवा और मुन्ना के खिलाफ गैंगरेप का केस दर्ज कर लिया है। इस मामले में पुलिस दो आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

### आरोपियों से है पुछताछ जारी, की जाएगी सख्त कार्रवाई: सीओ कैंट

घटना के संबंध में पुलिस क्षेत्राधिकारी कैंट योगेंद्र सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर दो लोगों को हिरासत में लिया गया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। जांच कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## फाइनल में पहुंची गोरखपुर और सखवनिया की टीम

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर

क्षेत्र के महुअवा देवरिया में आयोजित देव फुटबाल टूर्नामेंट के तीसरे दिन बुधवार को दो सेमीफाइनल मैच खेले गए। पहले सेमीफाइनल में सद्भावना क्लब गोरखपुर और दूसरे सेमीफाइनल में सखवनिया ने मैच जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। बृहस्पतिवार को इनके बीच फाइनल मैच खेला जाएगा। क्षेत्र के महुअवा देवरिया में चल रहे चार दिवसीय देव फुटवाल टूर्नामेंट प्रतियोगिता के तीसरे दिन चार टीमों के बीच सेमीफाइनल मुकाबला हुआ। पहले सेमीफाइनल मैच गोरखपुर व तमकुही के बीच खेला गया।

सद्भावना क्लब गोरखपुर की टीम ने मैच के अंत तक शानदार प्रदर्शन किया और तमकुही की टीम को हरा दिया। वही दूसरे राउंड के मैच के रोमांचक मुकाबले में सखवनिया की टीम ने पहले हाफ में ही कप्तानगंज पर एक गोल दाग कर अपनी बढ़त बना ली। रोमांचक मुकाबले में सखवनिया की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कप्तानगंज पर दो गोल दाग कर मैच जीत लिया।

## गोरखपुर क्लब में जीएसटी चोरी का मामला

# सीएम पोर्टल पर हुई शिकायत उपायुक्त ने शुरू की जांच

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर

गोरखपुर के सिविल लाइंस स्थित गोरखपुर क्लब में संचालित रेस्टोरेंट पर जीएसटी चोरी के गंभीर आरोप लगे हैं। मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर दर्ज शिकायत के बाद मामले की जांच वाणिज्यकर विभाग के उपायुक्त को सौंपी गई है। जांच प्रक्रिया 23 दिसंबर तक पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं।

### शिकायत के आधार पर जांच शुरू

वाणिज्यकर विभाग ने इस मामले को उच्च प्राथमिकता पर लेते हुए दस्तावेजों और शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है। जीएसटी चोरी के प्रमाण मिलने पर संबंधित रेस्टोरेंट के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और भारी जुर्माने की संभावना है।



### शिकायतकर्ता ने क्या लगाया है आरोप

शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि गोरखपुर क्लब का रेस्टोरेंट जीएसटी में पंजीकृत होने के बावजूद ग्राहकों को बिना जीएसटी वाले बिल जारी कर रहा है। उनका कहना है कि यह अनियमितता पिछले कई वर्षों से बड़े पैमाने पर चल रही है। शिकायतकर्ता ने 20 से अधिक ऐसे बिल भी प्रस्तुत किए हैं, जिनमें जीएसटी का उल्लेख नहीं है। शिकायत के मुताबिक, हजारों रुपये के लेन-देन में जीएसटी की चोरी की जा रही है। उन्होंने मांग की है कि इस मामले की गहराई से जांच कर जिम्मेदारों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

### समय सीमा के भीतर होगी कार्रवाई

गोरखपुर क्लब के सचिव डॉक्टर. संजीव गुलाटी ने कहा, मुझे इस मामले की जानकारी नहीं दी गई है। यदि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पाई जाती है तो तत्काल आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। वहीं, एडिशनल कमिश्नर ग्रेड-1 ज्योत्सना पांडेय ने बताया की मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर दर्ज शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर गंभीरता से जांचा जाता है। इस मामले में हर बिंदु की जांच की जा रही है और निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## भठही खुर्द में फार्मर रजिस्ट्रेशन के लिए लगे कैंप में 66 किसानों ने कराया पंजीकरण



जन एक्सप्रेस । रामकोला कुशीनगर

स्थानीय विकास खंड के विभिन्न पंचायत भवनों में फार्मर रजिस्ट्रेशन के लिए विशेष कैम्प आयोजित किए गए। यह कैम्प लेखपाल दिलीप सिंह के नेतृत्व में कृषि विभाग के कर्मचारी सतीश कुमार की टीम द्वारा आयोजित किए गए।

भठही खुर्द पंचायत भवन में आयोजित इस कैम्प में कुल 66 किसानों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया। इसमें प्रमुख रूप से ओमप्रकाश यादव, योगेन्द्र यादव, अनिल राव, छेदी यादव, रामसकल यादव, हरिवंश शर्मा, हरिशंकर राव जैसे किसान शामिल थे। कैम्प में उपस्थित लेखपाल दिलीप सिंह ने बताया कि किसानों को रजिस्ट्रेशन के लाभ समझाए गए और उनकी फार्मर रजिस्ट्री की गई।

रामकोला ब्लॉक में लाला छपरा, परोरहा, धरमौली, खैरटवा, आदि ग्राम पंचायत में कैम्प लगाया गया राजस्व निरीक्षक जाकिर हुसैन ने इस अभियान के महत्व को बताते हुए कहा कि पूरे क्षेत्र में किसानों का रजिस्ट्रेशन करने के लिए कैम्प लगाए जा रहे हैं। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे नजदीकी कैम्प में पहुंचकर अपना रजिस्ट्रेशन करवा लें ताकि उन्हें सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ मिल सके।

## ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने भटहट पीएचसी का किया औचक निरीक्षण



जन एक्सप्रेस । गोरखपुर

जनपद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर हर आम जनमानस को सुचारू रूप से स्वास्थ्य सेवाएं मिलें के मद्देनजर जिलाधिकारी कृष्ण करुणेश के निर्देश पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट /एसडीएम सदर मृणाली अविनाश जोशी भटहट पीएचसी का औचक निरीक्षण करने पहुंची। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/ एसडीएम सदर औषधि भण्डार कक्ष में पहुंच कर रिकार्डों को देखा और दवाओं की उपलब्धता की जानकारी ली। इसके बाद एसडीएम ने पैदल भ्रमण कर ओपीडी कक्ष, पर्ची काउण्टर पर मरीजों का हाल चाल जाना। बृहस्पतिवार को ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने भटहट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण क्रम में अस्पताल में तैनात अधिकारियों कर्मचारियों की उपस्थिति के लिए रजिस्टर चेक किया। पर्चा पंजीकरण कक्ष से चौकीदार उपस्थिति मिले। उन्होंने आपातकालीन वार्ड में तैनात स्टाफ नर्सों से बात की। मरीजों के हाल चाल को जाना। अधिकारियों को सुविधाएं बढ़ाने के निर्देश दीं तथा अस्पताल में सफाई व्यवस्था, शौचालय, पेयजल सप्लाई का जायजा लिया। औषधि स्टोर में एसडीएम ने रजिस्टर से दवाईयों को मिलान किया जो ठीक पाया गया। अस्पताल स्टाफ को एसडीएम ने ड्रेस में आने की हिदायत दी। उपजिलाधिकारी ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कोई खामी नहीं पाई गई। व्यवस्था में और सुधार लाने के लिए आदेश दिए गए हैं।

## बुद्धनगरी कुशीनगर के हिंदुओं ने भरी हुंकार, बांग्लादेश के हिंदुओं पर बंद करें अत्याचार

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर



बांग्लादेश में हिंदुओं पर लगातार हो रहे हमले और इस्कान मंदिर के पुजारी चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी के विरोध में हिन्दू रक्षा संघर्ष समिति कुशीनगर द्वारा बुद्धा पार्क रवींद्रनगर में हजारों लोगों ने विशाल आक्रोश प्रदर्शन कर कड़ा विरोध किया और ज्ञापन भी सौंपा। इसमें भारत सरकार से पड़ोसी देश में हिंदुओं के खिलाफ हो रही हिंसा की घटनाओं को रोकने के लिए हस्तक्षेप करने की मांग की गई। लोगों ने भारत सरकार से सख्त कदम उठाने की मांग की है। कुशीनगर विधायक पी.एन पाठक भी हजारों लोगों व काफिला लेकर प्रदर्शन स्थल पहुंचे। इस दौरान लोगों ने जय श्री राम और बांग्लादेश होश में आओ समेत बांग्लादेश मुर्दाबाद के नारे लगाए।

गुरुवार को रविन्द्र नगर के पास स्थित बुद्धा पार्क में विरोध प्रदर्शन करते हुए हजारों हिंदुओं ने एक स्वर से कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले तत्काल बंद हों और कृष्ण दास की गिरफ्तारी पूरी तरह से अलोकतांत्रिक और मानवाधिकारों का हनन है। चिन्मय कृष्ण दास की अविलंब रिहाई की मांग की और भारत सरकार से सख्त कदम उठाने को कहा। इस प्रदर्शन में हिन्दू संगठनों समेत आरएसएस और भाजपा से भारी संख्या में लोग शामिल हुए। कुशीनगर विधायक पी. एन पाठक ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले तत्काल बंद हों और बांग्लादेशी हिंदुओं पर हो रहा अत्याचार अक्षम्य है। हम धर्म पर अत्याचार बर्दाश्त नहीं करेंगे। बांग्लादेश सरकार को हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए। इस दौरान जिला प्रचारक आरएसएस प्रवीण, जिला कार्यवाह आरएसएस देवेंद्र, नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश जायसवाल,विधायक प्रतिनिधि रुद्र प्रकाश सिंह, मंडल अध्यक्ष अनिल प्रताप राव, राज पाठक, अमित मालवीय, सभासद सूर्यनाथ यादव, संजीव दुबे, अनुराग पांडेय, किरण सिंह, नूतन दुबे समेत हजारों लोग मौजूद रहे।

# श्रीमद् भागवत कथा श्रवण से होता है समस्त पापों का अंत: आचार्य सुदामा

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर

पडरौना के तुलसी आवास विकास कालोनी फेज टू के गोस्वामी तुलसीदास पार्क में आयोजित सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत पुराण कथा यज्ञ के प्रथम दिन वृन्दावन से पधारे कथावाचक आचार्य सुदामा जी महाराज ने श्रोताओं को श्रीमद् भागवत कथा के महात्म्य से परिचित कराया। गुरुवार सायं काल कथा में कथा व्यास श्री ने कहा कि संसार के हर व्यक्ति का जीवन पारिवारिक, सांसारिक व शारीरिक यातना से संतप्त है। श्रीमद भागवत पुराण को वेदव्यास ने भक्ति, ज्ञान और वैराग्य की स्थापना के लिए लिखा था। जिसका उन्मूलन श्रीमद् भागवत कथा के श्रवण से ही संभव है। यह कथा सांसारिक कीचड़ को सदा के लिए धो डालती है। कहा कि कलयुग में भागवत की कथा सुनने से जीव को मोक्ष की प्राप्ति होती है। साथ ही जन्म जन्मांतर के पापों का अंत भी होता है। उन्होंने माता पिता की सेवा को सर्वश्रेष्ठ भक्ति बताते हुए कहा कि इससे बड़ी कोई भक्ति नहीं है। मुख्य यजमान दिवाकर मिश्र व मंजू मिश्र ने व्यास पीठ का पूजन कर किया। पंडित. दिनेश त्रिपाठी व नवनीत पांडेय ने मूल परायण पाठ किया। संगीतमई कथा में की बोर्ड पर सुदेश मिश्र, तबला पर विनय शर्मा, आक्टोपैड पर विनीत त्रिवेदी ने संगत की। इसके पूर्व कथा के निमित्त भव्य कलश यात्रा निकाली गई। आयोजक ने बताया कि यज्ञ का समापन 11 दिसंबर को पूर्णाहुति व प्रसाद वितरण के साथ होगा। संचालन मनोज कुमार पांडेय ने किया। इस दौरान कृष्ण मोहन मिश्र, सुनील कुमार मिश्र, आलोक कुमार मिश्र, पंकज कुमार मिश्र, नीलिमा, नीलमणि, सूरज, अतुल, ऋद्धिमा, कौस्तुभ, परिणिति, पायल, संजय चौबे, तेज प्रताप सिंह आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।



## कारोबारी ने किया सुसाइड, कमरे में बंद कर मारी खुद को गोली

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

न्यू आगरा के दयालबाग क्षेत्र की पुरुषोत्तम बाग क?लोनी में रहने वाले व्यापारी अमित मिश्रा ने बीती रात गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस जब तक दरवाजा तोड़कर कमरे के अंदर पहुंची, अमित की मौत हो चुकी थी। इस वारदात से जहां परिवार के लोग सदमे में हैं, वहीं पड़ोसी स्तब्ध हैं। सभी कह रहे थे अमित मिश्रा परेशान तो रहते थे, लेकिन ये अंदाजा नहीं था कि आत्मघाती कदम उठा लेंगे। स्टेशनरी के कारोबार से जुड़े अमित मिश्रा द्वारा रात 11 बजे बाद अपने ही घर में कमरा बंद कर आत्महत्या की गई। कमरे से गोली की आवाज आने पर घबराए परिजनों ने दरवाजा खुलवाने की कोशिश की, लेकिन अंदर से बंद था। पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दरवाजा तोड़ा, अमित की जान जा चुकी थी।

पुलिस को परिवारीजनो ने इतना ही मालूम चला है कि अमित पिछले कुछ समय से तनाव में थे। किसी से ज्यादा बात भी नहीं कर रहे थे। उनकी पत्नी को आज तड़के आगरा से बाहर जाना था।

# सुबह–सुबह ही जिला संयुक्त चिकित्सालय पहुंच गए डीएम, परखी स्वास्थ्य सुविधाएं

### मरीजों से की वार्ता: मिल रही स्वास्थ्य सुविधाओं, लेबर रूम, दवा वितरण कक्ष आदि का लिया जायजा

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



बृहस्पतिवार की सुबह ही जनपद के जिलाअधिकारी पवन अग्रवाल जिला संयुक्त चिकित्सालय के औचक निरीक्षण पर पहुंच गए जहां पर उन्होंने मरीज को मिल रही स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इसके साथ ही उन्होंने मरीज से मिलकर उनका हाल-चाल जाना तथा फीडबैक भी लिया।

इस दौरान ओपीडी कक्ष में चिकित्सकों के बैठे न मिलने पर डीएम ने नाराजगी व्यक्त करते हुए , सीएमएस को समय से चिकित्सकों की उपस्थिति सुनिश्चित कराए जाने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने मरीजों से वार्ता की एवं मिल रही स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने एक्स रे कक्ष एवं अल्ट्रासाउड कक्ष का भी निरीक्षण किया , एक्स रे कक्ष एवं अल्ट्रासाउड कक्ष बंद पाया गया। उन्होंने दोनों कक्षों में तैनात कर्मचारियों का वेतन रोके जाने का निर्देश दिया।

इसके उपरांत उन्होंने जनरल वार्ड, लेबर रूम, इमरजेंसी वार्ड का निरीक्षण किया, इस दौरान तैनात चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टाफ उपस्थित मिले। डीएम ने वार्डो में साफ सुथरे कंबल आदि की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया। दवा वितरण कक्ष में दवाओं के स्टॉक का मिलान किया एवं दवाओं का समय से मांग कर लिए जाने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने वार्डो एवं अस्पताल परिसर में साफ सफाई की बेहतर व्यवस्था, शौचालय की नियमित साफ सफाई, स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया।

इसके उपरांत उन्होंने जिला संयुक्त चिकित्सालय के गेट के बाहर महिप मेडिकल स्टोर एवं पाल मेडिकल स्टोर पर छापेमारी की। मेडिकल स्टोर द्वारा सेल रजिस्टर, रजिस्ट्रेशन अभिलेख व पहचान पत्र न दिखा पाने पर ड्रग इंस्पेक्टर को जांच करते हुए कार्यवाही का निर्देश दिया।

इस दौरान एडीएम वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार व अन्य संबंधित अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

## दबंगों ने पंचायत अधिकारी को पीट डाला, सरकारी दस्तावेज फाड़ दिए

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

थाना इरादतनगर क्षेत्र के ग्राम मुबारकपुर में दबंगों ने आज दोपहर ग्राम पंचायत अधिकारी के साथ गाली-गलौज और मारपीट कर दी। उनके हाथ में लगे सरकारी दस्तावेज भी फाड़ दिए। ग्राम पंचायत अधिकारी ने इस मामले में पुलिस को नामजद तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

दबंगों ने पंचायत अधिकारी को पीट डाला, सरकारी दस्तावेज फाड़ दिए मुबारकपुर में ग्राम पंचायत अधिकारी को पीटता एक दबंग।

ग्राम पंचायत अधिकारी मदन कुमार ने बताया कि वह आज दोपहर करीब 1.30 बजे ग्राम मुबारकपुर में मंदिर के पास चल रहे नाली निर्माण को नीरज उर्फ बंटी और उनके पिता दीवान सहित चार-पांच लोगों द्वारा तोड़े जाने की सूचना पर गांव पहुंचे।

## इग्नू क्षेत्रीय केन्द्र द्वारा परीक्षा केन्द्रों की ऑनलाईन परीक्षा का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर में गुरुवार को इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू), क्षेत्रीय केन्द्र, लखनऊ द्वारा गुरुवार को ऑनलाइन परीक्षा आयोजित कराई गई। जानकारी के अनुसार 05 दिसंबर को क्षेत्रीय केन्द्र के अन्तर्गत लखनऊ एवं अन्य जनपदों में स्थित परीक्षा केन्द्र बरेली कॉलेज, बरेली, एस.एस. पी.जी. कॉलेज, शाहजहाँपुर, सी.एस.एन. पी.जी. कॉलेज, हरदोई, आर.एम.पी. कॉलेज, सीतापुर, सी.जी.एन. पी.जी. कॉलेज, गोलागोकर्णनाथ, लखीमपुर (खीरी), बिपिन बिहारी कॉलेज, झांसी, ब्रह्मानन्द कॉलेज, कानपुर, रामस्वरूप ग्राम उद्योग पी.जी. कॉलेज, पुखरायां, कानपुर देहात, डी.ए.वी. कॉलेज, उरई (जालौन), फिरोज गांधी कॉलेज, रायबरेली, आर.आर. पी.जी. कॉलेज, अमेठी, डॉ0 राम मनोहर लोहिया अवध यूनिवर्सिटी, अयोध्या, एम.एल.के. पी.जी. कॉलेज, बलरामपुर, ए.पी.एन. पी.जी. कॉलेज, बस्ती, डी.एन. पी.जी. कॉलेज, फतेहगढ़, श्री जय नारायण मिश्रा पी0जी0 कॉलेज एवं लखनऊ क्रिश्चियन कॉलेज, लखनऊ पर परीक्षा केन्द्रों पर सम्मिलित परीक्षार्थियों को वर्चुअल गूगल मीट के माध्यम से देखा गया। इस अवसर पर डॉ0 अनिल कुमार मिश्रा, वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक ने सभी परीक्षा अधीक्षकों एवं केन्द्र समन्वयकों को इग्नू के दिशा-निर्देशों अनुसार सत्रांत परीक्षा को मानकों एवं सुचितापूर्ण आयोजन के लिए निर्देशित किया। डॉ0 मिश्रा ने विकलांगता सम्बन्धी दिशा निर्देशों का पालन करने पर भी बल प्रदान किया, ताकि विकलांग परीक्षार्थियों को नियमानुसार सुविधा प्रदान की जा सके।

# समाजशास्त्र विभाग में सर्टिफिकेट कोर्स के प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**




जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित एमएलके पीजी कॉलेज के समाजशास्त्र विभाग द्वारा संचालित 60 दिवसीय लिंग और समाज पर आधारित सर्टिफिकेट कोर्स हेतु गुरुवार को प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान चयनित अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र वितरित कर सम्मानित किया गया।

जानकारी के अनुसार 5 दिसंबर को कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम अध्यक्ष प्राचार्य प्रो0 जे पी पाण्डेय व समन्वयक एवं विभागाध्यक्ष डॉ अनामिका सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर के किया। उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए प्राचार्य प्रो0 पाण्डेय ने कहा कि एक सच्चे समृद्ध समाज का निर्माण एक ऐसे सामाजिक ढांचे की स्थापना पर निर्भर करता है जो व्यक्तियों को उनके लिंग की परवाह किए बिना विभिन्न जीवन शैली चुनने की अनुमति देता है। लिंग समाजीकरण प्राथमिक समाजीकरण का एक रूप है जो वह प्रक्रिया है जिसके द्वारा बच्चे और शिशु अपने लिंग से जुड़े मानदंडों और व्यवहारों को सीखते हैं। विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र एवं समन्वयक डॉ अनामिका सिंह ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि लिंग संवेदनशीलता हमें इन भेदों को दूर करना और समझना सिखाती है। इसका उद्देश्य सभी के साथ निष्पक्ष व्यवहार करना है। लिंग के आधार पर किसी का न्याय न करना या उसके साथ अलग व्यवहार न करना लिंग संवेदनशीलता का अर्थ है। इसके तहत लिंग के आधार पर अनुचित व्यवहार या पूर्वाग्रह को रोकने की कोशिश करना महत्वपूर्ण है। आयोजन सचिव ओमप्रकाश सिंह ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ अर्चना शुक्ला ने किया। इस अवसर पर डॉ दिनेश त्रिपाठी सहित कई लोग मौजूद रहे।

## अब एआई बेस्ड 110 कैमरों से नहीं बच पाएंगे सीट बेल्ट न लगाने वाले

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

आगरा स्मार्ट सिटी ने सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए एक नई और अत्याधुनिक पहल की है। अब शहर में बिना सीट बेल्ट लगाए वाहन चलाने वालों पर सख्ती से नजर रखी जा रही है। इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम आइटीएमएस के तहत शहर भर में 110 आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित कैमरे लगाए गए हैं, जो चालकों के सीट बेल्ट लगाने की स्थिति को स्वतः पहचानकर नियमों का उल्लंघन करने वालों पर 1000 रुपए का ई-चालान जारी करेंगे। आगरा में अब एआई बेस्ड 110 कैमरों से नहीं बच पाएंगे सीट बेल्ट न लगाने वाले स्मार्ट सिटी द्वारा शहर में लगवाए गए नये कैमरों में इस तरह कैप्चर होते हैं सीट बेल्ट न लगाने वाले।

# जनपद स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर**



जनपद के उच्च प्राथमिक विद्यालय बेवाना, अकबरपुर में बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित विद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों का दो दिवसीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारम्भ धर्मराज निषाद, विधायक कटेहरी, श्याम सुन्दर वर्मा, अध्यक्ष जिला पंचायत, द्वारा खेल ध्वजारोहण एवं हरी झण्डी दिखाकर हुआ। उक्त अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भोलेन्द्र प्रताप सिंह ने समस्त अतिथियों का बुके एवं बैज लगाकर स्वागत किया इसके उपरान्त जनपद की उपलब्धियों को प्रस्तुत किया।

प्रा0वि0 कुर्मीपुर व प्रा0वि0 थर्मल प्रोजेक्ट के बच्चों ने सरस्वती वन्दना एवं कम्पोजिट उ0प्रा0वि0 अलउपुर ने स्वागत गीत तथा उ0प्रा0वि0 जहांगीरगंज ने योगा, कम्पोजिट वि बसोहरी ने शिव ताण्डव, प्रा0वि0 पहितीपुर ने एकल नृत्य कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस अवसर पर बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता के नोडल अधिकारी के रूप में समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी उपस्थित रहे।

विधायक धर्मराज निषाद ने बताया खेल व्यक्ति के जन्म से लेकर मृत्यु तक उसके जीवन का महत्त्वपूर्ण अंग है।

उन्होंने बच्चों की खेल प्रतिभा को निखारते हुए प्रदेश व देश स्तर तक पहुँचाने का संकल्प दोहराया तथा जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुन्दर वर्मा ने ग्रामीण प्रतिभाओं को निखारने के संकल्प लिया। जिला व्यायाम शिक्षक मो0 हसन, जिला स्काउट मास्टर रवीन्द कुमार तथा समस्त ब्लाक व्यायाम शिक्षक उपस्थित होकर खेल को सम्पन्न कराने में सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ विजय चन्द्र मिश्र ने किया। 100 मीटर उच्च प्राथमिक बालक स्तर दौड़ में प्रथम विनोद बसखारी, द्वितीय सिराज-कटेहरी, तृतीय अभय जहांगीरगंज, बालिका वर्ग में प्रथम प्रज्ञा-भियांव, द्वितीय प्रीती जहांगीरगंज, तृतीय अंजली कटेहरी ने स्थान प्राप्त किया। पीटी में विकासखण्ड जलालपुर ने प्रथम व जहांगीर गंज ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जनपद के समस्त शिक्षक संघों के पदाधिकारी गण भी उपस्थित रहे। अभिलेखन समिति संतोष कुमार, शरद श्रीवास्तव, श्याम जायसवाल, सत्यम भारती, शैलेन्द्र शशि तथा आंकड़ा संगणक के रूप में रवि प्रकाश चौधरी व जय प्रकाश चौधरी ने विशेष सहयोग प्रदान किया।

## एसबीआई जनरल इंश्योरेंस ने आगरा में नई शाखा खोलने के साथ ही अपनी मौजूदगी को किया और मजबूत

**जन एक्सप्रेस । आगरा**



भारत की अग्रणी सामान्य बीमा कंपनियों में से एक एसबीआई जनरल इंश्योरेंस ने आगरा में अपनी नई शाखा की शुरुआत की है। कंपनी का यह रणनीतिक विस्तार देश भर में व्यापक बीमा समाधानों तक ग्राहकों की पहुँच बढ़ाने और बीमा पहुँच में सुधार करने तथा स्थानीय समुदाय को उनके अनुकूल समाधान प्रदान करने की उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस विस्तार के माध्यम से कंपनी का लक्ष्य संस्कृति और पर्यटन के इस जीवंत शहर में लोगों और कारोबारों दोनों की विभिन्न आवश्यकताओं को पूरा करना है।

आगरा में खुली नई शाखा स्वास्थ्य, मोटर, घर, यात्रा और वाणिज्यिक बीमा सहित विविध प्रॉडक्ट की पेशकश करते हुए स्थानीय समुदाय की बढ़ती बीमा आवश्यकताओं को पूरा करेगी। ग्राहकों को एसबीआई जनरल इंश्योरेंस की विश्वसनीय विरासत के साथ-साथ नए और इनोवेटिव किस्म के सॉल्यूशंस मिलेंगे। साथ ही, वे व्यक्तिगत सेवा, निर्बाध पॉलिसी जारी करने और क्लेम सैटलमेंट के बेहतर प्रक्रिया की उम्मीद कर सकते हैं।

नई शाखा के उद्घाटन के अवसर पर एसबीआई जनरल इंश्योरेंस के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ श्री नवीन चंद्र झा ने कहा, हम आगरा में अपनी मौजूदगी का विस्तार करने और अपनी सेवाओं को अपने ग्राहकों के और करीब लाने के लिए उत्साहित हैं और इस दिशा में निरंतर प्रयास कर रहे हैं। हमारा लक्ष्य आगरा के लोगों को उनकी बीमा आवश्यकताओं के लिए एक व्यापक समाधान प्रदान करना और व्यक्तियों और परिवारों को सही बीमा कवरेज प्रदान करना है।

# कुम्भ नगरी में पहली बार शहर का प्रतिनिधित्व

### धार्मिक प्रचार के साथ जनपद के श्रद्धालुओं की सेवा ही शिविर का उद्देश्य: आचार्य गौरव शास्त्री

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ**



सनातन आस्था से जुड़े विश्व स्तरीय महामेला महाकुम्भ बारह वर्षों के बाद देश में तीर्थराज नाम से प्रसिद्ध प्रयागराज जनपद स्थित पावन त्रिवेणी संगम पर लगने जा रहा है ।देश एवं विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए यहाँ किया जाने वाला संगम स्नान के साथ साधु सन्यासी एवं नागाओं द्वारा शाही स्नान की परंपरा आदिकाल से चली आ रही है ।देश भर में फैले महात्माओं के अखाड़ों हेतु रुकने के लिए भी प्रदेश सरकार द्वारा भूखंड आवंटन सहित अनेकों प्रायोजन किये जा रहे हैं। इसी क्रम में अलीगढ मंडल से भी पहली बार कुम्भ मेले में श्रद्धालुओं की सेवा के उद्देश्य से वैदिक ज्योतिष संस्थान के तत्वावधान में अस्थाई कैम्प एवं कार्यालय का आयोजन किया जा रहा है। वैदिक ज्योतिष संस्थान के सचिव आचार्य गौरव शास्त्री ने बताया कि विगत वर्षों में जनपद के धार्मिक श्रद्धालुओं की स्थिति को देखते हुए इस बार महाकुम्भ 2025 में परम पूज्य स्वामी श्री पूर्णानंदपुरी जी महाराज के निर्देशन में शहर एवं जनपद का प्रतिनिधित्व करते हुए एक शिविर का आयोजन किया जाएगा। महाकुम्भ मेले में आने वाले दर्शनार्थियों के लिए अनेकों प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था,रुकने की व्यवस्था से लेकर संगम स्नान सहित तीर्थ स्थलों में दर्शन को लेकर भी काफी परेशानियों को झेलते हुए हुए क्षेत्र के श्रद्धालु भोजन आदि की भी समस्या से जूझते थे। इन सभी आवश्यकताओं की पूर्ति के उद्देश्य से वैदिक ज्योतिष संस्थान के द्वारा लगाए जाने वाले इस शिविर में अलीगढ जनपद से जाने वाले समस्त श्रद्धालुओं को उचित ठहरने,भोजन एवं अन्य सुविधा मुहैया करवाई जाएगी। इसके साथ ही नित्य प्रति श्रीमदभागवत महापुराण एवं महायज्ञ जैसे धार्मिक आयोजनो की त्रिवेणी बहायी जाएगी। उन्होंने बताया कि भूमि आवंटन से जुडी समस्त प्रक्रिया पूर्ण कर ली गयी है, जिसके तहत आगामी कुछ दिनों में वैदिक ज्योतिष संस्थान के सभी सदस्यों द्वारा वार्ता कर कार्य संपादन समिति का गठन किया जाएगा। आचार्य गौरव शास्त्री ने शहर की समस्त संस्थाओं एवं धर्मानुरागियों से अपील करते हुए कहा कि सनातन धर्म के प्रचार एवं प्रसार में सभी हिन्दुओं के आपसी सहयोग की उपेक्षा है अतः इस पुण्य के कार्य में आम जनमानस की सेवा हेतु धर्म के प्रचार प्रसार को आगे आकर अपनी सामर्थ्य अनुसार आर्थिक सहायता अवश्य करें।

## उत्तर प्रदेश (पश्चिम) और उत्तराखंड ने स्पैम कॉल और एसएमएस को कहा अलविदा

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** भारती एयरटेल के नए एआई–पावर्ड स्पैम डिटेक्शन सिस्टम ने उत्तर प्रदेश (पश्चिम) और उत्तराखंड के ग्राहकों को बड़ी राहत प्रदान की है। इस अत्याधुनिक तकनीक ने लॉन्च के मात्र 54 दिनों के भीतर ही राज्य में 458 मिलियन संभावित स्पैम कॉल और 13 मिलियन स्पैम एसएमएस संदेशों को सफलतापूर्वक पहचाना है। अब उत्तर प्रदेश (पश्चिम) और उत्तराखंड में एयरटेल मोबाइल ग्राहकों को कंपनी के इस एआई–संचालित स्पैम डिटेक्शन सिस्टम का लाभ स्वचालित रूप से मिल रहा है। इस सेवा का उपयोग करने के लिए ग्राहकों को कोई अतिरिक्त अनुरोध करने या कोई ऐप डाउनलोड करने की आवश्यकता नहीं है। अजय अनंथापद्मनाभन, मुख्य परिचालन अधिकारी, भारती एयरटेल, उत्तर प्रदेश (पश्चिम) और उत्तराखंड ने लॉन्च के मौके पर टिप्पणी करते हुए कहा, चूंकि तकनीक पर निर्भरता हर दिन बढ़ रही है, इसलिए घोटाले, धोखाधड़ी और अवांछित संचार की संभावनाएं भी बढ़ रही है, जिससे ग्राहक अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

## नि :शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर में दर्जनों मरीजों का किया गया इलाज




**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर में सेवाभारती द्वारा निःशुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मरीजों को आने जाने का किराया भी सेवाभारती के द्वारा प्रदान किया गया। साथ में निशुल्क चश्मा व एक सप्ताह की दवा प्रदान कराया गया।

सेवा भारती के जिलाध्यक्ष रुपेश मिश्रा ने 5 दिसंबर को बताया कि सेवाभारती बलरामपुर सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामया की पक्तियों को चरितार्थ करने का कार्य कर रही है। सनातन धर्म सदैव वसुधैव कुटुम्बकम् का संवाहक रहा है। जिलाध्यक्ष ने वैदिक ऋचाओं का अनुसरण करते हुए उक्त कार्यक्रम सफलतम समापन करवाया।

सेवाभारती के गोंडा विभाग के विभाग अध्यक्ष बी.डी. जायसवाल पूरी तन्मयता से लगकर सेवा कार्य को सफल बनाया। उक्त नेत्र ऑपरेशन में लायन्स क्लब बलरामपुर आंख अस्पताल की प्रबन्ध समिति, चिकित्सक व कर्मचारियों ने सहयोग किया। सेवा कार्य में अपना पूरा समय देकर शिवराम शुक्ला व विक्रम बहादुर ने अपना सहयोग प्रदान किया।

# पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम ने इंडो नेपाल बॉर्डर पर किया पेट्रोलिंग

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद में शान्ति सुरक्षा व कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए पुलिस व एसएसबी के जवानों की टीम ने इंडो नेपाल बॉर्डर पर संयुक्त टीम बनाकर पैदल गस्त किया तथा लोगों को अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। जानकारी के अनुसार 5 दिसंबर को पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन में जनपद में शान्ति व सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखनें हेतु पुलिस व सशस्त्र सीमा बल के जवानों ने इंडो नेपाल बॉर्डर पर संयुक्त रूप से पैदल गस्त किया गया। पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम द्वारा इंडो नेपाल बॉर्डर से सटे गाँवों तथा बार्डर एरिया, जंगल की पगडंडियों पर निरन्तर पैदल गस्त के दौरान संदिग्ध वाहनों व व्यक्तियों की चेकिंग की गयी । नेपाल राष्ट्र की सीमा पर सतर्क दृष्टि रखने के हेतु समय-समय पर सीमा से सटे हुए गावों के ग्राम सुरक्षा समिति व संम्भ्रान्त व्यक्तियों को मादक पदार्थों, वाहनों, लकड़ी व अन्य पदार्थों की तस्करी रोकने के बारे मे लोगों को जागरूक किया जा गया। साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों की सूचना तत्काल पुलिस को देनें के बारें में लोगों को जागरूक किया गया, जिससे इस तरह की गतिविधियों में संलिप्त असामाजिक तत्वों पर प्रभावी अकुंश लगाया जा सके। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा एसएसबी के साथ नेपाल बॉर्डर से सटे गांव, स्थान खबरीनाका, कोइलाबास तथा गुरुंगनाका का भ्रमण कर जनमानस को सुरक्षा का एहसास दिलाया गया ।

## दुराचार का आरोपी ठेकेदार बरी

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

महिला श्रमिक से दुराचार का एक आरोपी अदालत ने इसीलिए बरी कर दिया क्योंकि गवाहों के बयान विरोधाभासी थे। एक अन्य मामले में घातक चोटें पहुंचाने के आरोप में न्यायालय ने तीन लोगों को तीन वर्ष कैद की सजा सुनाई है। प्लास्टिक गोदाम में कार्यरत महिला श्रमिक के साथ दुराचार एवं धमकी देने के मामले में आरोपित ठेकेदार अजय राठौर पुत्र महेश राठौर निवासी बल्देव नगर, गोबर चौकी, थाना ताजगंज को पर्याप्त सबूत के अभाव में एडीजे-10 काशीनाथ ने बरी कर दिया।

थाना ताजगंज में दर्ज मामले के अनुसार वादी मुकदमा ने थाने पर तहरीर देकर आरोप लगाया कि उसकी बहन पल्स रिसोर्ट मैरिज होम के पीछे राहुल प्लास्टिक के गोदाम में कार्य करती थी।

# ऑल इंडिया प्राइजमनी हॉकी टूर्नामेंट के आयोजन समिति की बैठक संपन्न

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर में महाराजा सर भगवती प्रसाद सिंह अखिल भारतीय प्राइजमनी हॉकी टूर्नामेंट के आयोजन समिति की बैठक एमएलके पीजी कॉलेज के पुस्तकालय सभागार में गुरुवार को आयोजित की गई। बैठक में 26 से 30 दिसंबर तक महाविद्यालय के हॉकी मैदान पर आयोजित होने वाले टूर्नामेंट के सफल आयोजन हेतु विचार विमर्श किया गया।

जानकारी के अनुसार 5 दिसंबर को महाराजा सर भगवती प्रसाद सिंह ऑल इंडिया प्राइजमनी हॉकी टूर्नामेंट के आयोजन समिति की बैठक का शुभारंभ मुख्य अतिथि महाविद्यालय प्रबंध समिति के सचिव एवं टूर्नामेंट अध्यक्ष लेफ्टिनेंट कर्नल आर के मोहन्ता, विशिष्ट अतिथि संयुक्त सचिव एवं टूर्नामेंट उपाध्यक्ष बी के सिंह, कार्यक्रम अध्यक्ष प्राचार्य एवं टूर्नामेंट सचिव प्रो0 जे पी पाण्डेय, पूर्व प्राचार्य व विभागाध्यक्ष रसायन शास्त्र प्रो0 आर के सिंह व आयोजन सचिव विभागाध्यक्ष वनस्पति विज्ञान डॉ राजीव रंजन ने दीप प्रज्वलित एवं मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके किया। बैठक को संबोधित करते हुए सचिव लेफ्टिनेंट कर्नल मोहन्ता ने कहा कि यह आयोजन स्वतंत्रता पूर्व से चल रहा है और हरी घास पर खेले जाने वाली सबसे प्राचीनतम टूर्नामेंट है। यह बलरामपुर के लिए गौरव का विषय है कि इतने बड़े टूर्नामेंट का आयोजन महाविद्यालय परिवार की देख रेख में तथा महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं, नगर के गणमान्य नागरिकों एवं खेलप्रेमियों के सहयोग से प्रतिवर्ष आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष भी सभी के सहयोग से इसे वृहद स्तर पर आयोजित किया जायेगा। इसके लिए सभी के सहयोग की आवश्यकता होगी। विशिष्ट अतिथि संयुक्त सचिव बी के सिंह ने कहा कि राज परिवार की ओर से स्वतंत्रता पूर्व प्रारंभ यह टूर्नामेंट बलरामपुर के खेलप्रेमियों की भावना से जुड़ा है। इस टूर्नामेंट की सफलता के लिए सभी पूरे मनोयोग से जुट जाये। कार्यक्रम अध्यक्ष प्राचार्य प्रो0 पाण्डेय ने सभी को अवगत कराया कि टूर्नामेंट का आयोजन महाविद्यालय के हॉकी मैदान पर 26 से 30 दिसंबर तक खेला जायेगा जिसमें देश की 14 नामचीन टीमें प्रतिभाग करेंगी। टूर्नामेंट के सफल आयोजन के लिए सभी के द्वारा प्राप्त अमूल्य सुझाव पर विचार किया जायेगा। आयोजन सचिव डॉ राजीव रंजन ने बताया कि टूर्नामेंट के लिए हॉकी इंडिया से लगातार दिशा निर्देश प्राप्त हो रहे हैं और टूर्नामेंट डायरेक्टर व ऑफिसियल एवं अंपायर की भी नियुक्ति हो गई है। हॉकी मैदान की देख रेख नियमित रूप से की जा रही है और बेहतर टूर्नामेंट हो सके इसके लिए युद्धस्तर पर प्रयास किये जा रहे हैं। आयोजन सचिव डॉ आलोक शुक्ल व डॉ ऋषि रंजन पाण्डेय ने भी आवश्यक सुझाव दिए। बैठक का संचालन महाविद्यालय के एसोसिएट एन सी सी ऑफिसर लेफ्टिनेंट डॉ देवेन्द्र कुमार चौहान ने किया। इस अवसर पर मुख्य नियंता प्रो0 राघवेंद्र सिंह, पुरातन छात्र परिषद अध्यक्ष प्रदुम्न सिंह,प्रो0 अरविन्द द्विवेदी, प्रो0 पी के सिंह, प्रो0 मोहिउद्दीन अंसारी, जिला शासकीय अधिवक्ता कुलदीप सिंह, पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद प्रतिनिधि शाबान अली, डॉ अजय सिंह पिंकू, डॉ अनुज सिंह, हारिस बिन खालिद, इकबाल जाबेद फ्लावर, सोमेंद्र विक्रम सिंह, डॉ अनामिका सिंह, डॉ एस के त्रिपाठी, डॉ जितेन्द्र कुमार, जकी अहमद, मोहम्मद हसन कुरैशी, डॉ एम पी तिवारी, डॉ राकेश चन्द्र व डॉ प्रांजल त्रिपाठी सहित अन्य कई लोग मौजूद रहे।

# लापता युवक का नाले में पड़ा मिला शव

## सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन कर शव पोस्टमार्टम को भेजा

■ विगत 26 नवंबर को शादी समारोह में परिवार के साथ आया था राजेश

**जन एक्सप्रेस | पीलीभीत**





गुरुवार को एक युवक का शव जिला अस्पताल के सामने बने सूचना विभाग के बाहर नाले में पड़ा मिलने से हर और सनसनी फैल गई सूचना पर पहुंची पुलिस में युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बताते चले की 26 नवंबर को शादी समारोह में परिवार के साथ शामिल होने के लिए आया युवक रहस्यमय ढंग से लापता हो गया। जिसका शव 10 दिन के बाद टनकपुर हाईवे पर स्थित सूचना कार्यालय के बाहर एक नाले में पड़ा मिला। शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पहुंची पुलिस ने शव को निकलवाने के बाद परिवार वालों को सूचना दी। इसके बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। अमरिया थाना क्षेत्र के गांव भूड़ा कैमोर निवासी 28 वर्षीय राजेश कुमार पुत्र विजय प्रकाश बीते 26 नवंबर को अपनी पत्नी वीना देवी और दो बच्चों के साथ एक रिश्तेदारी की शादी समारोह में शामिल होने के लिए पीलीभीत बरात घर में आया था। जहां से वह अचानक लापता हो गया। परिवार वालों ने उसके बाद काफी तलाश किया। मगर पता नहीं चल सका। इसके बाद कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई। पुलिस की ओर से तलाश के लिए लापता हुए युवक के जगह-जगह पोस्टर भी चस्पा किए थे। गुरुवार को दोपहर करीब दो बजे पीलीभीत बरात घर से 50 मीटर दूरी पर स्थित सूचना कार्यालय के बाहर से गुजर रहे नाले में एक युवक का शव पड़ा मिला। वहां के लोगों ने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी। सूचना पर सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी, सीओ ट्रेनिंग उपासना पांडे, कोतवाल राजीव कुमार सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। नाले से शव निकलवाने के बाद उसकी शिनाख्त का प्रयास शुरु किया गया। इस पर लापता युवक के परिवार वालों को भी बुलवाया गया। जहां उनकी पत्नी वीना देवी ने अपने पति के रुप में शव की शिनाख्त की। वीना देवी ने बताया कि वह शादी से अचानक कहीं चले गए। इसके बाद से तलाश कर रहे थे। मगर पता नहीं चला। वह मजदूरी करते थे। दो बच्चे हैं। एक लड़का और एक लड़की है। युवक की मौत के बाद परिवार वालों को रो रोकर बुराहाल है।

> शव की सूचना मिली थी। जिसकी शिनाख्त लापता युवक के रुप में हुई है। साथी किसी प्रकार की कोई तहरीर नहीं मिली हैं। फिलहाल मृतक युवक क पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।
> –राजीव कुमार सिंह, शहर कोतवाल

# खुशखबरी: नौगवां पकड़िया व महाराजपुर में खुलेंगे होम्योपैथिक के नए अस्पताल, शासन को भेजा प्रस्ताव

■ साथ ही जनपद के रुपपुर कमालू में बनेगा जिला होम्योपैथिक अस्पताल

**जन एक्सप्रेस | पीलीभीत**

जनपद में अब एलोपैथिक के साथ-साथ अब होम्योपैथिक चिकित्सा पद्वति को भी बढ़ाने का काम किया जा रहा है। लाखों मरीज होम्योपैथिक चिकित्सा पद्वति पर ही भरोसा जताते हैं। ऐसे में इन मरीजों को सुविधा मुहैया कराने के लिए अब नौगवां पकड़िया नगर पंचायत और नेपाल सीमा से सटे ढकिया महाराजपुर तालुके में दो नए होम्योपैथिक अस्पताल खोलने का निर्णय लिया गया है। जिनका प्रस्ताव शासन को बनाकर भेज दिया गया है। इनके अलावा जिला होम्योपैथिक अस्पताल को भी मेडिकल कॉलेज के भवन से अब दूसरे स्थान पर शिफ्ट किया जा रहा है। इसके लिए बीसलपुर हाईवे पर रुपपुर कमालू में जगह चिन्हित की जा रही है। जल्द ही अस्पताल को नए केलवर के साथ वहां शिफ्ट कर दिया जाएगा। बता दें कि जिले में पहला राजकीय होम्योपैथिक अस्पताल खनंका उचसिया बीसलपुर में खोला गया था। मगर अब वर्तमान में 22 से अधिक अस्पताल संचालित हो रहे हैं। इनमें एक जिला मुख्यालय और 21 ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे हैं। 22 में 10 आयुष्मान आरोग्य मंदिर है। छह आयुष्मान आरोग्य मंदिरों ग्राम शेरपुर कलां, मुजफ्फरनगर, पचपेड़ा ता. महाराजपुर, मुड़िया न्यूरानपुर खनंका उचसिया आदि शामिल है। जहां मरीजों को इलाज मिल रहा है। होम्योपैथिक पर मरीजों को विश्वास बढ़ता देखकर अब दो और नए अस्पताल बनाने का निर्णय लिया है। पहला नौगवां पकड़िया नगर पंचायत में और दूसरा पूरनपुर के महाराजपुर तालुके में खुलेगा। यह के मरीजों तक होम्योपैथिक चिकित्सा पद्वति नहीं पहुंच पा रही है। सर्वे कराने के बाद इसका प्रस्ताव बनाकर शासन को भेज दिया गया है। साथ ही जमीन भी चिन्हित की जा रही है। इसके अलावा जिला होम्योपैथिक अस्पताल को भी रुपपुर कमालू में शिफ्ट किया जा रहा है। होम्योपैथिक अधिकारी डॉ. राजीव शर्मा ने बताया कि दो नए अस्पताल खोले जा रहे है। जिसका प्रस्ताव भेजा गया है। नए साल में स्वीकृति मिलने की उम्मीद है। आखिरकार पुलिस ने बाइक चोरी करने वाले गैंग को पकड़ा, बाइक काटने के उपकरण भी किये बरामद।

### 12 को खुदका भवन और स्टाफ की भी मांग

होम्योपैथिक अस्पतालों को अब खुद के भवन की दरकार है। बता दें कि जिले में 22 अस्पताल संचालित हो रहे हैं। इनमें सिर्फ 10अस्पतालों के पास ही खुद का भवन है। बाकी किराये के भवन में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।इन अस्पतालों में सिंघारा, खरगपुर, जहानाबाद, अमरिया के भिखारीपुर में होम्योपैथिक अस्पताल के डीएम की ओर से जमीन आवंटित कर दी गई है। जिसके हस्तांतरण की प्रक्रिया चल रही है। मगर बाकी के लिए अभी जमीन नहीं मिल सकी है। इसके अलावा अस्पताल में स्टाफ की कमी भी समस्या बनी हुई है।

## एक्सप्रेस खबरें...

### तेज गति से आ रही कार ने बालिका को मारी टक्कर

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत।** जनपद के थाना कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला मोहित शिम खां निवासी मुकेश कुमार शर्मा ने थाना सुनगढ़ी पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी 17 वर्षीय पुत्री गांधी स्टेडियम से घर लौट रही थी। इस बीच गांधी स्टेडियम से बाहर निकलते ही तेज गति से आई कार ने टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर घायल हो गई। पुलिस ने मामले में कार नंबर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की है।

### टुकटुक खड़ा करने को लेकर दो पक्षों में हुआ विवाद दो लोगों खिलाफ तहरीर देकर रिपोर्ट हुई दर्ज

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत।** जनपद के थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मोहल्ला नई बस्ती एक महिला ने पुलिस को तहरीर दी हैं। बताते चले कि पूरा विवाद ई-रिक्शा खड़ा करने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हुआ। इस दौरान एक पक्ष के लोग महिला के घर में घुस आए और उसके गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। जिसमें वह घायल हो गई। पीड़िता ने इस मामले में दो लोगों के खिलाफ तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के मोहल्ला नई बस्ती निवासी कन्या कुमारी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि छह नवंबर को वह घर पर अकेली थी। शाम करीब सात बजे क्षेत्र का कमलेश अपना ई-रिक्शा उसके घर में खड़ा करने के लिए आया। इस दौरान उसका पड़ोस में रहने वाले विपिन का ई-रिक्शा चालक से विवाद होने लगा। मौके पर एकत्र हुए मोहल्ले के लोगों ने दोनों को वहां से भगा दिया। इस बात को लेकर करीब एक घंटे बाद आरोपी विपिन और रीना गंगवार को लेकर उसके घर आ गया। ई-रिक्शा खड़ा न करने को लेकर कहासुनी के बाद मारपीट करने लगा। जमीन पर गिराकर बुरी तरह से पीटा। गले में चोटें आई। डायल 112 को सूचना दी। आरोपी धमकी देकर भाग गए। इंस्पेक्टर सुनगढ़ी पवन कुमार पांडे ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। घायल का मेडिकल भी कराया गया है।

### कोर्ट के आदेश पर मारपीट की रिपोर्ट हुई दर्ज

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत।** जनपद के बरखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम डंडिया भगत निवासी रामऔतार पुत्र भगवान दास ने कोर्ट के आदेश पर थाना बरखेड़ा में रिपोर्ट दर्ज कराई। जिसमें कहा गया कि उसका और सर्वेश कुमार, तिलकराम, मदन पाल पुत्रगण छदम्मी लाल निवासीगण ग्राम डंडिया भगत का खेत पास-पास है और सहखातेदार है। चार अगस्त को आरोपी सर्वेश कुमार उसके खेत में लगी पेड़ की टहनी को मोड़ रहा था। जब उसने विरोध किया। तो आरोपी सर्वेश कुमार उसको गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा। जब उसने गाली देने का विरोध किया तो सर्वेश कुमार, तिलकराम, मदनपाल ने उसके घर में घुसकर मारपीट करना शुरू कर दी। जब उसके पुत्र रविंद्र ने बचाने का प्रयास किया। तो मदनपाल ने उसके सिर पर लाठी मारकर घायल कर दिया। कोर्ट के आदेश पर बरखेड़ा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया हैं।

### बरखेड़ा पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट की दर्ज

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत।** जनपद के बरखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम काजरबोझी निवासी कढ़ेराम ने कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कराई। जिसमें बताया कि उसके घर के पड़ोस में पीछे नन्हें लाल पुत्र छोटे लाल की खाली जगह पड़ी हुई है। जिस जगह में उक्त नन्हें लाल ने उसके घर की दीवार के पड़ोस में पेड़ लगा रखे हैं। दूसरी दीवार के पीछे नींव खोद रखी है। जिसमें बरसात का पानी उसके घर में भर जाता है। तीन जुलाई को दोपहर दो बजे इसका विरोध किया। तो नन्हेंलाल ने अपने भाई छेदालाल व अपने भतीजे सर्वेश तथा पुत्र राकेश को बुलाकर गाली गलौज करते हुए मारपीट की। पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। बरखेड़ा पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से कार चालक की मौत हुई मौत दो साथी हुए घायल अस्पताल में भर्ती





**जन एक्सप्रेस | पीलीभीत**

जनपद की तहसील बीसलपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चौसर हरदोपट्टी हाल निवासी रामनगर कॉलोनी निवासी अरुण कुमार पुत्र सूरजपाल उम्र 29 वर्ष बुद्धवार को शाम अपने दो साथियों के साथ कार में सवार होकर बीसलपुर तहसील क्षेत्र के एक गांव में दावत में गए थे। वह बुद्धवार बृहस्पतिवार अर्ध रात्रि के समय 2 बजे वापस अपने घर आ रहे थे। वह जैसे ही बीसलपुर पीलीभीत रोड पर स्थित परसिया गांव के पास पहुंचे वैसे ही विपरीत दिशा से आ रहे ट्रैक्टर ट्राली चालक ने उसकी कार में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही कार में सवार तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को 108 एंबुलेंस से बीसलपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया। जहां डॉक्टर द्वारा सभी घायलों का प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं आज सुबह बृहस्पतिवार को 8 बजे अरुण कुमार की मौत हो गई। अरुण की मौत की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव की कार्यवाही पूर्ण करने के बाद पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया है। वही उसके दोनों साथियों की हालत चिंताजनक बनी हुई है। अरुण की मौत के बाद पत्नी राजेश्वरी देवी माता कौशल्या देवी सहित पूरे परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# पूछताछ करने के बाद चारों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर भेजा जेल



**जन एक्सप्रेस | पीलीभीत**

कोतवाली पुलिस को बड़ी सफलता की कामयाबी मिली हैं बताते चले कि पुलिस ने लंबे से समय से बाइक चोरी गैंग को पकड़ने के लिए लगी कोतवाली पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस ने ऑटो लिफ्टर गैंग के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। चार सदस्यों के पास से चोरी की एक बाइक और बाइक काटने के उपकरण बरामद किए हैं। जोकि बरेली और लखीमपुर खीरी जिले के रहने वाले है। पुलिस ने पूछताछ करने के बाद चारों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली राजीव कुमार सिंह ने बताया कि पिछले काफी समय से बाइक चोरी की घटनाओं में इजाफा हुआ था। इसके खुलासे के लिए पुलिस की टीमों को लगाया गया था। चार दिसंबर को मुखबिर से सूचना मिलने पर टीम ने बनकटी रोड से चार आरोपियों को घेराबंदी कर पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपियों की पहचान बरेली के फरीदपुर के मोहल्ला मिर्धान निवासी शमशाद, इमरान, लखीमपुर के इचौलिया थाना क्षेत्र निवासी मोहम्मद आरिफ के रुप में हुई। जबकि चोर सुनगढ़ी थाना क्षेत्र के नौगवा पकड़िया का रहने वाला निकला। जिसका मुस्तकीम है। आरोपियों के पास से चोरी की गई एक बाइक के अलावा दो बाइक के कटे पार्टस, एक गैस कटर मशीन व एक गैर सिलिंडर बरामद किया गया। आरोपियों का पुराना अपराधिक इतिहास है। जनपद के अलावा बरेली के कई थानों में भी मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को जेल भेज दिया है।

# आवारा गोवंश से टकराई बाइक बाइक सवार घायल इलाज के दौरान हुई मौत



**जन एक्सप्रेस | पीलीभीत**

बीसलपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम परसिया निवासी संजीव पुत्र बुद्ध सेन बुद्धवार की रात 10 बजे बीसलपुर से वापस अपने गांव जा रहा था। वह जैसे ही बीसलपुर पीलीभीत रोड पर स्थित मदर्स पब्लिक स्कूल के निकट पहुंचा वैसे ही आवारा गोवंश से उसकी बाइक टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि गोवंश की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बाइक सवार संजीव रोड पर गिरकर घायल हो गया। घायल को 108 एंबुलेंस से बीसलपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर द्वारा घायल का प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया था। वहीं आज बृहस्पतिवार को सुबह 9 बजे उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। युवक की मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं युवक की मौत की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव की कार्यवाही पूर्ण करने के बाद पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया है।

# मानवेंद्र को एमिटी विश्वविद्यालय नोएडा से मिली एलएलएम की उपाधि

**जन एक्सप्रेस | जौनपुर**



जिले के सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के मखमेलपुर गांव निवासी मानवेंद्र प्रताप सिंह को एमिटी विश्वविद्यालय नोएडा से एलएलएम प्रथम श्रेणी की उपाधि मिली है। उनकी सफलता पर क्षेत्र के लोगों में खुशी का माहौल बना गया। बता दें कि मखमेलपुर निवासी पूर्व सहायक महा निरीक्षक निबंधन एवं सहायक आयुक्त स्टांप महेंद्र प्रताप का पुत्र मानवेंद्र प्रताप सिंह को एमिटी विश्वविद्यालय नोएडा एलएलएम की परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण किया और एलएलएम की उपाधि से प्रदान की गई। दीक्षांत समारोह मे उपाधि चेयरमैन डॉ डीके बंदोपाध्याय एवं एमिटी यूनिवर्सिटी नोएडा के वॉइस चांसलर डॉ बलविंदर शुक्ला ने प्रदान किया। मानवेंद्र की सफलता पर लोगों खुशी जाहिर की। बता दें कि मानवेंद्र सिंह की माता डा. सुमन मानवेंद्र सिंह सुमन पीजी कॉलेज और फार्मेसी कॉलेज की मैनेजिंग डायरेक्टर है शिक्षा सेवा से जुड़ी हैं। बच्चों के लिए निशुल्क लाइब्रेरी मखमेलपुर गांव में संचालित की जाती है। मानवेंद्र सिंह की देखरेख में ग्रामीण छात्र लाभान्वित होते हैं। मानवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि एलएलएम की उपाधि मिली है। इससे देश के उच्च न्यायालय से जुडकर जरूरतमंदों की सेवा करूंगा। बच्चे कोई भी सफलता के लिए शॉर्टकट छोड़ें उन्हें निश्चित ही किसी भी शिक्षा क्षेत्र में सफलता मिलेगी। गृह निवास पर लोगों ने जाकर उन्हें शुभकामनाएं बधाई दी।

# शादी टूटने पर युवक ने युवती के परिजनों को दी धमकी

■ परिजनों ने पुलिस को बुलाया तो उक्त युवक हुआ अपनी दुकान से फरार

**जन एक्सप्रेस | जफराबाद**

जफराबाद थाना क्षेत्र के सरैयां मोड़ स्थित एक दुकानदार पर एक लड़की के परिजनों ने शादी टूटने पर लड़की के परिजनों को उसकी किसी और जगह शादी तय होने पर तुड़वाने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस को सूचना दे दिया। पुलिस देखते ही उक्त दुकानदार मौके से फरार हो गया। जनपद सुल्तानपुर निवासी श्रीचंद सोनी के 21 वर्षीय पुत्री की शादी जौनपुर शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र के खोयामंडी निवासी अनूप कुमार से शादी फिक्स हुई थी। एक महीने पहले ही किसी बात को लेकर लड़की के परिजनों ने इस शादी को कैंसल कर दिया। आरोप है कि शादी टूटने से खुन्नस खाये उक्त युवक लड़की के और उसके परिजनों के मोबाइल नंबर पर लगातार कॉल कर के लड़की के किसी अन्य जगह शादी फिक्स होने के बाद रिश्ता तोड़वाने का धमकी देने लगा। जिस पर गुरुवार को दोपहर लड़की के परिजन जफराबाद थाना क्षेत्र के सरैयां मोड़ पर अनूप कुमार की दुकान पर पहुच गए। दोनो पक्षों में जमकर झड़प होने लगी। लड़की के परिजनों ने डायल 112 पर कॉल कर के सूचना दे दिया। पुलिस को आता देख उक्त युवक अपनी दुकान से फरार हो गया। इस दौरान दुकान पर काफी भीड़ भी जुट गई। परिजन तहरीर देने के लिए थाने पर गए।

थाना प्रभारी जफराबाद जय प्रकाश यादव ने बताया कि उक्त प्रकरण में अभी तक कोई तहरीर नही मिली है। तहरीर मिलते ही जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

# उड़ाका दल संयोजकों की नियुक्ति में आरक्षण नियमों का घोर उल्लंघन

**जन एक्सप्रेस | जौनपुर**

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय ,जौनपुर की 2024-25 की विषम सेमेस्टर परीक्षाओं में गठित उड़ाका दल के संयोजकों की नियुक्ति में आरक्षण के नियमों की अनदेखी की गई है।

बता दें कि 2013 में प्रोफेसर सुंदरलाल जब कुलपति थे तो उन्होंने विश्वविद्यालय में आरक्षण अधिनियम पारित कराया था। जिसके तहत विश्वविद्यालय में गठित होने वाले उड़ाका दल एवं अन्य विधायी समितियों में आरक्षण के नियमों का पालन करने का संकल्प व्यक्त किया था।किंतु वर्तमान समय में जब देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सबका साथ, सबका विकास एवं सबका विश्वास का संकल्प लेकर सुशासन की बात कर रहे हैं तो ऐसे समय में वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर के परीक्षा नियंत्रक द्वारा दिनांक 3 दिसंबर,2024 को जारी किए गए नियुक्त पत्र में उड़ाका दल के संयोजकों की नियुक्ति में संविधान एवं विधि सम्मत आरक्षण का पालन न किया जाना चिंता का विषय है। जौनपुर जनपद में चार टीमो मे डॉ योगेश कुमार शर्मा-राजा हरपाल सिंह पीजी कॉलेज सिंगरामऊ जौनपुर, डॉ नागेंद्र प्रताप मिश्रा- कुटीर पीजी कॉलेज चक्के जौनपुर, डॉ राजेंद्र सिंह -आरएसकेडी. पीजी कॉलेज जौनपुर एवं डॉ नीलेश कुमार सिंह-मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज जौनपुर को उड़ाका दल संयोजक नियुक्त किया गया है। ये सभी चारों उड़ाका दल संयोजक सामान्य वर्ग से बनाए गए हैं, जो की संविधान प्रदत्त अधिकारों का उल्लंघन है। इनकी नियुक्त में पिछड़े एवं अनुसूचित वर्ग के प्राध्यापकों को ना सम्मिलित किया जाना घोर चिंता का विषय है। कुछ वरिष्ठ शिक्षकों ने नाम न छापने की शर्त पर कहा की विश्वविद्यालय की समितियां में आरक्षण नियमों की अनदेखी उल्लंघन किया जा रहा है अगर इसी तरह चलता रहा तो इस मामले की शिकायत राजभवन से की जाएगी।

# रेलवे कर्मचारी संघ का चुनाव सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस | जौनपुर**

बारह वर्षों के लंबे अंतराल के बाद आखिरकार रेलवे ने कर्मचारी संघ के चुनाव को कराया। जंक्शन पर सुबह दस बजे से चुनाव अधिकारी भागचंद मीना की देख रेख में सांय 6 बजे चुनाव समाप्त हुआ। जिसमे लगभग 69.2 प्रतिशत तक मतदान हुआ।

चुनाव में उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन, नॉर्दन मेंस रेलवे यूनियन, उत्तरीय रेलवे कर्मचारी यूनियन, उत्तरीय रेलवे इम्प्लाई यूनियन, उत्तरीय रेलवे बहुजन कर्मचारी यूनियन के संगठनों ने प्रतिभाग किया। एक रेलवे कर्मचारी ने अपना मतदान डालने के बाद बताया की कुल 506 मतदाता हैं। वहीं चुनाव अधिकारी ने बताया की यह चुनाव 6 दिसम्बर तक चलेगा। परिणामों की घोषणा 12 दिसम्बर को किया जाएगा। रिजर्वेशन सुपरवाइजर राकेश सिंह ने बताया की लंबे संघर्षो के बाद कोर्ट के हस्तक्षेप से 12 वर्षों बाद कर्मचारी यूनियन का चुनाव हो रहा है। इसमें विजयी संगठन रेलवे के केंद्रीय बैठक में संगठन का प्रतिनिधि मण्डल रेलवे कर्मचारियों की बातों समस्याओं और उनके हितों का प्रस्ताव रख सकता है। विजयी संगठन सरकार द्वारा मान्यताप्राप्त होते हैं उनको मजदूरों की समस्याओं को बड़े फोरम पर उठाने का अधिकार प्राप्त हो जाता है। बताते चले की रेलवे के कर्मचारी संगठनों में राजनैतिक पार्टियों ने शाखाएं बना रखी है जो अपरोक्ष रूप से विभिन्न राजनैतिक पार्टियों से संरक्षण प्राप्त होते हैं। अब 12 दिसम्बर को ही पता चल पाएगा की जीत का ताज किस संगठन को पहनने को मिलता है।

# थाने से लगभग 200 मीटर पर युवक की मिली लाश, शिनाख्त नही

**जन एक्सप्रेस | जफराबाद**

स्थानीय थाने से लगभग 200 मीटर दूर गुरुवार की सुबह युवक की लाश मिलने से सनसनी फैल गई।घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।पुलिस मामले के हर पहलू से जांच कर रही है।शव की अभी शिनाख्त नही हो पायी है। मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों ने ऊक्त स्थान पर देखा कि एक युवक जिसकी उम्र लगभग 25 साल है।उसके सिर पर चोट के निशान है।वह सड़क से दो-तीन फीट दूरी पर नीचे पड़ा हुआ है।महरूपुर गांव निवासी प्रशान्त सिंह ने इसकी सूचना थाने के सी.यू.जी. नम्बर पर दिया।सूचना पाकर उप निरीक्षक धनुषधारी पांडे मौके पर पहुंच गए।उन्होंने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।मृतक नीले रंग की जींस, सफेद शर्ट, कमर में मफलर बधा हुआ था।तथा गले में गुरिया की माला और उपर से चैन लगा काले रंग की जैकेट पहने हुआ है। प्रभारी निरीक्षक जे.पी. यादव का कहना है कि मामला प्रथम दृष्टया सड़क दुर्घटना का लग रहा है। पोस्टमार्टम के बाद ही स्थिति साफ हो पाएगी।

# उड़ाका दलो ने चार दर्जन से अधिक परीक्षा केंद्र का किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस | जौनपुर**

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के चार दर्जन से अधिक परीक्षा केन्द्रों का उड़ाका दलो ने निरीक्षण किया। दोनो जिले मे दो टीम गुरुवार को नहीं चली। बता दें कि पूर्वांचल विश्वविद्यालय की परीक्षाएं जौनपुर गाजीपुर के 380 परीक्षा केन्द्र पर 3 दिसंबर से शुरू हो गई है। परीक्षा नियंत्रक में उड़ाका दल का गठन कर दिया है। जिसमें जौनपुर गाजीपुर में जिलेवार चार-चार टीम चलेंगी और परीक्षा नियंत्रक डॉक्टर विनोद कुमार सिंह ने निर्देश देते हुए कहा है कि आगमन प्रस्थान का समय संयोजक द्वारा केंद्राध्यक्ष के रजिस्टर या डायरी पर हस्ताक्षर के साथ दर्ज करें अगर परीक्षा केंद्र पर टीम की महिला सदस्य साथ में ना हो तो ऐसी स्थिति में कॉलेज की ही महिला सदस्य को लेकर परीक्षाओं का निरीक्षण करें।

### जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय उतरेजपुर का किया औचक निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस | जौनपुर**

जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चन्द्र द्वारा प्राथमिक विद्यालय उतरेजपुर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कक्षा में जाकर बच्चों से संवाद किया एवं उनसे पहाड़ा पूछा बच्चों के जवाब से जिलाधिकारी संतुष्ट दिखे, इसके पश्चात उन्होंने विद्यालय में उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने साफ-सफाई और मिड-डे-मील का भी निरीक्षण किया, मिड-डे-मील गुणवत्तापूर्ण न पाए जाने पर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त की तथा सम्बन्धित को निर्देशित किया कि बच्चों को निर्धारित मीनू के अनुसार पौष्टिक और गुणवत्तापूर्ण भोजन देना सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के निर्देश दिये तथा अध्यापकों को समय से विद्यालय में उपस्थित होकर बच्चों को संस्कार युक्त शिक्षा देने के निर्देश दिये। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यापकगण एवं बच्चे, ग्राम प्रधान सहित अन्य उपस्थित रहे।

### जिलाधिकारी के द्वारा कृषि विज्ञान केंद्र बक्शा का किया औचक निरीक्षण

**जौनपुर।** जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र के द्वारा कृषि विज्ञान केंद्र बक्शा, जौनपुर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने हाईटेक नर्सरी देखी, पाली हाउस में उगाए गए टमाटर और नेट हाउस में शिमला मिर्च की खेती देखी। एकीकृत फसल प्रणाली के तहत मछली पालन, मुर्गी पालन आदि का निरीक्षण किया और निर्देशित किया कि नई तकनीक के संबंध में किसानों को अधिक से अधिक जागरूक किया जाए। उन्नत बीजों को किसानों के बीच उपलब्ध कराते हुए प्रचार प्रसार किया जाए। इस अवसर उप निदेशक कृषि हिमांशु पांडेय, वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक सहित समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## एक्सप्रेस खबरें...

### सांस्कृतिक महोत्सव रिफ्यूजन में 3000 बच्चे करेंगे प्रतिभाग: अहमद फराज



**जन एक्सप्रेस/बाराबंकी।** शहर के देवा रोड स्थित आनन्द भवन स्कूल के पूर्व छात्र संघ के द्वारा दो दिवसीय सांस्कृतिक महोत्सव रिफ्यूजन 2024 का आयोजन किया जा रहा है। उक्त जानकारी आनन्द भवन स्कूल की प्रधानाचार्य सिस्टर अर्चना थॉमस ने आयोजित प्रेसवार्ता के माध्यम से दी। वहीं आनन्द भवन अध्यक्ष पूर्व पूर्व छात्र संघ अहमद फराज ने बताया कि यह आयोजन आगामी 7 व 8 दिसम्बर को होगा। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में जनपद सहित आस-पास क्षेत्र के 40 विद्यालयों के लगभग 3000 बच्चे प्रतिभाग करेंगे। उन्होने आगे बताया कि दो दिवसीय उत्सव में रचनात्मक प्रतिभा और आपसी सहयोग का अदभुत संगम देखने को मिलेगा। इस उत्सव में गायन, एकता नृत्य, समूह नृत्य, पेंटिंग, स्टैण्डप, कमेडी, वाद-विवाद, इंस्टा रील, चित्रकला और फोटो ग्राफी जैसी रोमांच प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी हैं। कार्यक्रम का उद्घाटन 7 दिसम्बर को राज्य सूचना आयुक्त मो. नदीम करेंगे और कार्यक्रम का समापन और पुरस्कार वितरण प्रसिद्ध अभिनेता और हास्य कलाकार राजीव निगम मुख्य अतिथि के रुप में आयेंगे। उन्होने यह भी बताया कि स्टैंड-अप कमेडी प्रतियोगिता के जज के रुप में भी राजीव निगम मौजूद रहेंगे। प्रेसवार्ता में उप प्रधानाचार्य सिस्टर एल्सी एनके, उपाध्यक्ष अषीष रस्तोगी, सचिव मो. अरीब, कोषाध्यक्ष साद साजिद, मीडिया प्रभारी अरुणव सिन्हा व कार्यक्रम समन्वयक विषेष्वर कुमार आदि मौजूद रहे।

### पिंक बूथ का एसपी ने किया लोकार्पण




**जन एक्सप्रेस/बाराबंकी।** गुरुवार को पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत सोमैया नगर, देवा रोड पर नव निर्मित पिंक बूथ का लोकार्पण किया। पुलिस अधीक्षक द्वारा मौके पर मौजूद ब्रिटानिया कम्पनी में काम करने वाली महिलाओं को महिला सम्बन्धित अपराध के बारे में विस्तृत जानकारी दी तथा महिला एवं बच्चों से सम्बन्धित समस्याओं व घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, पाक्सो, बाल विवाह प्रतिषेध व महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध प्रमुख अपराधों की जानकारी दी। महिला हिंसा से सम्बन्धित तथा अन्य शिकायतों के निवारण हेतु जारी हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी देकर छात्राओं को पुरस्कार वितरित किया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी चिरंजीव नाथ सिन्हा, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर आलोक मणि त्रिपाठी, महिला थानाध्यक्ष मुन्नी देवी व प्रभारी चौकी सोमैया नगर सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### प्रत्येक आरटीआई को गम्भीरता से लें: डॉ. दिलीप अग्निहोत्री




**जन एक्सप्रेस/फतेहपुर-बाराबंकी।** आनलाइन आरटीआई महत्वपूर्ण है। गरीब व शोषित लोगों की समस्याओं का निस्तारण यदि समयावधि में किया जाये तो उससे उनको लाभ मिलेगा। कभी-कभी छोटी समस्याओं का निस्तारण समय से न होने पर वह बड़ा रूप ले लेती हैं, इसलिए प्रत्येक आरटीआई को गम्भीरता से ले, इसमें लापरवाही बरतने पर कार्यवाही तय है। उक्त बात गुरूवार की देर शाम तहसील के लोक सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में राज्य सूचना आयुक्त डॉ. दिलीप अग्निहोत्री ने उपस्थित जनसूचना, सहायक जनसूचना अधिकारियों के सम्मुख व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति जनसूचना मांग सकता है यह उसका अधिकार है उसकी सूचना का जवाब 30 दिन के अन्दर अवश्य उपलब्ध कराये इससे छवि अच्छी बनती है। ऐसे लोग जो बार-बार सूचना मांगते हैं उनका अलग से रजिस्टर तैयार कर ले जिससे यह पता चल सके कि वह एक ही सूचना बार-बार तो नहीं मांग रहे हैं। एक्ट में थर्ड परसन की सूचना देने का प्राविधान नहीं है यदि थर्ड परसन की सहमति हो तभी सूचना दी जा सकती है। आवेदक द्वारा मांगी गयी सूचना को प्रतिष्ठा से न जोड़े यदि सूचना विस्तृत है तो उसे अवलोकन के लिए भी बुला सकते हैं परन्तु सूचना अवश्य उपलब्ध कराये। बिन्दुवार मांगी गयी सूचना का जवाब बिन्दुवार ही दे। समीक्षा बैठक में एसडीएम राजेश विश्वकर्मा, सीओ जगत कनौजिया, तहसीलदार वैशाली अहलावत, बीईओ आराधना अवस्थी, सीडीपीओ रंजना सिंह सहित सर्किल के सभी कोतवाली प्रभारी एवं तहसील स्तरीय जनसूचना अधिकारी उपस्थित रहे।

### फटा प्रेषर कुकर, किशोरी गम्भीर

**जन एक्सप्रेस/फतेहपुर, बाराबंकी।** कोतवाली फतेहपुर अन्तर्गत गुरुवार सुबह खाना बनाते समय एक प्रेषर कुकर फट गया। जिसमें एक किषोरी गम्भीर रुप से घायल हो गयी। घायल बालिका को इलाज के लिए सीएचसी फतेहपुर में भर्ती कराया गया है। जहां उसकी हालत गम्भीर बनी हुई है। जानकारी के अनुसार, गुरुवार की सुबह असोहना गांव निवासी प्रमोद कुमार की 25 वर्षीय पुत्री रजनी वर्मा घर पर रसोई घर में खाना बना रही थी। कि खाना बनाते समय अचानक कुकर फट गया और उसकी चपेट में आने से रजनी का चेहरा झुलस गया वो तड़पने लगी कुकर फटने की आवाज से पूरे मोहल्ले में हड़कंप मच गया।

# अनुपस्थित कर्मचारियों से कमिश्नर खफ़ा, दिए कड़ी कार्यवाही के निर्देश

**जन एक्सप्रेस | बस्ती**



कमिश्नर अखिलेश सिंह ने आज गुरुवार को कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रुधौली का आकस्मिक निरीक्षण किया। विकास खण्ड के निरीक्षण के दौरान उन्होने पाया कि अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी अजीत कुमार, ग्राम विकास अधिकारी अखिलेश कुमार चौधरी, शैलेंद्र कुमार, देवेश कुमार राय, परमात्मा प्रसाद चौधरी, तकनीकी सहायक असगर अली, सहायक विकास अधिकारी कृषि प्रेम नारायण मिश्र, सहायक विकास अधिकारी आईएसबी इंद्रेश कुमार यादव, बी पीआरडी नवनीत तिवारी, एडीओ पंचायत राजकुमार गौतम एवं एडीओ समाज कल्याण सोहेल खान अनुपस्थित पाये गये। कमिश्नर ने इस स्थिति पर कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया की समस्त अनुपस्थित अधिकारियो-कर्मचारियों का स्पष्टीकरण जारी करें।

उन्होने यह भी निर्देशित किया है कि रोस्टर के अनुसार सभी सहायक विकास अधिकारी एवं पंचायत सेक्रेटरी की उपस्थिति खंड विकास कार्यालय पर सुनिश्चित करें तथा छोटे-छोटे कार्य के लिए आने वाले लोगों की समस्याओं का तत्काल समाधान कराये। उन्होने कहा कि मनरेगा के अंतर्गत कराये जा रहे कार्यो का रेंडमली सत्यापन भी कराया जाना सुनिश्चित करें। इसके बाद कमिश्नर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के निरीक्षण किया जहां पर एमओआईसी डॉ. एके मिश्रा, डेंटिस्ट डॉ. संजय कुमार, डॉ. अमित पटेल तथा फार्मासिस्ट एहसान हुसैन सहित अन्य कार्यालय स्टाफ उपस्थित रहें। उन्होने पंजीकरण पटल, स्टोर महिला वार्ड, सराय वार्ड, प्रयोगशाला आदि को देखा, जो संतोषजनक है, तथा दवाएं भी उपलब्ध पायी गयी। उन्होने टीका लगवाने आयी रोजी मेहरुन्निसा निवासी रूद्र नगर से पूछा कि यहां पर उसे दवा और चिकित्सा की सुविधा आसानी से प्राप्त होता है कि नही तो उनके द्वारा बताया गया कि पूर्व में भी दवा के लिए आती हूँ और आसानी से चिकित्सा सुविधा व दवा प्राप्त हो जाती है।

निरीक्षण के क्रम में तहसील रुधौली का निरीक्षण किया। जहां पर तहसीलदार रवि कुमार, नायब तहसीलदार एवं राजस्व निरीक्षक सहित समस्त कर्मचारी मौके पर मौजूद मिले। और एस डीएम के संबंध में उन्हें बताया गया कि वे मुख्यालय पर आयोजित लेखपाल ट्रेनिंग में गए हैं। कमिश्नर ने मौके पर उपस्थित तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, नायब तहसीलदार एवं पेशकार को बताया कि धारा 24 के प्राप्त आवेदन पत्रों की समीक्षा करने के उपरांत समस्त प्रपत्र पूर्ण होने पर ही उसे जांच क्षेत्र राजस्व निरीक्षक एवं तहसीलदार को प्रेषित किया जाए। राजस्व निरीक्षक जांच के समय यह सुनिश्चित करें की चौहद्दी के सारे काश्तकारों को सूचित करते हुए एवं उनकी उपस्थिति में प्रथम पैमाइश कराये ताकि कार्रवाई में कोई आपत्ति ना आए।

### एसपी ने हटवाये धार्मिक स्थलो पर लगे अवैध लाउड स्पीकर

**जन एक्सप्रेस/बाराबंकी।** गुरुवार की सुबह पुलिस अधीक्षक के निर्देष पर धार्मिक स्थलो पर लगे अवैध लाउडस्पीकर, ध्वनि विस्तारक यंत्रों को हटवाये जाने एवं लाउडस्पीकर की ध्वनि मानक के अनुरूप कराये जाने का अभियान चलाया गया। जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक दिनेष कुमार सिंह द्वारा गुरुवार को प्रातः जनपद में भ्रमण कर धार्मिक स्थलों पर लगे लाउड स्पीकर, ध्वनि विस्तारक यंत्रों का निरीक्षण किया गया। साथ ही पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारी व थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में निरीक्षण किया गया तथा मानक के विपरीत मिलने पर ध्वनि विस्तारक यंत्रों की आवाज को कम कराकर मानक के अनुरूप कराया गया तथा मानक से अधिक संख्या में लगे लाउडस्पीकरों को उतरवाया गया। उतरवाए गए लाउडस्पीकर, ध्वनि विस्तारक यंत्र विद्यालयों एवं अन्य जरूरतमंद संस्थाओं को वितरित किए जाएंगे। धार्मिक स्थलों के जिम्मेदार व्यक्तियों को लाउडस्पीकरों की ध्वनि मानक के अनुरूप रखने हेतु हिदायत दी गई।

## नगर निगम द्वारा डेयरी संचालकों को 51-51 हजार रूपए के नोटिस जारी

**जन एक्सप्रेस | सहारनपुर**

दूध का कार्य करने वाले डेयरी संचालकों को नगर निगम द्वारा जारी किए गए नोटिस के विरोध में डेयरी संचालक संघर्ष समिति के अध्यक्ष संजय वालिया के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल नगर आयुक्त से मिला, उन्हें इस संबंध में एक ज्ञापन भी दिया। नगर निगम द्वारा डेयरी संचालकों को 51 51 हजार रुपए के जारी नोटिस के मामले को लेकर आज डेयरी संचालक संघर्ष समिति के अध्यक्ष संजय वालिया के नेतृत्व में डेयरी संचालक आज नगर निगम पहुंचे और नगर आयुक्त से भेंट की। संघर्ष समिति के अध्यक्ष संजय वालिया ने नगर आयुक्त को बताया कि निगम की ओर से डेयरी संचालकों को जो नोटिस जारी किए गए हैं वह अव्यावहारिक है, क्योंकि वह लोग छोटा-छोटा कारोबार कर अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं ऐसे में भारी भरकम नोटिस से है पूरी तरह परेशान है जिसका निस्तारण किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि डेहरी संचालकों के साथ न्याय न किया गया तो संघर्ष समिति सड़कों पर उतर आंदोलन करने को मजबूर होगी। नगर आयुक्त ने आश्वासन देते हुए कहा कि इस मामले में विचार कर डेयरी संचालकों को राहत देने का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि डेहरी संचालकों के साथ न्याय न किया गया तो संघर्ष समिति सड़कों पर उतर आंदोलन करने को मजबूर होगी। नगर आयुक्त ने आश्वासन देते हुए कहा कि इस मामले में विचार कर डेयरी संचालकों को राहत देने का काम किया जाएगा।

प्रतिनिधि मंडल में आकाश खटीक आर्यन पाल अनुज पाल सोनू पाल सुमित पाल अभिषेक पाल कमल करी अजय पाल अंकित पाल सारिक पाल रिंकू पाल दीपक पाल संजीव पाल रिंकू पाल प्रिंसिपल परवीन पाल अरविंद पाल विक्रम पाल पवन पाल निखिल पाल विशाल पाल शंकरपाल अमित पाल अमन पाल कांता देवी ममता देवी मेमो देवी लाल पाल अजय पाल समेत भारी संख्या में डेयरी संचालक शामिल रहे।

## आग लगने से रिहायशी झोपड़ी जलकर राख, लाखों का नुकसान

**जन एक्सप्रेस | बस्ती**



लालगंज थाना क्षेत्र के जिभियांव में गुरुवार को अज्ञात कारणों से रिहायशी झोपड़ी में आग लगने से राशन व घरेलू सामान सहित लाखो रुपया व आभूषण जल कर राख हो गया। घर में रखा एक सिलेंडर भी फट गया। जिसका अवशेष तीन झोपडी पर जा गिरा और धू-धू कर जलने लगा। ग्रामीणों ने बड़ी मेहनत से आग को बुझाया।

गांव के अली हसन पुत्र असगर अली अपने घर में कपड़े की सिलाई कर रहे थे, तभी आग की लपट उठी तो बाहर निकल देखा छप्पर जल रहा था। जब तक कुछ समझ पाते तब तक पडोसी इसरार अहमद पुत्र अली हसन, निसार पुत्र अली हसन, कुतबुनिशा पत्नी मोहम्मद रजा, असलम पुत्र मोहम्मद रजा के घर को भी अपने चपेट में ले लिया और घर में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। शोर सुनकर आसपास के लोग जब तक पहुंचे तब तक असलम के घर में रखा गैस सिलेंडर फट गया और भगदड़ मच गई सिलेंडर का कुछ अवशेष खुर्शीद व बेलाल के झोपड़ी पर जा गिरा और वह भी जलने लगा। बड़े हिम्मत से ग्रामीण पहुंच कर इन दोनों के झोपडी को बुझाया। अली हसन के घर में सिलेंडर रहने के डर से ग्रामीण आगे नही बढे।

और देखते देखते सब जल गया। इनका बीसहजार नगद, दो साइकिल, चार पंखा, सिलाई मशीन, तीन बकरी के बच्चे, राशन व लाखो के आभूषण जल गए। इसरार अहमद पुत्र अली हसन का आठ हजार नगद, दो पंखा, एक साइकिल, राशन व घरेलू सामान जल गया। निसार पुत्र अली हसन का 70 हजार नगद, डेढ़ लाख का आभूषण, फ्रिज, कूलर, पंखा, सिलाई मशीन, एक साइकिल, दो बकरी, राशन, कुतुबुनिशा पत्नी मोहम्मद रजा का एक मोबाइल फोन, सोने की झुमकी, पंखा, राशन, असलम पुत्र मोहम्मद रजा का 10 हजार नगद, आभूषण, राशन, गैस सिलेंडर, पंखा व साइकिल जल गया। निशार की पत्नी अपनी आशियाना जलती देख बेहोश हो कर गिर पड़ी और बच्चे रो रहे थे।

ग्रामीणों ने सिलेंडर के दहशत में बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। ग्राम प्रधान ने हलका लेखपाल को घटना के बारे में अवगत कराया लेकिन देर शाम तक पीडितो के घर नही पहुंचे। वहीं फायर विभाग घोर लापरवाही सामने आईं, जहां पर आग बुझने के बाद पहुंचा फायर की गाड़ी... आग लगने की सूचना ग्रामीणों के देने के घंटो बाद अग्नि शमन गाड़ी जिला मुख्यालय से पहुंची। तब तक गांव के लोग आग बुझा चुका थे। इतना ही नही पुलिस चौकी कुदरहा के पीछे पांच सौ मीटर की दूरी पर आग लगी लेकिन पुलिस आधे घंटे बाद पहुंची। इसके बाद भी भीड़ के पीछे खड़ी हो कर जलती झोपड़ी को देख रही थी। पीडितों ने बताया कि यदि दमकल की गाड़ी समय से आ गया होता तो अन्य झोपडी जलने से बच गया होता। गैस सिलेंडर की डर से कोई गजदीक नही जा रहा था। स्थानीय पुलिस भी कोई पहल नही की।

## बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता आज से, तैयारी पूरी

**जन एक्सप्रेस | बस्ती**



संविलियन उच्च प्राथमिक विद्यालय हर्रैया के परिसर में होने वाली दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता की तैयारियां गुरुवार को पूरी हो गई हैं। खंड शिक्षा अधिकारी विजय आनंद द्वारा प्रतियोगिता को संपन्न करने के लिए शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। यह जानकारी देते हुए क्रीड़ा प्रतियोगिता के मीडिया प्रभारी रवीश कुमार मिश्र ने बताया कि गुरुवार शाम तक फील्ड निर्माण और अन्य सभी कार्य पूरे कर लिए गए हैं। खेल प्रभारी सर्वदेव सिंह के नेतृत्व में अनुदेशक, अनुचर और अन्य के द्वारा पिछले दस दिन के कठिन परिश्रम से फील्ड निर्माण कराया गया है। शुक्रवार को प्राथमिक स्तर तथा शनिवार को उच्च प्राथमिक स्तर के खेल कराए जाएंगे। खेल आयोजन समिति, स्वागत समिति, भोजन समिति, लेखा समिति, संचालन समिति, विभिन्न खेलों की समिति आदि समितियों में ब्लॉक के एआरपी, शिक्षक संघ के पदाधिकारी और अन्य शिक्षकों तथा कर्मचारियों को जिम्मेदारियां सौंप गई हैं। प्रतियोगिता में ब्लॉक के सभी 11 न्याय पंचायत के ऐसे खिलाड़ी और टीमें प्रतिभाग करेंगी जो न्याय पंचायत स्तरीय प्रतियोगिता में विजेता हुई हैं। प्रतियोगिता में बालक और बालिका दोनों वर्ग के खिलाड़ी भाग लेंगे। दौड़, खो-खो, कबड्डी, वॉलीबॉल, हैंडबॉल, योगा, लंबी कूद, ऊंची कूद, समूहगान, लोकनृत्य, राष्ट्रीय एकांकी आदि विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं कराई जाएंगी।

### जीआरपी पुलिस ने बरामद की अंग्रेजी शराब

**जन एक्सप्रेस | बाराबंकी**

जीआरपी प्रभारी निरीक्षक की अगुवाई में गुरुवार को चेकिंग अभियान के दौरान एक टेऊन से भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद हुई। अंग्रेजी शराब कौन लेकर कहां जा रहा था उस व्यक्ति का जीआरपी पुलिस पता लगा रही है। जानकारी के अनुसार, जीआरपी बाराबंकी थाना प्रभारी देवेन्द्र कुमार द्विवेदी ने अपर पुलिस महानिदेशक रेलवे के निर्देष पर बाराबंकी रेलवे स्टेषन पर रुकने वाली टेऊनो की तलाषी का अभियान चलाया था। सरयू युमना एक्सप्रेस पर तलाशी के दौरान जीआरपी पुलिस ने कई बैगो में रखी भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद की। जिसकी कीमत 48000 रुपये बतायी गयी है।

## बेसिक शिक्षा विभाग के निरीक्षण में 29 शिक्षक मिले अनुपस्थित

**जन एक्सप्रेस | बाराबंकी**

गुरुवार को जिलाधिकारी के निर्देष पर बेसिक षिक्षा विभाग के अधिकारियों ने जनपद के विद्यालयों का सघन निरीक्षण अभियान चलाया। इस दौरान अधिकारियों द्वारा जिले के 91 विद्यालयों का निरीक्षण किया गया, इस दौरान 29 शिक्षक अनुपस्थित पाए गए। जानकारी के अनुसार, जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार के निर्देश पर गुरूवार को जिले में सघन निरीक्षण अभियान चलाया गया।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सन्तोष कुमार देव पाण्डेय ने बताया कि गुरूवार को प्रत्येक खण्ड शिक्षा अधिकारी व जिला समन्वयक द्वारा प्रातः 9 बजे एक-एक विद्यालय में प्रार्थना सभा में सम्मिलित होकर फोटो ग्रुप पर उपलब्ध कराने के साथ ही अन्य विद्यालयों का निरीक्षण करते हुए रिपोर्ट प्रेरणा पोर्टल पर अपलोड किए जाने के निर्देश दिए गए। जिसके क्रम में समस्त अधिकारियों द्वारा प्रार्थना सभा में सम्मिलित होते हुए फोटोग्राफ ग्रुप पर प्रेषित की गयी।

निरीक्षण के लिए 14 खण्ड शिक्षा अधिकारियों के साथ ही जिला समन्वयक पीएम पोषण डॉ0 पीयूष कुमार, जिला समन्वयक एमआईएस पुनीत कुमार श्रीवास्तव, ईएमआईएस इंचार्ज पंकज कुमार वर्मा, जिला समन्वयक बालिका शिक्षा पुनीत मणि त्रिपाठी, जिला समन्वयक प्रशिक्षण विनीता मिश्रा, जिला समन्वयक सामुदायिक सहभागिता नन्दन पाण्डेय आदि द्वारा कुल 91 विद्यालयों का निरीक्षण किया गया।


## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, लखनऊ वृत्त, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ

पत्रांक : 7216/523-सी(पी0डी0एल0)-एल0वृ0/2024-25 दिनांक : 29/11/2024

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, लखनऊ वृत्त, उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रतिशत दर पर उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग में सेतु कार्य हेतु अर्ह एवं अनुमोदित ठेकेदारों से श्रेणी-'ए' व 'बी' हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी भी एक अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकता है।

| क्र0 सं0 | जनपद | कार्य का नाम | आंकलित धनराशि (रू0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | श्रेणी | निविदा शुल्क प्रपत्र का मूल्य + स्टेशनरी | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) | कार्य सम्पादन हेतु अधिशासी अभि0 का पता | अधीक्षण अभियन्ता का पता | मुख्य अभि0 का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | लखनऊ | इमलीबॉधन से गोयला इण्डस्ट्रियल एरिया मार्ग पर क्षतिग्रस्त आर्च सेतु के स्थान पर 3X6 मीटर आर0सी0सी0 बॉक्स कल्वर्ट का नवनिर्माण का कार्य। | 142.00 | 9.10 | श्रेणी ए व बी | (Stationery Charges Rs.2000.00+ Tender cost Rs. 300.00)+18% GST Total 2714=00 | 12 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि, लखनऊ | लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि. लखनऊ | मुख्य अभि0 (म0क्षे0) लो.नि.वि. लखनऊ |

- बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगाई गयी दरें जी0एस0टी0 को छोड़ते हुये लगाई गयी है।

निविदा आनलाइन दिनांक 07.12.2024 से दिनांक 18.12.2024 की अपरान्ह 12:00 बजे तक डाउनलोड की जा सकती है एवं दिनांक 18.12.2024 की अपरान्ह 12:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है। उक्त निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 18.12.2024 को अपरान्ह 12:30 बजे खोली जायेगीं। शासनादेश संख्या- 1/2018/3070/78-2-2018/42 आई0टी0/2017 (22) दिनांक 03.01.2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।

निविदा का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी सॉफ्टवेयर द्वारा किया जाना है, जिसका विवरण एन0आई0सी0 की बिड डाक्यूमेन्ट में उपलब्ध है।

निविदादाता सम्बन्धी शेष सभी शर्ते http//etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

(इं0 सत्येन्द्र नाथ)
अधिशासी अभियन्ता,
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,
लखनऊ

UPID: 223320, Dated:04.12.2024
Website: www.up.gov.in

(इं0 जे0पी0 सिंह)
अधीक्षण अभियन्ता
लखनऊ वृत्त, लो0नि0वि0,
लखनऊ


### सुरक्षा की दृष्टिगत उप निबंधक कार्यालय का हो निर्माण: गणेश शंकर मिश्रा

**जन एक्सप्रेस | फतेहपुर-बाराबंकी**

बार एसोसिएशन के वकीलों की तेरहवें दिन भी हडताल जारी रही। उच्चाधिकारियों से वार्ता न होने के कारण हडताल कब खत्म होगी इसका कोई समय निश्चित नही हो सका है। कलमबन्द हडताल से समस्त न्यायालयों व रजिस्ट्री का कार्य पूर्णतयः बाधित है। उपनिबन्धक कार्यालय को लेकर वकील लामबन्द होकर 13 दिन से तहसील परिसर व उपनिबन्धक कार्यालय में धरना प्रदर्शन कर रहे है। दो दिन पूर्व एसडीएम से वार्ता की गयी थी। उच्चाधिकारियों के संज्ञान मे लाते हुए इस समस्या का समाधान निकाला जाये। गौरतलब है गुरुवार को अधिकारियों के बीच कोई वार्ता नही हो सकी। जिस पर अधिवक्ता धरना स्थल पर बैठकर नारेबाजी करते रहे।

### दो बकरी चोर गिरफ्तार थाना प्रभारी का गुडवर्क

**जन एक्सप्रेस/बाराबंकी।** थाना प्रभारी कुर्सी ने गुरुवार को बकरी चोरी करने वाले दो शातिर चोरों को गिरफ्तार करके उनके पास से चोरी की पांच बकरियां और एक कार बरामद की। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके चोरों को जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार, गुरुवार सुबह थाना प्रभारी बड्डूपुर गजेन्द्र प्रताप सिंह ने जनपद लखनऊ के थाना दुबग्गा के ग्राम रामगंज निवासी हफीज उर रहमान पुत्र हबीब उर रहमान वहीं इसी थाना क्षेत्र के सीता बिहार कालोनी निवासी अय्यूब पुत्र स्व. आलम को गिरफ्तार किया। पुलिस ने इनके पास से कुर्सी कस्बे से चोरी की गयी पांच बकरियां और एक कार व 1430 रुपये नकद बरामद किये। पूछताछ पर ज्ञात हुआ कि उपरोक्त अभियुक्तगण द्वारा बुधवार को कस्बा कुर्सी से 05 अदद बकरियों को बेचने के लिए चोरी किया गया था।

## अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य सेवाएं, उत्तर प्रदेश द्वारा जिला टीबी विभाग का औचक निरीक्षण हुआ

**जन एक्सप्रेस | सहारनपुर**



अपर निदेशक महोदय डॉक्टर मिनेश कुमार चावला जी द्वारा जिला अस्पताल का रैन बसेरा चेक किया गया। जहां पर प्रमुख अधीक्षक द्वारा बताया गया कि अभी रैन बसेरा में 8 बेड कंबल एवं तकिए के साथ उपलब्ध है जो कि बढ़ाकर आगामी दो दिवसों के अंदर 18 कर दिए जाएंगे। तत्पश्चात अपर निदेशक महोदय द्वारा जिला क्षय रोग अधिकारी डॉक्टर सर्वेश कुमार के साथ आगामी टीबी से संबंधित 100 दिन कैंपेन के बारे में पूछताछ कर प्रशिक्षण, गोद लिए हुए रोगियों की संख्या, डीबीटी आदि के बारे में जानकारी ली गई। जनपद में विभिन्न सहयोगी संस्थाओं, यूनिवर्सिटी आदि के द्वारा अभी तक 2004 रोगियों को गोद लिया गया है,तत्पश्चात जिला टीबी सेनिटोरियम में चिकित्सा अधीक्षक को वार्डों की साफ सफाई, शौचालयों की साफ सफाई, लेब मशीनों, अग्निशामक यंत्रों एवं ऑक्सीजन सिलेंडर की पूर्ण क्रियाशीलता एवं उपलब्धता हेतु निर्देशित किया गया।निरीक्षण के दौरान जिला क्षय रोग अधिकारी, चिकित्सा अधीक्षक, एवं विनोद कुमार मंडलीय अनुश्रवण एवं मूल्यांकन अधिकारी मौजूद रहे, अपर निदेशक द्वारा पूछी गयी जानकारी के सापेक्ष उन्हे वरिष्ठ क्षय रोग लैब प्रयावेक्षक एम पी सिंह चावला द्वारा बताया गया कि जिले की समस्त सरकारी प्रयोगशालाये जेड एन माइक्रोसकॉपी युक्त, एल इ डी माइक्रोसकॉपी युक्त, ट्रूनाट, सीबीनाट सभी किर्याशील हैं, इस मौके पर जिला क्षय रोग अधिकारी डा सर्वेश कुमार, टीबी सेनेटोरियम सुप्रीटेंडेंट डा अखिल टंडन भी मौजूद रहे।

# महाराष्ट्र में 'देवेंद्र' सरकार

## एकनाथ शिंदे और अजित पवार बने उपमुख्यमंत्री

### शपथ ग्रहण के बाद महायुति की पहली कैबिनेट बैठक, फडणवीस बोले, इस बार टेस्ट मैच जैसी पारी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई**

महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के नतीजे जारी होने के 12वें दिन आखिरकार राज्य में नई सरकार का गठन हुआ और भाजपा नेता और पिछली सरकार में डिप्टी सीएम रहे देवेंद्र फडणवीस ने राज्य के नए मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली। वहीं पिछली सरकार में मुख्यमंत्री रहे शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे नई सरकार में डिप्टी सीएम की भूमिका में होंगे, जबकि शिंदे सरकार में डिप्टी सीएम रहे अजित पवार के पद में कोई बदलाव नहीं हुआ है, उन्होंने एक बार फिर डिप्टी सीएम पद की शपथ ली है।



### कैबिनेट में ज्यादा बदलाव नहीं होगा- देवेंद्र फडणवीस

प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने साफ कहा, राज्य के कैबिनेट में ज्यादा बदलाव नहीं होगा। जबकि 7, 8 और 9 दिसंबर को महाराष्ट्र विधानसभा का विशेष सत्र होगा। 9 दिसंबर को विधानसभा अध्यक्ष का चुनाव होगा मंत्रिमंडल तय हो चुका है। शीतकालीन सत्र से पहले सभी मंत्रियों की शपथ कराकर पोर्टफोलिया बांट दिए जाएंगे। उन्होंने कहा- सबको साथ लेकर चलने वाली सरकार आपको देखने मिलेगी, अगर समस्याएं आएंगी तो हम लोग मिलकर रास्ता निकालकर महाराष्ट्र को आगे बढ़ाएंगे।

### हम महाराष्ट्र की बेहतरी के लिए फैसले लेंगे- फडणवीस

सीएम देवेंद्र फडणवीस ने आगे कहा, पिछले 2.5 सालों में हमने महाराष्ट्र के विकास के लिए काम किया है और यहां से भी हम महाराष्ट्र के विकास के लिए काम करेंगे और हम अब नहीं रुकेंगे, दिशा और गति वही है, केवल हमारी भूमिकाएं बदल गई हैं। हम महाराष्ट्र की बेहतरी के लिए फैसले लेंगे। हम उन कामों को पूरा करना चाहते हैं जिनका जिक्र हमने अपने घोषणापत्र में किया था।

### बोन मैरो ट्रांसप्लांट के मरीज की अर्थिक मदद

वहीं अपने पहले फैसले में सीएम देवेंद्र फडणवीस ने अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण का इंतजार कर रहे मरीज के लिए सहायता को मंजूरी दी है। बता दें कि, पदभार संभालने के बाद अपनी पहली फाइल पर हस्ताक्षर करते हुए महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने गुरुवार को अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण की प्रतीक्षा कर रहे एक मरीज के लिए पांच लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। जानकारी के मुताबिक, पुणे में रहने वाले चंद्रकांत कुर्हाड़े की पत्नी ने अपने पति के इलाज के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष से मदद मांगी थी। मुख्यमंत्री ने पहली कैबिनेट बैठक की अध्यक्षता करने से पहले फाइल पर अपने हस्ताक्षर किए।

### फडणवीस बोले, लाडली बहनों को 2100 रुपए देंगे

सीएम का चार्ज लेने के बाद देवेंद्र फडणवीस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा- हमारे रोल बदले हैं, हमारी दिशा नहीं बदली। सबको साथ लेकर चलने वाली सरकार आपको देखने मिलेगी। समस्याएं आएंगी तो हम लोग मिलकर रास्ता निकालकर महाराष्ट्र को आगे बढ़ाएंगे। लाडली बहन योजना में अभी 1500 रुपए दे रहे हैं, इसे बढ़ाकर 2100 करेंगे। पहले हम आर्थिक सोर्स मजबूत करेंगे, फिर इसे बढ़ाएंगे।

### मंत्रियों ने शपथ नहीं ली

सीएम और दोनों डिप्टी सीएम के अलावा किसी मंत्री को शपथ नहीं दिलाई गई। हालांकि महायुति के बीच कैबिनेट बंटवारे को लेकर 6-1 का फॉर्मूला तय हुआ है। यानी 6 विधायक पर एक मंत्री पद मिलेगा। इसके तहत भाजपा को 20 से 22 मंत्री पद, एकनाथ शिंदे गुट को 12 और अजित पवार गुट को 9 से 10 मंत्री पद दिए जा सकते हैं। शपथ समारोह के बाद महायुती की बैठक होगी। आगे की रणनीति और मंत्रिमंडल के गठन पर चर्चा होगी।

### पुणे के मरीज की फडणवीस ने की आर्थिक मदद

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद, देवेंद्र फडणवीस ने पुणे के मरीज चंद्रकांत शंकर कुर्हाड़े को अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण उपचार के लिए मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता कोष से 5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किए।

### पीएम मोदी समेत एनडीए के दिग्गज बने साक्षी

इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, नितिन गडकरी और राजनाथ सिंह और कई केंद्रीय मंत्रियों और कई राज्यों के मुख्यमंत्री जिसमें यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ, बिहार के सीएम नीतीश कुमार, आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू, उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी, हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी, गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल और गोवा के सीएम प्रमोद सावंत समेत राजग शासित कई राज्यों के उप-मुख्यमंत्री भी शामिल हुए। इसके अलावा भाजपा नीत महायुति के हजारों समर्थक शामिल हुए। यह कार्यक्रम विधानसभा चुनाव के नतीजे घोषित होने के करीब दो हफ्ते बाद आजाद मैदान में आयोजित किया गया।

### उद्योगपति-फिल्मी सितारे भी हुए शामिल

महायुति सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में एक तरफ जहां राजनेताओं का जमावड़ा लगा था। वहीं दूसरी तरफ से उद्योगपति से लेकर तमाम फिल्मी सितारों ने इस कार्यक्रम में शिरकत की। इसमें मुकेश अंबानी, अनिल अंबानी, कुमार मंगलम बिड़ला, अभिनेता शाहरुख खान, सलमान खान, संजय दत्त, रणबीर कपूर, रणवीर सिंह, माधुरी दीक्षित उनके पति श्रीराम नेने और क्रिकेट के दिग्गज सचिन तेंदुलकर और उनकी पत्नी अंजलि तेंदुलकर भी समारोह में उपस्थित थीं।

# भारतीय वायुयान विधेयक 2024 मंजूर

## 90 साल पुराने विमान अधिनियम की जगह लेगा, सस्ती होगी हवाई यात्रा



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

संसद ने गुरुवार को भारतीय वायुयान विधेयक 2024 को मंजूरी दी। यह विधेयक 90 साल पुराने विमान अधिनियम 1934 की जगह लेगा। जिसमें अब तक 21 बार संशोधन किया जा चुका है। इस विधेयक के बाद तेजी बढ़ते विमानन क्षेत्र में कारोबार के नए रास्ते खुलेंगे। साथ ही हवाई यात्रा भी किफायती होगी। क्योंकि एयरलाइन कंपनियों की उड़ानों की कीमतों का नियंत्रण भी किया जा सकेगा। विधेयक को गुरुवार को राज्यसभा में ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। विधेयक को नौ अगस्त को लोकसभा में मंजूर कर दिया गया था। राज्यसभा में विधेयक पर बहस के दौरान नागरिक उड्डयन मंत्री के राम मोहन नायडू ने कहा कि कुछ सदस्यों को बिल का नाम अंग्रेजी से हिंदी किए जाने पर आपत्ति है। मगर इसका हिंदी नाम भारत के इतिहास और संस्कृति से प्रेरित है। साथ ही इसमें किसी भी तरह के सांवधानिक नियम का अतिक्रमण नहीं किया गया है। हो सकता है नाम का उच्चारण करने में शुरू में थोड़ी दिक्कत आएगी, लेकिन बाद में यह आदत में आ जाएगा। विधेयक में सुरक्षा, नियामक निरीक्षण और ग्राहकों के संरक्षण के साथ ही अंतरराष्ट्रीय मानकों से तालमेल बिठाने का प्रयास किया गया है। विधेयक विमान निर्माण में आत्मनिर्भरता को भी बढ़ावा देगा और निवेश को प्रोत्साहित करेगा। साथ ही नागरिक उड्डयन प्राधिकरणों के लिए मजबूत शासन संरचना बनेगी। नागरिक उड्डयन मंत्री ने कहा कि हवाई किराये को लेकर कुछ सदस्यों ने चिंता जताई है। मगर सरकार उड़ान योजना के जरिये हवाई यात्रा की पहुंच में सुधार करने और इसे किफायती बनाने पर काम कर रही है। उन्होंने स्थानीय हवाई अड्डों को विकसित करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि हम टैरिफ निगरानी को मजबूत बना रहे हैं ताकि एयरलाइन अपनी मर्जी से काम न कर सकें। हम उन पर नजर रख रहे हैं। नायडू ने कहा कि विधेयक के बाद 2010 में जारी नागरिक उड्डयन महानिदेशालय के सर्कुलर में एक खंड को हटा दिया जाएगा।

### टिकट की कीमतों में 2 से 42 प्रतिशत की कमी आई

नायडू ने कहा कि 1994 से ही हवाई किराये को वैश्विक स्तर पर और भारत में भी नियंत्रण मुक्त कर दिया गया है। मंत्रालय हवाई किराये की निगरानी करता है। एयरलाइनों का भी दायित्व है कि वे किसी विशेष मार्ग के लिए किराया तय करने से पहले मंत्रालय को सूचित करें। नागरिक उड्डयन मंत्रालय टिकट मूल्य निर्धारण की निगरानी करता है और अगस्त में हवाई किराये के मुद्दे पर एयरलाइनों के साथ एक बैठक हुई थी। नायडू ने कहा कि इस साल दिवाली से पहले दो दिनों के दौरान हवाई किराया पिछले साल की समान अवधि की तुलना में कम था। उन्होंने कहा कि प्रमुख क्षेत्रों में टिकट की कीमतों में 2 से 42 प्रतिशत की कमी आई।

## आयुष्मान योजना दिल्ली में लागू कराने के लिए बीजेपी ने शुरू किया सिग्नेचर कैंपेन

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली में आयुष्मान योजना लागू करने के लिए भाजपा ने अब तक अदालत का दरवाजा खटखटाया था, लेकिन अब वह सीधे जनता के द्वार पहुंचेगी और लोगों से पूछेगी कि क्या दिल्ली में आयुष्मान योजना लागू होनी चाहिए। इस योजना के अंतर्गत देश का कोई भी परिवार किसी भी अस्पताल में पांच लाख रुपये तक का इलाज मुफ्त प्राप्त कर सकता है। देश के 33 राज्य/केंद्र शासित प्रदेश अब तक यह योजना लागू कर चुके हैं, लेकिन दिल्ली और पश्चिम बंगाल ने अब तक यह योजना लागू नहीं की है। भाजपा ने ठीक विधानसभा चुनाव के पहले जनता की राय लेकर इसके माध्यम से दिल्ली सरकार पर दबाव बनाने की रणनीति अपनाई है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने गुरुवार को इस सिग्नेचर कैंपेन की औपचारिक शुरूआत की। पार्टी ने इसके लिए एक मोबाइल नंबर जारी कर इस पर मिस्ड कॉल कर लोगों से इस कैंपेन का समर्थन करने अपील की।

## पीएम मोदी अदाणी मुद्दे पर चर्चा करने से भाग रहे, संसद के बाहर प्रियंका गांधी ने किया प्रदर्शन

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के घेरा। उन्होंने कहा कि देश की जनता चाहती है कि संसद में अदाणी महाघोटाले पर चर्चा हो। कांग्रेस नेता ने पीएम मोदी और उनकी सरकार पर इन मुद्दों से भागने का आरोप लगाया। संसद परिसर में विपक्षी गठबंधन के नेताओं ने मोदी अदाणी एक है और अदाणी सुरक्षित है लिखे स्टिकर वाले काले जैकेट पहनकर अदाणी मुद्दे पर संयुक्त संसदीय जांच की मांग करते हुए नारे लगाए। प्रियंका गांधी ने इस प्रदर्शन का वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एकिस पर वीडियो पोस्ट करते हुए कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने कहा, ÷देश की जनता चाहती है कि अदाणी महाघोटाले पर संसद में चर्चा हो। इंडिया गठबंधन के सभी दल संसद में चर्चा की मांग कर रहे हैं लेकिन नरेंद्र मोदी जी और सरकार लगातार चर्चा से भाग रहे हैं। सारी मर्यादाओं को तार-तार करते हुए प्रधानमंत्री जी जिस तरह अडानी के भ्रष्टाचार का बचाव कर रहे हैं, वह बेहद हैरान करने वाला है। आज साथी सांसदों के साथ इस मुद्दे पर संसद परिसर में प्रदर्शन किया।÷ लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने अपनी सफेद टी-शर्ट पर स्टिकर लगाया। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री अदाणी समूह के अध्यक्ष गौतम अदाणी के खिलाफ जांच नहीं करा सकते, क्योंकि यह अपने खिलाफ जांच कराने जैसा है। कांग्रेस और अन्य विपक्षी पार्टियां संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) से जांच की मांग कर रहे हैं। राहुल गांधी ने अदाणी की तत्काल गिरफ्तारी की भी मांग की। हालांकि, अदाणी ने अपने ऊपर लगे सभी आरोपों को खारिज कर दिया।




## कृषि क्षेत्र की चुनौतियों से निपटने में मदद करें: राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को कृषि क्षेत्र के वैज्ञानिकों से ऐसी तकनीक विकसित करने और प्रसारित करने का आह्वान किया, जो कि प्राकृतिक आपदाओं, जलवायु परिवर्तन के भयानक प्रभावों और संसाधनों के अत्याधिक दोहन की समस्याओं से निपटने में मदद करे। राष्ट्रपति ने यह टिप्पणी ओडिशा कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के 40वें दीक्षांत समारोह में संबोधन के दौरान की। उन्होंने कृषि वैज्ञानिकों से अपील की कि वह आगे आकर मृदा, पानी और पर्यावरण को जलवायु परिवर्तन से बचाने के लिए नए विचार लाएं। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा, कृषि वैज्ञानिकों के पास ऐसे मुद्दों से निपटने की अहम जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, रासायनिक फर्टिलाइजर्स और कीटनाशकों ने इस क्षेत्र के लिए नई चुनौतियां खड़ी कर दी हैं। इनका मृदा, पानी और पर्यावरण पर पड़ने वाला प्रभाव हम सभी के लिए चिंता की बात है। युवा वैज्ञानिकों को इन समस्याओं का समाधान ढूंढना होगा। इस बीच राष्ट्रपति ने पिछले एक दशक में कृषि उत्पादन और इसके दूसरे देशों में निर्यात में सफलता को लेकर संतुष्टि जताई। उन्होंने कहा, यह हमारे कृषि वैज्ञानिकों के मार्गदर्शन और किसानों के कठिन परिश्रम की वजह से संभव हुआ है। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था कृषि क्षेत्र, मत्स्य उत्पादन और पशुधन के विकास से मजबूत होग सकती है।

## इसरो ने फिर रचा कीर्तिमान, यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के प्रोबा-3 मिशन को सफलतापूर्वक किया प्रक्षेपित

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। श्रीहरिकोटा**

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से पीएसएलवी-सी59 रॉकेट लॉन्च किया। यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के प्रोबा-3 मिशन को लेकर इसने शाम 4.04 बजे उड़ान भरी। इसरो इस मिशन को बुधवार की शाम 4 बजकर 8 मिनट पर लॉन्च करने वाला था, लेकिन प्रोपल्शन सिस्टम में आई खराबी के कारण इसकी लॉन्चिंग को एक दिन के लिए टाल दिया गया था। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए स्पेस एजेंसी ने कहा, पीएसएलवी- सी59 सफलतापूर्वक आसमान में उड़ गया। यह यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के अभूतपूर्व प्रोबा-3 उपग्रहों को तैनात करने के लिए इसरो की तकनीकी विशेषज्ञता के साथ एमएसआईएल के नेतृत्व में एक वैश्विक मिशन की शुरुआत का प्रतीक है। यह अंतरराष्ट्रीय सहयोग और भारत की अंतरिक्ष उपलब्धियों के तालमेल का जश्न मनाने वाला पल है।

### 1,778 करोड़ का आया है खर्च

प्रोबा-3, यूरोपीय स्पेस एजेंसी (ईएसओ) के प्रोबा सीरीज का तीसरा सोलर मिशन है। खास बात ये है कि प्रोबा सीरीज के पहले मिशन को भी इसरो ने ही 2001 में लॉन्च किया था। प्रोबा-3 मिशन के लिए स्पेन, बेल्जियम, पोलैंड, इटली और स्विट्जरलैंड की टीमों ने काम किया है। इस पर करीब 20 करोड़ यूरो (करीब 1,778 करोड़ रुपये) का खर्च आया है।



### क्या है प्रोबा-3 मिशन?

प्रोबा-3 (प्रोजेक्ट फॉर ऑनबोर्ड आटोनॉमी) यान में एक डबल-सैटेलाइट शामिल है, जिसमें दो अंतरिक्ष यान सूर्य के बाहरी वायुमंडल के अध्ययन के लिए एक यान की तरह उड़ान भरेंगे। इसरो ने कहा कि प्रोबास एक लातिन शब्द है, जिसका अर्थ है चलो प्रयास करें। इसरो ने कहा कि मिशन का उद्देश्य सटीक संरचना उड़ान का प्रदर्शन करना है और दो अंतरिक्ष यान - कोरोनाग्राफ और ऑकुल्टर को एकसाथ प्रक्षेपित किया जाएगा।

### सूर्य के कोरोना का अध्ययन करेगा प्रोबा-3

प्रोबा-3 मिशन के जरिए वैज्ञानिक सूर्य के अंदरूनी और बाहरी कोरोना के बीच बने काले घेरे का अध्ययन करेंगे। सूर्य के कोरोना का तापमान 20 लाख डिग्री फेरनहाइट तक जाता है। किसी उपकरण की मदद से इसका अध्ययन करना मुमकिन नहीं होता है। प्रोबा-3 के दो सैटेलाइट कोरोनाग्राफ (310 किग्रा) और ऑकल्टर (240 किग्रा) मिलकर सूर्यग्रहण की नकल बनाएंगे। इससे सूर्य से निकलने वाली तीव्र रोशनी को रोका जा सकेगा और ऐसा करने से सूर्य के कोरोना का अध्ययन करना भी आसान हो जाएगा। वैज्ञानिक पता लगाएंगे कि आखिर सूर्य के कोरोना का तापमान उसकी सतह से इतना अधिक क्यों होता है।

## असम में 7 दिसंबर को मंत्रिमंडल विस्तार

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। गुवाहाटी**

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने एलान किया है कि 7 दिसंबर को राज्य में मंत्रिमंडल विस्तार होगा। उन्होंने बताया कि दोपहर 12 बजे नए मंत्रियों का शपथग्रहण होगा। सरमा ने नए मंत्रियों के नाम का भी एलान किया। इनमें विधायक प्रशांत फूकन, कौशिक राय, कृष्णेन्दु राय और रूपेश गोआवा का नाम शामिल है। सीएम ने इन सभी विधायकों को शुभकामनाएं भी दीं। इस विस्तार से कैबिनेट में मंत्रियों की संख्या बढ़कर 20 हो जाएगी।

### भाजपा अध्यक्ष से दो दिन पहले मिले थे असम सीएम

सरमा ने मंगलवार को ही केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत केंद्रीय मंत्रियों के साथ कई बैठकें कीं और उनके साथ राज्य से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। माना जा रहा था कि उन्होंने नड्डा के साथ कैबिनेट विस्तार पर बात की। साथ ही उन्होंने नड्डा को प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, आयुष्मान आरोग्य मंदिर और अन्य केंद्रीय स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं के क्रियान्वयन में राज्य द्वारा की गई महत्वपूर्ण प्रगति के बारे में भी जानकारी दी।

### असम में उपचुनाव में जीत से बुलंद हैं सरमा के हौसले

पिछले महीने ही भाजपा और उसके सहयोगियों ने असम में सभी पांच विधानसभा में हुए उपचुनाव में शानदार जीत दर्ज की थी। समागुरी में ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुए, भाजपा ने कांग्रेस के गढ़ में सेंधमारी की। जीत से पार्टी के नेतृत्व में खुशी की लहर दौड़ गई।

# आवास विकास परिषद में स्टिल्ट पार्किंग को लेकर अधिकारियों की उदासीनता

- प्रमुख सचिव के आदेश के बाद भी स्टिल्ट पार्किंग स्वीकृत करने में हिला हवाली
- स्टिल्ट पार्किंग नक्शा स्वीकृत कराना बना आय स्रोत

**जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद**




ट्रांस हिंडन समेत गाजियाबाद में आवास विकास परिषद सहित गाजियाबाद विकास प्राधिकरण क्षेत्र में पार्किंग अब भारी समस्या बनने लगी है । गाजियाबाद में आवास विकास परिषद के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में पार्किंग की समस्या लंबे समय से गंभीर बनी हुई है। यहां कई आवासीय क्षेत्रों में पार्किंग की सुविधा नहीं होने के कारण स्थानीय निवासियों को आए दिन मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। वर्तमान में आवास विकास परिषद के द्वारा पार्किंग निर्माण की स्वीकृति आम रूप से नहीं मिलने से स्थिति और भी विकट हो गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अधीन आवास एवं शहरी नियोजन विभाग के पूर्व प्रमुख सचिव रहे नितिन रमेश गोकर्ण द्वारा 30 नवम्बर 2023 के अपने सरकारी आदेश क्रम संख्या 16 में स्टिल्ट पार्किंग के प्रावधानों को लेकर आदेश दिया था । जिससे निर्माणकर्ताओं में और आम जनता में खुशी की लहर दौड़ गई थी । लेकिन मानचित्र स्वीकृत करने में भी बड़े बड़े खेल शुरू हो गए हैं। स्टिल्ट पार्किंग नक्शे में स्वीकृत कराने को लेकर नियमावली होने के बाद भी उसके लागू करने की प्रक्रिया को अधिकारी ही जटिल करने लगे हैं। स्टिल्ट पार्किंग पास कराने का खेल संगठित रूप से खेला जा रहा है जिसमें बड़ी भूमिका तथाकथित आर्किटेक्ट की होती है। आवास विकास परिषद वसुंधरा सहित अन्य क्षेत्र में आवासीय योजना के तहत फ्लैट और अन्य प्रकार के आवासीय भवन बनाए गए हैं, लेकिन इन भवनों के निर्माण के समय पार्किंग की सुविधा पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया। इसके साथ कुछ सोसायटी में जानबूझकर पार्किंग के मामले को निस्तारित नहीं किया आज रहा है। जिसमें वसुंधरा की सेक्टर 15 स्थित शिखर एनक्लेव सोसायटी के निवासियों का मामला सुर्खियों में है । पार्किंग के अभाव के परिणामस्वरूप अब कई निवासी अपनी गाड़ियों को सड़कों पर खड़ा करने के लिए मजबूर हैं। जो समस्याओं और अशांति का कारण बन रहे हैं । सड़कों पर गाड़ियों की संख्या अधिक होने के कारण यातायात में रुकावटें को उत्पन्न होती हैं और दुर्घटनाओं की संभावना भी बढ़ जाती है।

### गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की तरह हो पार्किंग व्यवस्था

वसुंधरा में रियल स्टेट के कारोबारी जैन प्रॉपर्टीज के वीरेश की माने तो स्टिल्ट पार्किंग सभी के लिए खुल जाने से आम नागरिकों को काफी राहत मिलेगी। जो आज के समय में नितांत आवश्यक है। वीरेश की माने तो आवास एवं शहरी नियोजन विभाग के अंतर्गत आवास विकास परिषद और समस्त विकास प्राधिकरण क्षेत्र आता है। जिसके लिए समान नियमकानून लागू होते हैं। लेकिन वसुंधरा को शासन की नीतियों का पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा है। जिससे जनता के हित प्रभावित हो रहे हैं। स्टिल्ट पार्किंग सभी के लिए सामान्य रूप से स्वीकृत हो ऐसे शासन के आदेश के बाद भी विभागीय उदासीनता चिंताजनक है। जिसका निराकरण आवश्यक है।

### फाइलों में दबी हैं योजना और नागरिक हो रहे परेशान

नागरिकों और आम जनमानस की कार पार्किंग समस्याओं को हल करने के लिए योजनाएं प्रशासन द्वारा तैयार किया जाता हैं, लेकिन इन योजनाओं पर सरकारी आदेश और स्वीकृति के अभाव में काम नहीं हो पाता। पार्किंग सुविधाओं को विकसित करने के लिए योजनाएं बनने के बावजूद सरकारी आदेशों के बीच अटकी रहती हैं। जिससे निवासियों की समस्याएं जस की तस बनी रहती हैं।सरकार द्वारा आवासीय क्षेत्रों में पार्किंग समस्याओं को लेकर कई दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। जिनमें उचित पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करना और योजनाओं के क्रियान्वयन की सिफारिश शामिल है। आवास विकास परिषद लखनऊ प्रशासन समेत मानचित्र विभाग को भविष्य को देखते हुए स्टिल्ट पार्किंग सुविधा छोटे प्लाटों में भी लागू किया जाना चाहिए। जिससे नागरिकों को राहत मिल सके। ट्रांस हिंडन परिक्षेत्र के वसुंधरा के निवासी और निर्माणकर्ता लंबे समय से पार्किंग समस्याओं को हल करने की मांग कर रहे हैं। उनकी मुख्य मांग है कि आवास विकास परिषद इस क्षेत्र में नई पार्किंग निर्माण योजनाओं को मंजूरी दे और उन्हें जल्द से जल्द लागू करे। बड़े प्लाटों पर स्टिल्ट पार्किंग को लेकर मानचित्र स्वीकृत कराना टेढ़ी खीर हो गया है। जिसमें तथाकथित आर्किटेक्ट और संबंधित खंड के तथाकथित अधिकारी की संलिप्तता विभाग और क्षेत्र में चर्चा का विषय है। राजनीतिक रसूख और लक्ष्मी रथ को हांकने में माहिर आर्किटेक्ट अपने रथ में बैठ ऐसा सॉफ्टवेयर घुमाते है कि उनक सफ़र मुख्यालय तक पहुंचते पहुंचते स्वीकृति में बदल देता है। उनके इस सिद्ध हस्त कला और कृपा प्रसाद के मुरीद बिल्डर ही नहीं विभाग के आला अफसर भी हैं। एक तरफ आवास और शहरी नियोजन विभाग के आला अफसर स्टिल्ट पार्किंग को लेकर योजनाएं बना रहे हैं तो दूसरी तरफ तथाकथित कुछ अधिकारी निजी स्वार्थ की नीति को आगे करके जनहित विकास और सहूलियत वाले योजनाओं के आगे रूकावट पैदा करने का प्रयास कर रहे हैं। ज्ञात हो कि वसुंधरा क्षेत्र के एक ही आर्किटेक्ट के नाम से बड़े बड़े प्लाटों पर कई स्टिल्ट पार्किंग लखनऊ कार्यालय के स्वीकृति पर जारी किए गए थे। जिसमें मोटी रकम की बात खूब चर्चा का विषय बनी थी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (राज्य ब्यूरो प्रमुखः संतोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)